CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 08°C

नई दिल्ली, गुरुवार 12 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 312 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# योगी सरकार ने खोला वादों का पिटारा

## उप्र बजट 2026

## वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट किया पेश

**निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास व कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस, 10 लाख नौकरी संभावित**

**लड़कियों की शादी के लिए मिलेंगे अब एक लाख रुपये, युवाओं को साधने की कोशिश, महिलाओं के लिए अलग प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे**

**कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाएगी उप्र सरकार, युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दसवां बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। विधानसभा चुनाव से पहले यह दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट है।

वित्त मंत्री ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इसमें निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी में 10 लाख युवाओं को रोजगार संभावित हैं। लड़कियों की शादी के लिए सरकार एक लाख रुपये देगी। यूपी का इस बार का बजट का आकार नौ लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये का है। पिछले बजट की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। पीपीपी मोड में कौशल संवर्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे। इस व्यवस्था से कार्यबल में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए महिलाओं के लिए अलग केंद्रों की स्थापना की जाएगी। पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं के कौशल संवर्धन की व्यवस्था की जानी होगी। हमारे कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस अभियान में निजी क्षेत्र की सहभागिता भी सुनिश्चित की जानी होगी। ऐसे व्यक्ति जिनके पास किसी भी व्यवसाय में हस्तकौशल या निपुणता प्राप्त है, कभी भी बेरोजगार नहीं रह सकते। इसलिए युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण और कौशल संवर्धन को प्राथमिकता के आधार पर मिशन मोड में संचालित किया जाना आवश्यक है। एक तरफ जहां अर्थव्यवस्था में पूंजी निवेश और अवस्थापना विकास का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं प्रदेश की युवा जनशक्ति को रोजगार के अवसर प्रदान करने, उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रदेश में डिजिटल -**शेष पृष्ठ दो पर**



## नौ वर्ष के नवनिर्माण की गाथा को दर्शाता है बजटः योगी

**कहाः रूल ऑफ लॉ रियल ग्रोथ की गारंटी**

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में सुरक्षा का वातावरण नहीं था। पर्यटन की कोई ठीक व्यवस्था नहीं थी। आज करोड़ों लोग आकर यूपी में धार्मिक स्थलों पर दर्शन करते हैं। 50 हजार नए होम स्टे की दिशा में काम करेंगे।

चिकित्सा के क्षेत्र में यूपी ने काफी ग्रोथ की है। पीएम आयुष्मान योजना से पांच करोड़ से ज्यादा गोल्डन कार्ड यूपी के लोगों को दिए गए। दिव्यांग छात्राओं को लिए ई-ट्राईसाइकिल की व्यवस्था की गई है। आज यूपी देश के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ रहा है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए ईक्यूब के रूप में महिला सुरक्षा बल 13 फीसदी से बढ़कर 36 फीसदी हुआ है। महिलाओं के लिए क्रेडिट कार्ड योजना चलाई जाएगी। ताकि उन्हें वह छोटे-छोटे काम के लिए किसी से ऋण न लेना पड़े और उन्हें ब्याजमुक्त ऋण मिल सके। इसके लिए बजट की व्यवस्था की गई है। युवाओं को ध्यान में रखते हुए सभी 18 कमिश्नरी में स्पोर्ट कॉलेज बनाए जाएंगे। इसके लिए बजट में धनराशि की व्यवस्था है।

## पहली बार किसी सीएम को 10वां बजट पेश करने का मौका मिला, हर वर्ग का ध्यान रखाः सीएम

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि 9 साल में उत्तर प्रदेश पर राय बदली है। बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया। 9 साल में एक भी टैक्स नहीं लगा। नौ वर्ष में तीन गुना से अधिक उत्तर प्रदेश का बजट बढ़ा है। बजट की थीम सुरक्षित नारी, सक्षम युवा और खुशहाल किसान। दो लाख करोड़ की धनराशि कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए है। सीएम योगी ने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि कोई एक सरकार का 10वीं बार बजट प्रस्तुत हो रहा है। नौ वर्ष में कोई भी टैक्स नहीं लगाया गया है। सिटी इकनोमिक जोन यह क्लस्टर डेवलेप करने की नई कार्यवाही के लिए बजट में प्रावधान किया गए हैं। रूल ऑफ लॉ रियल ग्रोथ की गारंटी है।

## हर जिले में होगा मॉडल स्कूल

**लखनऊ।** बजट में बेसिक शिक्षा के लिए 77,622 करोड़ रुपये की अभूतपूर्व व्यवस्था प्रस्तुत की गई है। यह राशि परिषदीय विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इन प्रावधानों से प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को नई गति मिलेगी। सबसे अहम प्रावधान कक्षा 1 से 8 तक परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं के लिए है। नि:शुल्क यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूता-मोजा और स्टेशनरी उपलब्ध कराने की योजना के लिए 650 करोड़ रुपये प्रस्तुत किए गए हैं। उद्देश्य है कि संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। इसके साथ ही सरकार प्रत्येक जिले में दो-दो मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रही है। प्रदेश के 75 जिलों में कुल 150 ऐसे विद्यालय प्रस्तावित हैं, जिन्हें आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल कक्षाओं और उन्नत शैक्षणिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। प्रत्येक जनपद में एक मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय विकसित करने की भी योजना है, ताकि ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों को समान गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके।

## बजट सत्र के दूसरे चरण में होगी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश किया, जिसके बाद अब स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नोटिस में खामियां सामने आई है, जिसके संशोधन के निर्देश दिए गए हैं। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। लोकसभा सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष ओम बिरला ने सचिवालय को विपक्ष द्वारा प्रस्तुत दोषपूर्ण नोटिस को खारिज होने से बचाने के लिए उसमें संशोधन करने का निर्देश दिया।

## भारत-यूएस ट्रेड डील में भारत को मिली और राहत

**अमेरिका ने फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए**

**दाल व 500 अरब डॉलर की खरीद भी जरूरी नहीं**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाशिंगटन/ नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए हैं। पहले जिन बातों का साफ जिक्र था, अब उन्हें या तो हटा दिया गया है या उनकी भाषा बदली गई है।

पिछले हफ्ते दोनों देशों ने ट्रेड डील का ऐलान किया था। इसके बाद व्हाइट हाउस ने एक फैक्ट शीट जारी कर आगे की रूपरेखा बताई थी, लेकिन अब उसी दस्तावेज का नया वर्जन जारी हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा, जिसमें दाल भी शामिल थी। अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा लिया गया है। 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदली गई है। पहले लिखा था कि भारत, अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए कमिटेड है। अब इसे बदलकर इरादा रखता है कर दिया गया है। नए दस्तावेज में सिर्फ एनर्जी, सूचना और संचार तकनीक, कोयला और कुछ अन्य सामान की बात कही गई है। डिजिटल सर्विस टैरिफ पर भी अमेरिका ने नरमी दिखाई है। पहले कहा गया था कि भारत यह टैरिफ हटाएगा।

## देहरादून में शूटआउट, स्कूटी सवार बदमाशों ने कारोबारी को भूना

**दिनदहाड़े देहरादून शहर के बीचो-बीच हुई हत्या के बाद पुलिस के सुरक्षा दावों की खुली पोल**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** देवभूमि की शांत वादियों में एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट ने राजधानी को दहला दिया है।

डालनवाला जैसे पॉश इलाके में स्थित तिब्बती मार्केट के पास दिनदहाड़े बुधवार सुबह स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने गैस एजेंसी स्वामी अर्जुन शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। शहर के बीचों-बीच हुई इस वारदात ने न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती दी है, बल्कि पुलिस के सघन चेकिंग के दावों की भी हवा निकाल दी है। इंदिरा नगर निवासी अर्जुन शर्मा अमरदीप गैस एजेंसी, जीएमएस रोड का मालिक है और अपने कारोबार के चलते बुधवार को सवेरे वह जब तिब्बती मार्केट के समीप थे, तभी घात लगाए बैठे दो स्कूटी सवार -**शेष पृष्ठ दो पर**

## जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

**नए दिशानिर्देश जारी, सभी छह पैरा गाना जरूरी, स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई, सिनेमाघरों को छूट**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा।

इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा। आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है।

## हम किससे तेल खरीदेंगे, यह फैसला अमेरिका करता हैः राहुल

**कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का किया जिक्र**




शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में लंबे गतिरोध के बाद बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि जिजित्सु में ग्रिप दिखती है, राजनीति में नहीं दिखती। चोक कहां हो रहा है, जोर कहां पड़ रहा है, राजनीति में नहीं दिखता। इसके बाद उन्होंने बजट, अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने आम बजट और वित्त मंत्रालय की तरफ से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि मैं आर्थिक सर्वे को देख रहा था। दो बिंदु मुझे दिखे। पहला बिंदु- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है। उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं। दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था। लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है। यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं। राहुल ने कई और वैश्विक मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था। तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं।

मनी म्यूल यानी वह व्यक्ति जो अवैध रूप से प्राप्त पैसों को किसी अन्य व्यक्ति को और से कहीं ट्रांसफर करता है या भेजता है।



मनी म्यूल न बनें!

आपका बैंक खाता = आपकी पूंजी

- पैसे ट्रांसफर करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपना बैंक खाता इस्तेमाल न करने दें।
- अगर कोई अन्य व्यक्ति आपके बैंक खाते के जरिए पैसा प्राप्त करता है या भेजता है तो आपको जेल हो सकती है।
- अपने बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी को न बताएं।

आपके खाते की सुरक्षा, आपकी सुरक्षा।

अवैध कमाई के जाल में न फंसें।

https://rbikehtahai.rbi.org.in
आधिकारिक व्हाट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935

जानकार बनिए, सतर्क रहिए!

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीओ को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में आज एंटी करप्शन प्रयागराज की टीम ने बिजली विभाग के एसडीओ को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा एंटी करप्शन ने दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एसडीओ संजीव कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। खुल्दाबाद के रहने वाले शिकायतकर्ता जितेन्द्र कुमार ने नौ फरवरी को एंटी करप्शन से की शिकायत थी। शिकायत में कहा गया था कि अराजपत्रित लोकस. वक विद्युत उपखण्ड अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा शिकायतकर्ता से विद्युत कनेक्शन के मीटर को सही कराने और मुकदमे से बचाने और बढ़े हुए जुर्माने से बचाने के एवज में दस हजार रिश्वत मांग रहे है शिकायत पर प्रयागराज की एंटी करप्शन यूनिट ने आज इंस्पेक्टर अंजली यादव के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम के साथ खुसरोबाग स्थित कार्यालय उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में शिकायतकर्ता के साथ पहुंचकर एसडीओ को ट्रैप किया।

### इलेक्ट्रिकल वाहनों की खुदरा बिक्री में तेज वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री में जनवरी में सभी श्रेणियों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। वाहन डिलरों के महासंघ (फाडा) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री साल-दर-साल 54.75 प्रतिशत बढ़कर 18,470 पर पहुंच गई। इस श्रेणी में 8,007 इकाइयों के साथ टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स शीर्ष पर रही। उसकी बिक्री 50.71 प्रतिशत बढ़ी। दूसरे स्थान पर 4,703 वाहनों के साथ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया और तीसरे स्थान पर 3,668 इकाई के साथ महिंद्रा एंड महिंद्रा रही।

### बजट में तकनीक, रोजगार और नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता

# टेक युवा- समर्थ युवा योजना लागू होगी: खन्ना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट भाषण में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वर्तमान युग में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी का व्यापक उपयोग आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से उप्र में 'टेक्नोलॉजी मिशन' की स्थापना की जाएगी।

प्रदेश में स्टेट डाटा अथॉरिटी तथा डाटा सेंटर क्लस्टर्स स्थापित किए जाएंगे। साथ ही एआई मिशन की स्थापना और 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सामा. जिक क्षेत्र में सभी वर्गों के लिए योजनाओं के साथ-साथ त्वरित और भविष्योन्मुखी विकास के लिए आधुनिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का



■ पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, कौशल संवर्धन व जॉब प्लेसमेंट केन्द्र स्थापित किए जाएंगे

इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश की प्रगति में नारी शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है और युवाओं की ऊर्जा व मेधा विकास की आधारशिला है।

महिला सशक्तीकरण के तहत मुख्यमंत्री मातृ सुरक्षा संकल्प योजना को और सघनता से संचालित किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों एवं महिला उद्यमियों के उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए 'मुख्यमंत्री महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना' पर कार्य किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में डीजल आधारित नलकूपों को सौर ऊर्जा आधारित बनाने, कृषि वितरण एवं निर्यात को बढ़ावा देने तथा त्वरित आर्थिक विकास के लिए 'सिटी इकोनॉमिक रीजन योजना' लागू करने की घोषणा की गई। रोजगार पर विशेष जोर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी और नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पीपीपी मॉडल पर कौशल संवर्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे, जिनमें महिलाओं के लिए पृथक केंद्र भी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। प्रदेश की कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी आई है। पुलिस विभाग में 2 लाख से अधिक भर्तियां की गई हैं। 'अभ्युदय' केंद्रों में छात्रों को मुफ्त कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। वित्त मंत्री ने दावा किया कि उप्र स्टार्टअप रैंकिंग में नंबर-1 बना है।

### बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर व प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल: राज्यपाल

**लखनऊ।** उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानसभा में प्रस्तुत राज्य सरकार के बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे समावेशी, जनोन्मुखी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवा सशक्तिकरण, कानून-व्यवस्था की मजबूती और चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। राज्यपाल ने कहा कि कौशल विकास, रोजगार सृजन और डिजिटल सशक्तिकरण पर दिया गया विशेष जोर युवाओं के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है।

## परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा बजट: दयाशंकर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में परिवहन विभाग को मिली प्राथमिकता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह प्रावधान उप्र की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि बसों के बेड़े को मजबूत करने के लिए 400 करोड़ रुपये की लागत से ई-बसों की खरीद की जाएगी। इससे एक ओर जहां यात्रियों को आरामदायक और प्रदूषण-मुक्त यात्रा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधुनिक बस अड्डों के निर्माण और उन्नयन के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन बस अड्डों पर डिजिटल सूचना प्रणाली, बेहतर प्रतीक्षालय और स्वच्छता सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा सड़क सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा विजन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिससे दुर्घटना रोकथाम, जागरूकता अभियान और आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ़ किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही बस अड्डों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना हेतु 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि यह कदम हरित परिवहन नीति को मजबूती देगा और प्रदेश को सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाएगा। दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृत परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से लागू किया जाए।

## कौशल विकास को नई रफ्तार देगा बजट: कपिलदेव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित उप्र 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार रोजगारपरक शिक्षा और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण पर विशेष जोर दे रही है।

मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 88 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए लगभग 3,349 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे आईटीआई और कौशल प्रशिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और प्रशिक्षकों की क्षमता बढ़ाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित 286 राजकीय आईटीआई में करीब 1-90 लाख सीटें उपलब्ध हैं।

महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 47 आईटीआई में विशेष महिला शाखाएं और 12 स्वतंत्र महिला आईटीआई संचा. लित किए जा रहे हैं। साथ ही 2,963 से अधिक निजी आईटीआई में 4.58 लाख से अधिक प्रशिक्षण सीटें उपलब्ध हैं।

## भाजपा की विदाई का बजट: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बीजेपी वालों ने जब भी मुंह खोला, बुरा ही बोला

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में पेश किए गए योगी सरकार के 10वें बजट को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जोरदार हमला बोला है। उन्होंने इसे 'विदाई बजट' करार दिया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बजट का आकार भले ही 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिखाया जा रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत में यह जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता।

सपा के राज मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि जब मुंह खोला तब बुरा बोला। यह विदाई बजट है और अब भाजपा की विदाई तय है। हर वर्ष बजट का आकार स्वाभाविक रूप से बढ़ता है, इसलिए केवल राशि बढ़ाना उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली सवाल यह है कि पिछले बजटों का पूरा और प्रभावी उपयोग क्यों नहीं हो सका। उनका आरोप था कि सरकार 50 प्रतिशत से अधिक धनराशि भी प्रभावी ढंग से खर्च नहीं कर पाई, जो प्रशासनिक अक्षमता को दर्शाता है। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि उप्र को तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तो राज्य की सकल घरेलू उत्पाद लगभग 90 लाख करोड़ रुपये के आसपास होनी चाहिए। मौजूदा दावों और वास्तविक आंकड़ों के बीच बड़ा अंतर है, जिससे सरकार की तैयारी और नीयत पर सवाल खड़े होते हैं। एमएसएमई क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 92 लाख इकाइयां हैं, जिनमें से 82 लाख अब तक पंजीकृत नहीं हैं। उन्होंने पूछा कि एक दशक में इतनी बड़ी संख्या में इकाइयों का पंजीकरण क्यों नहीं हो पाया। उनका कहना था कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों और नीतिगत बदलावों का सीधा असर एमएसएमई और किसानों पर पड़ेगा, लेकिन बजट में इनके लिए ठोस रणनीति नजर नहीं आती। अखिलेश यादव ने युवाओं के रोजगार, निवेश के दावों, स्वास्थ्य सेवाओं और कानून-व्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि कृषि विभाग में लगभग 57 प्रतिशत, स्वास्थ्य में 58 प्रतिशत और बेसिक शिक्षा में करीब 62 प्रतिशत बजट ही खर्च किया गया। जब पिछली योजनाओं की आवंटित धनराशि का पूरा उपयोग नहीं हो सका, तो नए और बड़े बजट की घोषणाओं से आम जनता को वास्तविक लाभ कैसे मिलेगा।

## भाजपा ने राहुल गांधी के आचरण पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को संसद में नेता विपक्ष राहुल गांधी के बयान पर निशाना साधा और उनके आचरण पर सवाल उठाते हुए संसदीय मर्यादा को तार-तार करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संसद लोकतत्र में उच्चतम मानकों और मर्यादाओं का प्रतीक मानी जाती है, लेकिन हालिया घटनाओं ने संसदीय परंपराओं को आघात पहुंचाया है। त्रिवेदी ने कहा कि गांधी ने अपने व्यवहार, भाषा और शैली से राजनीति तथा संसदीय गरिमा को निम्न स्तर तक ले जाने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी ने अपनी 'कुंठाग्रस्त शैली' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बार-बार अनर्गल और झूठे आरोप लगाए हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि संसद में भाषा की एक मर्यादा होती है और जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे उसी के अनुरूप आचरण करें। उनके अनुसार विपक्षी दलों का व्यवहार ऐसा रहा है मानो उन्होंने संसद की गरिमा का ध्यान नहीं रखा हो।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 84233.64
निफ्टी 25953.85



सोना रु. 156000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 258000
प्रति किलो

## शुरुआती बढ़त के बाद शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव देखा गया। आईटी कंपनियों में बिकवाली के दबाव में बीएसई का सेंसेक्स शुरुआती तेजी के बाद 40.28 अंक (0.05 प्रतिशत) गिरकर 84,233.64 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 18.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की बढ़त में 25,953.85 अंक पर पहुंच गया, जो 7 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। कुल मिलाकर बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.15 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी सेक्टर पर जबरदस्त दबाव देखा गया। निजी बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक भी लाल निशान में बंद हुआ। ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस का शेयर ढाई प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इटरनल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूट गए। आईटीसी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन के शेयर भी लाल निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर साढ़े तीन प्रतिशत के करीब चढ़ा। मारुति सुजुकी और इंडिगो में एक से दो प्रतिशत तक की तेजी रही। ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी बढ़त में बंद हुए।

## चांदी और सोना दोनों धातुओं की कीमत और गिरी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में लगातार दो दिन की बढ़त के बाद आज 11 फरवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी की कीमत एक हजार रुपए गिरकर 2.58 लाख रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले मंगलवार को इसकी कीमत 2.59 लाख रुपए किलो थी। आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 142 रुपए घटकर 1.56 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले 10 फरवरी को इसके दाम 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थे। सोना भी अपने ऑल टाइम से 20 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। इसकी कीमत भी 29 जनवरी को 1.76 लाख रुपए के अपने सबसे ऊपरी स्तर पर थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।



## गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों एवं दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुद्धवार को चावल के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चावल के साथ चीनी में भी टिकाव देखा गया। गेहूं के दाम बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार.चढ़ाव रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं की कीमत 16 रुपये बढ़कर 2,865 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा भी आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 22 रुपये और उड़द दाल 17 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत भी पांच रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मसूर दाल में कमोबेश टिकाव रहा। विद. ेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 35 रिंगिट टूटकर 4,060 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.42 प्रतिशत फिसलकर 57.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 74 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 55 रुपये और पाम ऑयल 30 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 23 रुपये बढ़ी। वहीं वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी में लगभग टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7783.83 रुपये, मसूर काली 8123.17 रुपये, मूंग दाल 10130.22 रुपये, उड़द दाल 10615.20 रुपये, तुअर दाल 11063.14 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### ओमान ने भारतीय निवेशकों को नए एल्युमिनियम जोन में निवेश का दिया न्योता

**नई दिल्ली।** ओमान अपने प्लास्टिक क्लस्टर की सफलता को दोहराने की कोशिश के तहत भारतीय निवेशकों को नई योजना वाले एल्युमीनियम प्रोसेसिग जोन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित कर रहा है। इससे यह पहल तेजी से बढ़ रही भारत-ओमान आर्थिक साझेदारी के तहत आएगी। लादायन कार्यक्रम के प्रमुख मुंधर अल-रवाहि ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि ओमान एल्युमिनियम क्षेत्र के इर्द-गिर्द 'एक संपूर्ण इकोसिस्टम' विकसित करना चाहता है। उनका कहना है कि यह नया औद्योगिक क्लस्टर कच्चे माल के निर्यात के बजाय मूल्य वर्धित प्रसंस्करण और विनिर्माण पर केंद्रित होगा।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी सरकार...**

इन्टरप्रन्योरशिप योजना पर कार्य किया जाएगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अगले चरण के रूप में जनविश्वास सिद्धांत के आधार पर उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इसमें रजिस्ट्रेशन, लाइसेंसिंग आदि कार्यवाहियों को और अधिक सहज एवं सुगम बनाया जाएगा। विश्व बैंक सहायतित यूपी एग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना कराई जाएगी। एसडीजी इंडिया इंडेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गई है। राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2024 में चौथे ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट का सफलतम आयोजन किया गया। अब तक लगभग 50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं जिनसे लगभग 10 लाख रोजगार का सृजन सम्भावित है। इनमें से, अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के 4 ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है। भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाईयां प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

**देहरादून में...**

हमलावरों ने उन पर फायर झोंक दिया। तिब्बती मार्केट के पास हुई इस घटना की सूचना जैसे ही पुलिस विभाग को मिली, तो विभाग में भी हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस के आला अधिकारी सहित डालनवाला कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क पर पड़े लहूलुहान हालत में उन्हें तत्काल दून अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटना के बाद राजधानी के सभी इलाकों में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। एसएसपी अजय सिंह का कहना है कि इस हत्याकांड का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा। वही इस हत्याकांड को परिवार की रंजिश के चलते होना बताया जा रहा है।

### राज्यसभा में पश्चिमी उप्र में एम्स बनाने की मांग उठी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी उप्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए मेरठ में एम्स की स्थापना की मांग बुधवार को राज्यसभा में उठी। भारतीय जनता पार्टी के लक्ष्मीकांत वाजपेई ने शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि उप्र के 21 प्रतिशत मरीज दिल्ली एम्स में उपचार के लिए आ रहे हैं और इनकी संख्या में 17.6 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरठ के सरकारी अस्पताल में एम्स के लिए 52 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जहां एम्स की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि एम्स की स्थापना संभव न हो, तो मेरठ में पीजीआई संस्थान या एम्स का सेटेलाइट सेंटर बनाया जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान ने उप्र सहित देश भर में आवारा कुत्तों तथा बंदरों के लोगों पर बढ़ते हमलों का मुद्दा उठाते हुए बंदरों को वन्यजीव प्राणियों में शामिल किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बंदरों को वन्यजीव प्राणी घोषित किए जाने से वन्यजीव विभाग को उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि उप्र में एक वर्ष में बंदरों और कुत्तों के लोगों पर हमले के 30 हजार मामले सामने आए हैं और यह समस्या एक महामारी के रूप में सामने आ रही है। जनता दल यू के संजय झा ने बिहार के दरभंगा हवाई अड्डे की क्षमता बढ़ाकर उसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने की मांग की।

## मजदूर व किसान संगठनों का भारत बंद आज

### लेबर कोड व अमेरिका के साथ ट्रेड डील के खिलाफ बंद का आह्वान किया

नई दिल्ली, वार्ता

■ बैंक खुले रहेंगे, लेकिन काम हो सकता है प्रभावित

देश के कई मजदूर और किसान संगठनों ने कल (आज)गुरुवार को भारत बंद का आह्वान किया है। इससे कई राज्यों में सरकारी बैंकों, दफ्तरों, परिवहन सेवाओं और बाजारों पर असर पड़ने की आशंका है। कुछ इलाकों में स्कूल और कॉलेज भी बंद रह सकते हैं। मजदूर संगठन नए लेबर कोड्स का विरोध कर रहे हैं, जबकि किसान संगठनों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ बंद का आह्वान किया है। 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के ज्वाइंट फोरम ने इस बंद का आह्वान किया है। इसमें इनटक, एआईटीयूसी, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी, एसईडब्ल्यूए, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ और यूटीयूसी शामिल हैं।

मजदूर संगठन पिछले साल लागू हुए चार लेबर कोड्स का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे वर्कर्स के राइट्स कमजोर हुए हैं, जॉब सिक्योरिटी भी आई है और कंपनियों के लिए वर्कर्स को नौकरी से निकालना आसान हो गया है। साथ ही उन्होंने प्राइवेटाइजेशन, वेज इश्यू और सोशल सिक्योरिटी में कमी पर भी चिंता जताई है। वे लेबर कोड्स को खत्म करने, ड्राफ्ट सीड बिल, इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंड बिल और सस्टेनेबल हारने. सिंग एंड एडवांसमेंट आफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (शांति) बिल को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। साथ ही वे मनरेगा को बहाल करने और विकसित भारत जी-राम-जी बिल को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। बंद के कारण सरकारी बैंकों में कामक. ाज के प्रभावित होने की आशंका है। इसकी वजह यह है कि कर्मचारियों और अधिकारियों के संगठनों ने इस बंद को सपोर्ट करने की घोषणा की है। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉई एसोसिएशन, एआईबीओए और बीईएफआई ने अपने मेंबर्स से इस बंद को सपोर्ट करने को कहा है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई का कहना है कि 12 फरवरी को उसकी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बंद के दौरान कुछ हद तक कामकाज प्रभावित हो सकता है। आईडीबीआई बैंक को भी बंद के लिए यूनियन्स की तरफ से एक अधिकारिक नोटिस मिला है। बैंकिंग यूनियन इस बंद को सपोर्ट कर रहे हैं। इससे ग्राहकों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि बैंकों और आरबीआई ने बैंक होलिडे की घोषणा नहीं की है। इसका मतलब है कि बैंक खुले रहेंगे, लेकिन उनमें कामकाज प्रभावित हो सकता है। ब्रांच सर्विसेज, चेक क्लीयरेंस, डिपॉजिट और विड्रॉल में दिक्कत हो सकती है। ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम सेवाओं के सुचारू रूप से चलने की उम्मीद है। प्राइवेट बैंकों में सामान्य कामकाज होने की उम्मीद है।

# दिल्ली सरकार ने मेट्रो फेज-V(ए) के तीन नए कॉरिडोर को दी स्वीकृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मेट्रो फेज-ट(ए) को स्वीकृति दे दी गई है।

उन्होंने जानकारी दी कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत कुल 16 किलोमीटर की लंबाई वाले तीन नए कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे, जिनमें 13 मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे। इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 12,014.91 करोड़ रुपये है, जिसमें दिल्ली सरकार का बजटीय हिस्सा 2,940.46 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। इस परियोजना को वर्ष 2028 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है और कहा है कि यह परियोजना परिवहन व्यवस्था से जुड़े प्रधानमंत्री के उस '7-सी विजन' को धरातल पर उतारने की दिशा में बड़ा कदम है, जिसका अर्थ है- साझा , सुलभ , सुविधाजनक, जाम-मुक्त , ऊर्जावान ,स्वच्छ और अत्याधुनिक (परिवहन।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करना अनिवार्य है और यह विस्तार इसी दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस निर्णय को दिल्ली के भविष्य के लिए निवेश बताते हुए कहा कि इन नए कॉरिडोर के बनने से न केवल यातायात पर दबाव कम होगा, बल्कि प्रदूषण पर नियंत्रण पाने में भी मदद मिलेगी। स्वीकृत किए गए तीन कॉरिडोर में आरके आश्रम से इंद्रप्रस्थ (सेंट्रल विस्टा के रास्ते), तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज और एरोसिटी से इंदिरा गांधी डोमेस्टिक टर्मिनल-1 (आईजीडी टी-1) शामिल हैं। बनाए जाने वाले कुल 13 स्टेशनों में 10 स्टेशन अंडरग्राउंड और 3 स्टेशन एलिवेटेड होंगे। यह विस्तार मौजूदा मेट्रो नेटवर्क के साथ निर्बाध इंटरचेंज की सुविधा प्रदान करेगा और हवाई अड्डे, वाणिज्यिक केंद्रों व आवासीय क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाएगा। सरकार का लक्ष्य निजी वाहनों पर निर्भरता कम कर नागरिकों को स्वच्छ, कुशल और एकीकृत परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराना है।

## बाइक सवार बदमाशों ने की हवाई फायरिंग, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संगम विहार इलाके में 8 फरवरी की देर रात इलाके में दहशत फैलाने के इरादे से बाइक सवार दो युवकों द्वारा ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर मौजूद शख्स के बयान पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि पीड़ित 26 वर्षीय नागेश राणा अपने परिवार के साथ के-ब्लॉक, गली नंबर-19, संडे बाजार रोड, संगम विहार इलाके में रहता है। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि 8 फरवरी की रात करीब 1:30 बजे वह रात में गली के पानी के बोर को बंद कर घर लौट रहा था। इसी दौरान उसने देखा कि स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो युवक उसके घर के सामने से तेज रफ्तार में कई बार चक्कर लगाते हुए निकले। दोनों आरोपियों ने पिस्तौल निकाली और ताबड़तोड़ कई राउंड हवाई फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर संगम विहार थाने से एसआई राकेश टीम के साथ मौके पर पहुंचे। क्राइम टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई गई। जांच के दौरान मौके से दो खाली कारतूस के खोखे, एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। फुटेज में संदिग्ध हालत में घुम रहे दो बाइक सवार युवकों को देखकर पीड़ित ने उनकी पहचान की। जिसके बाद पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 125/3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

## इलेक्ट्रिक बसों से डीटीसी की औसत मासिक आय में उछाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की औसत मासिक आय में इस वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नवंबर तक निगम की औसत मासिक कमाई 91 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गई। जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा करीब 68 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2024-25 में डीटीसी की टिकट आय 326.8 करोड़ रुपये रही थी। वहीं, 2025-26 में नवंबर तक 238.4 करोड़ रुपये की कमाई दर्ज की जा चुकी है। अधिकारियों का अनुमान है कि यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष से आगे निकल सकता है। औसत मासिक आय, जो पहले लगभग 68 करोड़ रुपये थी, अब बढ़कर 91.11 करोड़ रुपये हो गई है। टिकट के अलावा अन्य स्रोतों से होने वाली कमाई में भी बढ़ोतरी हुई है।विशेष किराये (स्पेशल हायर) पर बस सेवाओं से पिछले वित्त वर्ष में 82 करोड़ रुपये की आय हुई थी। जबकि इस वर्ष नवंबर तक 65 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। इससे सरकारी विभागों और अन्य संस्थाओं की बढ़ती मांग का संकेत मिलता है।

विविध आय, जिसमें किराया प्राप्ति, कबाड़ निपटान और अन्य सहायक स्रोत शामिल हैं, भी डीटीसी की आय का अहम हिस्सा रही है।पिछले वित्त वर्ष में यह आय 98 करोड़ रुपये से अधिक थी। जबकि इस वर्ष नवंबर तक यह बढ़कर 144 करोड़ रुपये पहुंच गई है। यह बढ़ोतरी निगम को वित्तीय राहत प्रदान कर रही है। परिवहन विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती आय सकारात्मक संकेत है, लेकिन केवल राजस्व वृद्धि से दीर्घकालिक वित्तीय चुनौतियों का समाधान नहीं होगा।

## औजारों से ताला तोड़कर की चोरी, बीसी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के बुराड़ी थाने की टीम ने घर में हुई चोरी का मामला सुलझा कर एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के पैसे का कुछ हिस्सा यानी कैश रु. 9,180/- रूपये और घर तोड़ने के औजार बरामद किए है।आरोपी निहाल विहार थाने का हिस्ट्रीशीटर (बीसी) है। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बंठिया ने बताया कि 06.फरवरी को एक शिकायतकर्ता ने बुराड़ी थाने के तहत एक ऑनलाइन ई एफआईआर दर्ज कराई थी। शिकायत करने वाले ने बताया कि 06.फरवरी की सुबह वह अपने घर का दरवाजा बंद करके अपने काम पर चला गया था। घर लौटने पर उसने देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था और उसकी शर्ट में रखे 17,000/- रुपये चोरी हो गए थे। इसके बाद एसीपी बुराड़ी शशि कांत गौड़ की देखरेख में एसएचओ बुराड़ी गिरीश चंदर के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सुरेंद्र और सोनू की टीम ने जांच शुरू की।

# विजेंद्र गुप्ता ने जनजातीय युवाओं व 36 युवा अधिकारियों से किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जब युवा नागरिक लोकतंत्र की जीवंत संस्थाओं के साथ जुड़ते हैं, तो वे न केवल इतिहास सीखते हैं, बल्कि राष्ट्र की निरंतर संवैधानिक यात्रा का हिस्सा भी बनते हैं" ये विचार दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 'माय भारत केंद्र' द्वारा गृह मंत्रालय के समन्वय से आयोजित 17वें जनजातीय युवा विनिमय कार्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ बातचीत के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर 'माय भारत' के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस संवाद कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ (बस्तर, बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और मोहला-मानपुर), झारखंड (पश्चिमी सिंहभूम), मध्य प्रदेश (बालाघाट), ओडिशा (कंधमाल और कालाहांडी) और महाराष्ट्र (गढ़चिरौली) जैसे जिलों के लगभग 200 जनजातीय युवाओं ने भाग लिया।

प्रतिनिधिमंडल के साथ 36 जिला युवा अधिकारी और कार्यक्रम से जुड़े अन्य अधिकारी भी शामिल थे। श्री गुप्ता ने उन 36 युवा अधिकारियों की प्रेरक यात्रा की सराहना की, जिन्होंने यूपीएससी परीक्षा पास की लेकिन अंतिम सूची में स्थान नहीं बना पाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सेवा उन प्रतिबद्ध युवाओं के लिए हमेशा एक गरिमामयी मार्ग है जो देश की सेवा का जज्बा रखते हैं। विकसित भारत के विजन में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय विकास की नींव संवैधानिक जागरूकता, सामाजिक एकजुटता और सूचित भागीदारी पर टिकी होनी चाहिए।

उन्होंने विश्वास जताया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के भ्रमण से प्रतिभागियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शासन, सार्वजनिक सेवा और सामुदायिक नेतृत्व में सार्थक योगदान देने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विधानसभा सदन का गाइडेड टूर भी कराया गया, जहाँ उन्हें इस सदन की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और एक संवैधानिक संस्था के रूप में इसके विकास से अवगत कराया गया।




17वें जनजातीय युवा विनिमय कार्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ विधानसभा अध्यक्ष बिजेंद्र गुप्ता।

## एक नजर

### बिजनेसलाइव ट्रेड फेयर्स के साथ सहभागिता की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मेस्से फ्रैंकफर्ट ट्रेड फेयर्स इंडिया और बिजनेसलाइव ट्रेड फेयर्स के बीच हुई सहभागिता के तहत, साइन इंडिया एक्सपो मीडिया एक्सपो में बदल जाएगा, जिससे मीडिया एक्सपो कोच्चि और मीडिया एक्सपो हैदराबाद की शुरुआत होगी।

इसके साथ ही साइन इंडिया एक्सपो चेन्नई मौजूदा मीडिया एक्सपो चेन्नई बैनर के तहत आ जाएगा। इस कदम से इस महत्वपूर्ण मीडिया एक्सपो का दायरा काफी बढ़ जाएगा, जिससे इसकी उपस्थिति तीन शहरों से बढ़कर कुल पांच शहरों: चेन्नई, हैदराबाद, कोच्चि, मुंबई और नई दिल्ली तक में हो जाएगी। इस नए करार पर प्रतिक्रिया देते हुए राज मानेक, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और बोर्ड मेंबर, मेस्से फ्रैंकफर्ट एशिया होल्डिंग्स लिमिटेड ने कहा कि "दक्षिण भारत प्रिंटिंग और साइनेज इंडस्ट्री के लिए सबसे ज्यादा तेजी से आगे बढ़ता और व्यापक अवसरों वाले क्षेत्रों में से एक बना हुआ है। शिव प्रसाद पालनाटी, डायरेक्टर, बिजनेसलाइव ट्रेड फेयर्स ने कहा कि "साइन इंडिया एक्सपो ने पिछले कुछ सालों में दक्षिण भारत में एक मजबूत और भरोसेमंद पहचान बनाई है।

### गोबोल्ट ने मस्टैंग स्मार्ट वॉच व टीडब्ल्यूएस लांच किए



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते वियरेबल्स और ऑडियो ब्रांड्स में से एक, गोबोल्ट ने अगले कुछ वर्षों के लिए अपनी ग्रोथ स्ट्रेटेजी साझा की है। इस स्ट्रेटेजी का फोकस प्रीमियम प्रोडक्ट्स, बेहतर मुनाफे और ब्रांड की दीर्घकालिक मजबूती पर केंद्रित है। वित्त वर्ष 25 में करीब 800 करोड़ रुपए की बिक्री के बाद, कंपनी अब वित्त वर्ष 27-28 तक 3,000 करोड़ रुपए का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

इस सीरीज के विस्तार के तहत, गोबोल्ट ने हाल ही में मस्टैंग ब्रांड के तहत तीन नई स्मार्टवॉच- स्टैलियन, रेसर और मसल के साथ मस्टैंग स्प्रिंट टीडब्ल्यूएस लॉन्च करने की घोषणा की।गोबोल्ट के को-फाउंडर वरुण गुप्ता ने कहा, ष्वित्त वर्ष 25 में करीब 800 करोड़ रुपए का कारोबार करने के बाद, हम वित्त वर्ष 27 या 28 तक 3,000 करोड़ रुपए के वियरेबल्स और ऑडियो बिजनेस की ओर बढ़ रहे हैं। इस अगले चरण को खास बनाता है हमारा तरीका। हम पहले भारतीय वियरेबल्स ब्रांड हैं, जिसने मस्टैंग जैसे वैश्विक ऑटोमोटिव परफॉर्मेंस आइकन के साथ गहरी और डिजाइन-केंद्रित साझेदारी स्थापित की है। गोबोल्ट के को-फाउंडर तरुण गुप्ता ने कहा, ष्अपने इस चरण में हम ऐसे प्रोडक्ट्स बनाने पर ध्यान दे रहे हैं, जिन्हें लोग सच में अपनाना और अपने पास रखना चाहें।

### इक्विटी पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने आज ओल्ड ब्रिज फ्लेक्सी कैप फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड डायनामिक इक्विटी स्कीम है, जो लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में निवेश करती है और निवेशकों को एक ही विविध पोर्टफोलियो के माध्यम से बाजार चक्रों में लचीलापन प्रदान करती है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, केनेथ एंड्रेडे, सीआईओ, ओल्ड ब्रिज एसेट मैनेजमेंट ने कहा, "बाजार चक्र लगातार बदलते रहते हैं और अतीत के विजेता आवश्यक नहीं कि भविष्य में भी विजेता बने रहें।

### डॉ. रवि पिल्लै अकादमिक उत्कृष्टता छात्रवृत्ति का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने तिरुवनंतपुरम के निशागंधी ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में 'डॉ. रवि पिल्लै अकादमिक उत्कृष्टता छात्रवृत्ति' का वितरण किया। कार्यक्रम में आर.पी. ग्रुप के चेयरमैन डॉ. रवि पिल्लै सहित राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा, यह छात्रवृत्ति देश की सबसे बड़ी छात्रवृत्ति है और इस तरह की पहल हमारे बच्चों को प्रौद्योगिकी और नवाचार की नई दुनिया की ओर मार्गदर्शन करेगी। बच्चों को चाहिए कि वे इस सहयोग का सही उपयोग करें, बड़े लक्ष्य निर्धारित करें और ऊँची उड़ान भरें।

## गैस, ऑयल में आत्मनिर्भर बनेगा भारत: अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर एक बड़ा विजन साझा किया. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए सरकार और निवेशकों से भारत के तेल और गैस प्रोडक्शन को बढ़ावा देने की बात कही ।

अनिल अग्रवाल ने कहा कि भारत आज भी अपनी तेल और गैस की जरूरतों का करीब 90% हिस्सा इंपोर्ट करता है. आज के जियो पॉलिटिकल हालात को देखते हुए यह निर्भरता देश के लिए रिस्क से भरी हो सकती है. उन्होंने आगे कहा कि अगर तीन तरफ से समुद्र से घिरे भारत की घेराबंदी होती है, तो हमारी पावर सेफ्टी खतरे में पड़ सकती है ।

## लूट के 18 घंटे बाद पकड़े गए 3 बदमाश

**नई दिल्ली।** कालिंदी कुंज थाना पुलिस ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पास खादर पुलिया बस स्टैंड पर एलआईसी कर्मचारी के साथ हुई लूट के मामले में तीनों बदमाशों को 18 घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों दिलवर अली, सोरीफुल और मोइन के पास से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। फिलहाल आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि 9 फरवरी 2026 की रात करीब 9:15 बजे पीसीआर कॉल के जरिए कालिंदी कुंज थाना पुलिस को लूट की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां शिकायतकर्ता 42 वर्षीय जगदीश सिंह मिला। जगदीश ने वह बस का इंतजार कर रही था, इसी दौरान आरोपियों ने बस स्टैंड के पास निशाना कर उसका मोबाइल लूट लिया।

# ठगी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने धोखे से मोबाइल फोन का एक्सेस लेकर सिम पोर्ट कराकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है।

पुलिस ने इस संबंध में ग्रेटर नोएडा से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मुख्य आरोपित आयुष शर्मा औरविपुल कश्यप के रूप में हुई है। आरोपित इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर बैंक खाता किराए पर देने का झांसा देकर साइबर ठगी करते थे।

इन लोगों ने दिल्ली के एक व्यक्ति के बैंक खातों से करीब 38.10 लाख रुपये की ठगी कर ली। क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर जांच के बाद आरोपितों को दबोचा। पुलिस ने मामले में एक आरोपित विशाल कुमार को राजस्थान के भिवाड़ी से गिरफ्तार किया गया। बाकी आरोपितों की तलाश की जा रही है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बुधवार को बताया कि 12 जनवरी को दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने 38.10 लाख रुपये साइबर ठगी की शिकायत क्राइम ब्रांच से की थी। आरोपितों ने पीड़ित के मोबाइल फोन का एक्सेस लेकर उनका सिम कार्ड पोर्ट कराकर बैंक खातों को बैंक एप्लीकेशन से जोड़ दिया। बाद में 30 दिसंबर से 12 जनवरी के बीच ठगी की रकम को दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पहले उनके मोबाइल से एसएमएस और कॉल फॉरवर्डिंग को दूसरे किसी मोबाइल पर लिया गया। बाद में उनका मोबाइल नंबर ही पोर्ट करा दिया गया। इसके बाद आरोपितों ने ठगी को अंजाम दिया। जांच के दौरान ठगी के तार झारखंड के जामताड़ा से जुड़ते नजर आए। पुलिस ने उन खातों की जांच की, जिनमें रकम ट्रांसफर हुई।

इस दौरान पता चला कि करीब एक लाख रुपये ग्रेटर नोएडा निवासी विपुल कश्यप के खाते में गए हैं। जांच के बाद विपुल को दबोच लिया गया। इससे पूछताछ के बाद मुख्य आरोपित आयुष शर्मा को ग्रेटर नोएडा से दबोचा। आयुष ने बताया कि वह इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप पर विज्ञापन देकर बैंक खाता अच्छे कमीशन पर किराए पर देने की बात कर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे।

## दिव्यांगजनों के लिए विशेष सहायता देने पर आभार व्यक्त किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने वित्त मंत्री सहित प्रधान मंत्री को बजट में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सहायता देने पर आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कहा, केंद्रीय बजट 2026ख्27 को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी दस्तावेज के रूप में देखा जा रहा है।

दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के बजट में लगभग 30 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि न केवल आंकड़ों की बढ़ोतरी है, बल्कि यह उस बदले हुए सरकारी नजरिये का संकेत है जिसमें दिव्यांगजन अब सहानुभूति के पात्र नहीं, बल्कि अधिकारों के साथ विकास की मुख्यधारा के साझीदार माने जा रहे हैं। वर्ष 2025ख्26 में 1,275 करोड़ रूपये के बजटीय प्रावधान को बढ़ाकर वर्ष 2026ख्27 में 1,669.72 करोड़ रुपये किया जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सरकार दिव्यांगजनों के समावेशी, गरिमापूर्ण और आत्मनिर्भर भविष्य के प्रति गंभीर है। देश में दिव्यांगजन आबादी में बीते वर्षों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

## सदमे व तनाव के चलते चिड़ियाघर में वन्यजीवों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चिड़ियाघर में लगातार हो रही वन्यजीवों की मौतें व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार, 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच 127 वन्यजीवों की मौत हुई, जिनमें चिंकारा, काले हिरण, बारहसिंगा, नील गाय, भारतीय हॉग हिरण और चीतल जैसे प्रजाति के जानवर शामिल हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 35 जानवरों की मौत सदमे (शॉक) और 25 की मौत शारीरिक या मानसिक तनाव की वजह से हुई। पिछले वर्ष 2023-24 में 148 जानवरों में से 37 ने सदमे और 32 ने शॉक के कारण दम तोड़ा था। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, ये जानवर जंगल से अलग होने और चिड़ियाघर में कैद होने के कारण मानसिक और शारीरिक तनाव झेलते हैं।

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, काले हिरण और शाकाहारी जानवर बहुत संवेदनशील होते हैं। छोटी आवाज या हल्की हरकत से भी वे डर जाते हैं और शारीरिक प्रतिक्रिया के कारण उनकी मौत तक हो सकती है। ऐसे में कैप्चर मायोपैथी, आपसी झगड़े और पर्यावरणीय बदलाव वन्यजीवों की मौत का बड़ा कारण हैं। चिड़ियाघर की रिपोर्ट के अनुसार, 2017 से 2025 तक 1,000 से अधिक वन्यजीवों की मौत हुई है, जिसमें सदमा सबसे प्रमुख कारण रहा।

# दिलशाद गार्डन डियर पार्क का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा विधान सभा से विधायक संजय गोयल ने जिला पार्क एट दिलशाद गार्डन डियर पार्क का निरीक्षण किया।

नाले की समस्या को लेकर विधायक संजय गोयल ने डी डी ए और पीडब्ल्यूडी दोनों अधिकारियों से मीटिंग की, उन्होंने कहा कि हमने इस बार संकल्प लिया है कि शाहदरा विधानसभा में जल भराव ना हो। क्योंकि पिछली बार एल पॉकेट में जल भराव हो गया था।

क्योंकि यह नाला जो है पीछे सीमापुरी विधानसभा अन्य विधानसभाओं से पानी आता है ओवरफ्लो होने की वजह से पानी भर गया था। जो नाले की स्लिप्स है वह बहुत पुरानी डली हुई हैं। हम चाहते हैं कि स्लीप को तोड़कर पूरी तरह से सफाई हो इसलिए डी डी ए और पीडब्ल्यूडी दोनों अधिकारियों को बुलाया गया है और मैं समझता हूं कि जल्दी ही इस पर निर्णय ले लिया जाएगा कि इस नाले को डी डी ए या पीडब्ल्यूडी दोनों में से किसके पास जाएगा यह जिसका भी काम है उसे दिया जाएगा




# ऐवाने गालिब में कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऐवाने गालिब (दिल्ली)में एस.डी.पी.आई. दिल्ली प्रदेश द्वारा एक प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिस में पार्टी के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद शफी साहब के इलावा एसडीपीआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीता राम कोईवाल साहेब,महामंत्री मोहम्मद अशरफ साहब,संगठन महामंत्री रियाज फरांगीपेट साहब , महामंत्री इलियास मोहम्मद तुम्बे साहब और यास्मीन फारूकी साहेबा, राष्ट्रीय मंत्री अलफांसो फ्रैंको, सादिया सय्यदा साहेबा,या मोइद्दीन साहब, तईदुल इस्लाम ,अतिका साजिद साहेबा, पार्टी के राष्ट्रीय खजानची अब्दुल सत्तार साहेब, राष्ट्रीय कार्यकारिणी मेंबर्स डॉ० निजामुद्दीन साहेब,डाक्टर सरवर अली साहेब और अब्दुल मुईद हाशमी साहब ने प्रोग्राम में शिरकत की। इस प्रोग्राम में सभी पद अधिकारियों को मोमेंटो और शाल से सम्मानित किया गया।



प्रोग्राम का आरंभ हाफिज हाशिम मालिक के स्वागत से हुआ और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जनाब अब्दुल मुईद हाशमी ने अपनी बातों से कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर अवाम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष मोहम्मद शफी ने कहा कि भारत में जितनी भी राजनीतिक पार्टिया हैं साब ने मुसलमानों को ठगने का काम किया है चाहे वह कांग्रेस पार्टी हो,चाहे दिगर पार्टियां। इसी कारण एसडीपीआई पार्टी का गठन किया गया है। एसडीपीआई भारत के हर कमजोर,मजलूम,एसीएसटी, पिछड़ा वर्ग और आदिवासी सब की पार्टी है

## पति की मौत के सदमे में पत्नी ने भी तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार थाना क्षेत्र में पति- पत्नी की मौत का मामला सामने आया है। हर्ष विहार के लाल मंदिर रोड स्थित चार मंजिला मकान की पहली मंजिल की रेलिंग से पैर फिसलने पर पति मुकेश (32) नीचे जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। पति की मौत की खबर जैसे ही पत्नी को मिली उसको हार्ट अटैक आया और उसकी भी मौत हो गयी, एक साथ हुई दो मौत से परिवार सदमे में है। मृतक मुकेश प्रॉपर्टी डीलिंग और बिल्डिंग मैटेरियल बेचने का काम करता था,और संयुक्त परिवार में चार मंजिला मकान में रहता था उसके परिवार में पत्नी सविता (28),दो बच्चे,माता-पिता और दो भाई है, मुकेश का पहली मंजिल की रैलिंग से पैर फिसल गया और वह सिर के बल सड़क पर आ गिरा,जिस वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, मुकेश ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

## मास्टर स्ट्रोक्स पर्दशनी का 8वां एडिशन 16 से



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मास्टर स्ट्रोक्सष नामक ग्रुप आर्ट पर्दशनी 16 से 20 फरवरी तक विजुअल आर्ट्स गैलरी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है ,पर्दशनी के क्यूरेटर, किशोर लाबर ने बताया कि मास्टर स्ट्रोक्स 2026 पर्दशनी सीरीज का आठवां एडिशन है, यह आर्टिस्टिक डाइवर्सिटी, ओरिजिनैलिटी और ऑथेंटिक एक्सप्रेशन के है। अनामिका रस्तोगी , अंबिका के. विज , अनीता साहा,आयशा लुंबा, बिश्वरंजन भुनिया , भावना सागर , चारुल अग्रवाल , कुलदीप तिवारी , पियूष माथुर ,दीक्षा बजाज , डॉ. शिप्रा भाटिया, डॉ. सूर्यस्नाता मोहंती,दीपाली शर्मा दर्शन शर्मा ,डॉ. जतिन चौधरी , ज्योतिका सिकंद , कुमुद ग्रोवर , मधुलिका झा , महेंद्र राय ,मृण्मय बरुआ , मंजू नारायण मोहित जांगड़ा , मोहिनी नारायण , पूर्णिमा दयाल , पूजा कपूर गेहानी , प्रणब कुमार साहा , रंजन कुमार चौधरी , ऋतु गोयल , ऋतु क्वात्रा द्य,रेनू उमराव , शशि लता , स्नेहा रॉय , शिवराज,द्य सात्विक शर्मा, सोनम भदानी , शमा बधवार , सुनीता मोहंती मुल्लिक , विजय पाल प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कलाकार हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# स्कूलों में आरटीई दाखिला प्रक्रिया में बड़ा फर्जीवाड़ा: जीपीए

**गाजियाबाद।** जीपीए ने गाजियाबाद के कई स्कूलों में आरटीई दाखिला प्रक्रिया में फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। जीपीए ने जिलाधिकारी और मुख्या विकास अधिकारी को शिकायत भेजकर नामचीन स्कूलों के 'एंट्री क्लास' घोटाले का आरोप लगाया है।

आरोप है कि स्कूल परिसर में नर्सरी/केजी की कक्षाएं चल रही हैं, लेकिन आरटीई पोर्टल पर श्एंट्री क्लासश को जानबूझकर कक्षा-1 दिखाया गया है। इस चालाकी से स्कूल गरीब बच्चों को नर्सरी में दाखिला देने से बच रहे हैं, जो आरटीई एक्ट 2009 और यूपी नियमावली 2011 का सीधा उल्लंघन है।



निशाने पर स्कूल: डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल (प्रताप विहार), नई रेनबो पब्लिक स्कूल ,स्टेप अप स्कूल ढूंढाहेरा सहित कई स्कूलों अपने परिसर में सुचारू रूप से प्री-प्राइमरी (नर्सरी/केजी) कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। लेकिन जब बात आरटीई के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर गरीब बच्चों के दाखिले की आती है, तो ये स्कूल पोर्टल पर अपनी एंट्री क्लास 'कक्षा-1' दिखाते हैं।

जीपीए आरटीई प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश जीओ और आरटीई नियमावली 2011 के अनुसार, यदि कोई स्कूल प्री-प्राइमरी स्तर से शिक्षा देना शुरू करता है, तो उसकी श्एंट्री क्लासश नर्सरी ही मानी जाएगी। 25 प्रतिशत सीटों का आरक्षण इसी सबसे निचली कक्षा (प्रारंभिक कक्षा) से मिलना अनिवार्य है। यदि स्कूल की मान्यता केवल कक्षा-1 से है, तो वे प्री-प्राइमरी कक्षाएं कैसे चला रहे हैं? यह आरटीई की धारा 18 के तहत दंडनीय है।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों का

# बाँगुर बिल्ड स्मार्ट श्री सीमेंट लि. कम्पनी में हुआ चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाँगुर बिल्ड स्मार्ट कम्पनी द्वारा एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के 09 छात्रों का साक्षात्कार के आधार पर 3.00 लाख तक के पैकेज पर चयन किया गया। साक्षात्कार से पहले कंपनी के एच.आर. ने विद्यार्थियों को कंपनी प्रोफाइल एवं जॉब प्रोफाइल के बारे में बताया। इस अवसर पर एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, प्रो० चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो० चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव, और वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार, ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

भाजपाइयों ने आयोजित किया समर्पण दिवस कार्यक्रम

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं भारत रत्न परम पूज्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर समर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कविनगर रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित कार्यकताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करते हुए समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक



विकास की धारा पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सतेन्द्र शिशौदिया ने अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन दर्शन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, समर्पण दिवस केवल श्रद्धांजलि का कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा और समाज के प्रति समर्पण का संकल्प दिवस है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संगठन को परिवार की तरह विकसित किया और कार्यकर्ता आधारित राजनीति को सशक्त बनाया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं सेवा अभियानों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष बलदेव राज शर्मा, विजय मोहन, सरदार एसपी सिंह, पूर्व विधायक रूप चौधरी, राजेश्वर प्रसाद, अनिल स्वामी, सुनील यादव, महामंत्री पप्पू पहलवान, महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, महानगर मंत्री गुंजन शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# इंस्टाग्राम पर गाली-गलौज के बाद मारपीट

## इंटर कॉलेज में छात्रों के दो गुट भिड़े, बस स्टॉप पर जमकर मचाया हुड़दंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित बस स्टॉप पर उस समय दर्जनों छात्रों और असामा. जिक तत्वों का हुजूम लग गया, जब इंस्टाग्राम पर गाली-गलौज को लेकर एक छात्र ने दूसरे छात्र को पीट दिया और पिटने वाले छात्र ने ग्राम में फोन कर भीड़ बुला ली। दर्जनों की संख्या में भीड़ और सड़क पर आवारागर्दी देख स्थानीय लोग भी हैरान थे। वहीं सूचना पाकर बस स्टॉप पर पहुंची पुलिस ने दो-तीन छात्रों को गाड़ी में डाल लिया और कॉलेज पहुंच गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मारूफपुर निवासी दयानंद जनता इंटर कॉलेज के कक्षा दस के एक छात्र ने



बताया कि सब्दलपुर निवासी कक्षा आठ का दूसरा छात्र इंस्टाग्राम पर न केवल गालियां देता है बल्कि रात को कॉल कर उसकी बहन को भी परेशान करता है। जिसके चलते उसे कई बार समझाया गया। आज भी कॉलेज के फील्ड में उससे बात हुई, तो हाथापाई शुरू हो गई। मारपीट के बाद वह पेपर देने स्कूल परिसर में चला गया। जबकि पिटा हुआ युवक अपना पेपर देकर घर जा रहा था। जिसने ग्राम से दर्जनों की संख्या में भीड़ को बुला लिया। उधर सूचना पाकर हीमपुर दीपा पुलिस ने इस भीड़ में मौजूद पिटने वाले युवक और उसके एक साथी को भी गाड़ी में बैठा लिया और कॉलेज पहुंच गई। जहां कॉलेज से पीटने वाले छात्र को भी उठा लिया गया। हैरानी की बात यह रही की कॉलेज का स्टाफ कॉलेज परिसर में मौजूद था। परंतु किसी ने भी न तो पुलिस से विद्यालय में आने की वजह पूछी, न ही नाबालिग छात्र को ले जाने का कारण पूछा। जब पुलिस छात्र को क्लासरूम से विद्यालय के बाहर फील्ड में ले आई तब पत्रकार परीक्षित गुप्ता ने जानकारी के उद्देश्य से प्रधानाचार्य योगेश कुमार से विद्यालय में पुलिस के आने का कारण पूछा तो विद्यालय के अध्यापकों की नींद टूट गई। इसके बाद छात्रों के दोनों गुटों को प्रधान अध्यापक के कक्ष में ले जाया गया और उनके परिजनों को बुलाकर चेतावनी दी गई।

# दुपहिया वाहन चोरी करने वाला गैंग पकड़ा स्क्रैप सेंटर संचालक सहित आठ दबोचे

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मधुबन बापूधाम पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। दुपहिया वाहन चोरी करने के एक गिरोह का भंडाफोड़ कर उनके कब्जे से चोरी की साथ स्कूटी भी बरामद की गई हैं।

गैंग के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है जिनके नाम नवाब मलिक निवासी मेरठ, रियादुद्दीन निवासी गाजियाबाद, नरेश कुमार निवासी गाजियाबाद, सुनील कुमार निवासी गाजियाबाद, नदीम निवासी बुलंदशहर, कृष्ण निवासी बलिया, सागर निवासी गाजियाबाद और फजलू उर्फ फजल निवासी गाजियाबाद हैं। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि नरेश व सुनील वाहन चोरी करते थे और अन्य सदस्य चोरी के वाहनों को छुपाने का काम करते थे।



इसके बाद वहां 7 स्टार स्क्रैप सेंटर पर बेचे जाते थे। स्क्रैप सेंटर के संचालक नवाब मलिक और रियादुद्दीन चोरी के वाहनों को काट देते थे जिससे उनकी पहचान मिटाई जा सके। एसीपी ने बताया कि स्क्रैप सेंटर को सीज करने और उसके लाइसेंस को निरस्त करने के लिए सक्षम अधिकारियों से बात की जा रही है।

उन्होंने बताया कि आगे भी वाहन चोरी के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा।

# महिला से सरेराह हुई पर्स लूट की वारदात का खुलासा, दो दबोचे

**गाजियाबाद।** स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले गैंग का मोदीनगर पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम आकाश कुमार पुत्र मिंटू सिंह और शुभम शर्मा पुत्र प्रमोद शर्मा निवासीगण मेरठ बताए जा रहे हैं। उनके कब्जे से पीली धातु के टॉप्स और घटना में इस्तेमाल की जाने वाली मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा का कहना है कि आकाश और शुभम ने मिलकर 31 जनवरी को एक महिला से चौपला के पास पर्स छीना था। पूछताछ में आरोपियों ने 30 जनवरी को हुई महिला से



स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देना कुबूल किया है। उन्होंने बताया कि वे 30 जनवरी को चौपला के पास सड़क पार कर रही एक महिला से पर्स छीनकर मेरठ की ओर भाग गए थे। पर्स से उन्हें एक जोड़ी सोने के टॉप्स, एक हजार रुपए और एक मोबाइल मिला था। आरोपियों ने यह भी बताया कि पकड़े जाने के डर से मोबाइल नाले में फेंक दिया था और पैसे व टॉप्स आपस में बांट लिए थे।

# चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**नजीबाबाद।** कैमिस्ट एसोसिएशन श्री महाकाली सेवादल नजीबाबाद के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा सेवा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कांवरियों द्वारा फीता काट कर शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रवण कुमार, किशोर कुमार, शुभम नामद. ेव, कोमल, वरुण कौशिक, अंकित अग्रवाल, ओमपाल सिंह, सचेत कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

**Name Correction**

I, Mohd Shadab request to do correction of my son's 10th marksheet where my wife's name is mistakenly printed as Wajda Tabssum(correct name- Wajda Tabassum)

**अदालती सूचना**

**न्यायालय सिविल जज ( सी0 डि0 ),**
**जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित-श्री जसवीर सिंह**
**यादव, पी.सी.एस.-जे**
**विविध वाद सं0- 157 सन् -2025**
**( कम्प्यूटर नं0 542 / 2025 )**

अनिल वर्मा पुत्र स्व० श्री बालकराम वर्मा आयु करीब 47 वर्ष निवासी जी एफ-5/91, सैक्टर 2 राजेन्द्र नगर साहिबाबाद जिला गाजियाबाद। आधार नं० 6938 6471 5011

........वादी

**बनाम**

1. अशोक कुमार पुत्र स्व० श्री बाल. कराम वर्मा निवासी 9/228 सैक्टर 3 राजेन्द्र नगर साहिबाबाद जिला गाजियाबाद। 2. सतीश कुमार वर्मा पुत्र स्व० श्री बालकराम वर्मा निवासी 408 नीलगिरी अपार्टमेन्ट कौशाम्बी साहिबाबाद जिला गाजियाबाद। 3. श्रीमति विमलेश पुत्री स्व० श्री बाल. कराम वर्मा पत्नी श्री बलराम निवासी मकान नं० 6/49 ए गली नं० 5 विश्वासनगर शाहदरा दिल्ली।

......प्रतिवादीगण/विपक्षीगण

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्री अनिल वर्मा, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि रूपया अंकन लगभग 22,94,034/- रूपये स्व० बालक राम वर्मा के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 05.03.2026 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 12.01.2026 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण। लगभग 22,94,034/- रूपये।

**आदेशानुसार**
**( तरूण कुमार )**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी०डि० ), गाजियाबाद।**

# एसडीएम ने किया कांवड़ यात्रा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट मोड में है। बुधवार दोपहर करीब एक बजे उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और क्षेत्राधिकारी (सीओ) ने थाना मंडावली व नजीबाबाद क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान तैनात पुलिस बल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम और सीओ ने कांवड़ मार्ग पर लगाए गए बैरिकेडिंग, पुलिस पिकेट, यातायात व्यवस्था और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने यह भी देखा कि कांवड़ियों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा तो नहीं आ रही है और आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं या नहीं। अधिकारियों ने मार्ग से गुजर रहे कांवड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता



देते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लागू किए गए डायवर्जन प्लान की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भारी वाहनों का प्रवेश निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से ही कराया जाए और स्थानीय नागरिकों को भी असुविधा न हो, इसका ध्यान रखा जाए। एसडीएम और सीओ ने समस्त संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुव्यवस्थित और जिम्मेदारी के साथ करें। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वह निर्धारित मार्ग का पालन करें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें, ताकि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हो सके।

# मदरसों में एमआर टीकाकरण अभियान

**नगीना।** कोतवाली ब्लॉक के मदरसों में खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। यह अभियान 27 फरवरी तक चलाया जाएगा, जिसके तहत कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले बच्चों को एम-आर टीके की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को खसरा और रूबेला जैसी गंभीर और संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित करना है।

कोतवाली ब्लॉक के विभिन्न मदरसों में एम-आर टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएचसी के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल दिवाकर ने बताया कि पूरे ब्लॉक में इस अभियान के अंतर्गत कुल 19 सत्रों का आयोजन किया गया है। प्रत्येक सत्र में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों का सुरक्षित तरीके से टीकाकरण किया जा रहा है। डॉ. विशाल दिवाकर ने अपनी स्वास्थ्य टीम के साथ क्षेत्र के मदरसों में आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण की प्रक्रिया, बच्चों की उपस्थिति और रिकॉर्ड संधारण की जानकारी ली। टीम ने मदरसों के भ्रमण के दौरान वहां के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों से संवाद कर एम-आर टीकाकरण के महत्व को समझाया। डॉ. विशाल दिवाकर ने प्रधानाचार्यों से अपील की कि वे बच्चों के अभिभावकों को भी जागरूक करें, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के उन सभी बच्चों को एम-आर टीके की अतिरिक्त खुराक दी जा रही है, जिन्हें पूर्व में यह टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि खसरा और रूबेला दोनों ही अत्यंत संक्रामक रोग हैं, जो बच्चों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि खसरा रोग से बच्चों में निमोनिया, दस्त, कुपोषण और यहां तक कि दृष्टिहीनता जैसी गंभीर जटिलताएं भी हो सकती हैं। वहीं, रूबेला संक्रमण यदि गर्भवती महिला को हो जाए, तो नवजात शिशुओं में जन्मजात विकृतियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। डॉ. विशाल दिवाकर ने स्पष्ट किया कि एम-आर टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है तथा यह बच्चों को इन दोनों बीमारियों से लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें और अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।

# 28 फरवरी तक बकायादारों के लिए सुनहरा मौका : प्रजापति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** विद्युत विभाग ने बकाया बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं को अंतिम अवसर देते हुए ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 घोषित की है।

स्योहारा के उपखंड अधिकारी एसडीओ जी.डी. प्रजापति ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है ताकि वे अपने बकाया बिलों का निस्तारण रियायत के साथ कर सकें। जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बकाया चल रहा है उनके लिए यह सुनहरा अवसर है कि वे 28 फरवरी से पहले अपना बकाया जमा कर आर्थिक राहत प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि विभाग की मंशा किसी उपभोक्ता को परेशान करना नहीं बल्कि उन्हें



सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध कराना है, लेकिन इसके बावजूद यदि निर्धारित समय सीमा तक बकाया जमा नहीं किया गया तो मार्च माह से सख्त विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। इसमें बकाया वसूली अभियान, कनेक्शन विच्छेदन तथा अन्य विधिक कार्रवाई शामिल हो सकती है।

# विजया स्वप्न फाउंडेशन द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजया स्वप्न फाउंडेशन की संस्थापिका एवं निदेशक ममता शर्मा के नेतृत्व में CSHP पब्लिक स्कूल में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का सफल आयोजन किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित और सशक्त बचपन के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर "सखी" टीम को विशेष अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम में सीमा मलिक, उप निरीक्षक पूर्णिमा सिंह एवं गीता उपस्थित रहीं। अतिथि वक्ताओं ने विद्यार्थियों को वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं, कार्यप्रणाली और महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एक संवादात्मक सत्र



आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बाल विवाह से संबंधित प्रश्न पूछे।

सखी टीम ने सभी प्रश्नों के सरल, स्पष्ट और प्रभावी उत्तर दिए। पूरे सत्र का केंद्र बिंदु "बाल विवाह मुक्त भारत अभियान" रहा, जिसमें कानूनी प्रावधानों, सहायता तंत्र और सामाजिक जिम्मेदारी पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर ममता शर्मा ने कहा कि बच्चों और युवाओं में जागरूकता फैलाना ही बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में सबसे सशक्त कदम है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक नागरिक बनने और सुरक्षित भविष्य की दिशा में कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। यह आयोजन विजया स्वप्न फाउंडेशन की सामाजिक प्रतिबद्धता और बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ

# सीएम ने की बच्चों के लिए आर्थिक सहायता की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने त्यागराज स्टेडियम में निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए आर्थिक सहायता कार्यक्रम और गांवों से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निर्माण श्रमिकों के 15,706 बच्चों के लिए 12.40 करोड़ रुपये से अधिक की पढ़ाई से जुड़ी सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की। साथ ही, दिल्ली के दो गांवों में नए बने पंचायत घरों का उद्घाटन किया गया।

इसके अलावा 37 गांवों में 59 नई विकास परियोजनाओं की शुरुआत की गई, जिनकी कुल अनुमानित लागत 134 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित हजारों श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली केवल इमारतों और सड़कों से नहीं बनती, बल्कि श्रमिकों के श्रम से बनती है। जो हाथ दिल्ली को गढ़ते हैं, उनकी सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की जिम्मेदारी हमारी सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में दिल्ली के श्रम एवं रोजगार मंत्री कपिल मिश्रा, दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के अध्यक्ष राज. कुमार चौहान, श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार 'अंत्योदय' के सिद्धांत पर काम कर रही है, जिसका अर्थ है समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाना।

उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन को साझा करते हुए कहा कि सत्ता हमारे लिए सुख भोगने का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने श्रमिकों के कल्याण के लिए जमा भारी सेस फंड का कभी सही उपयोग नहीं किया। पिछली सरकारों की नजर कभी गरीबों पर नहीं पड़ी, लेकिन हमारी सरकार ने अपने 365 दिन दिल्ली के लिए पसीना बहाने वाले मजदूर साथियों को समर्पित किए हैं। जब श्रमिक मजबूत होगा, तभी दिल्ली मजबूत बनेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए शिक्षा सहायता योजना चला रहा है, ताकि आर्थिक तंगी उनकी पढ़ाई में बाधा न बने। इस योजना के तहत पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को 500 रुपये प्रतिमाह, नौवीं और दसवीं के छात्रों को 700 रुपये प्रतिमाह, ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को 1,000 रुपये प्रतिमाह और स्नातक स्तर पर पढ़ने वाले छात्रों को 3,000 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती है। वहीं आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग, मेडिकल और एमबीए जैसे तकनीकी पाठ्यक्रमों में अध्ययन करने वाले छात्रों को 10,000 रुपये प्रतिमाह तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।इस अवसर पर श्रम एवं रोजगार मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि पिछले वर्षों में श्रमिकों से जुड़े विभागों के कार्य ठप पड़े थे। लेकिन अब तेजी से सुधार किया जा रहा है।

दिल्ली के सभी लेबर कोर्ट को ई-कोर्ट में परिवर्तित किया जा रहा है। निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण की प्रक्रिया तेज की गई है, स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं, आधुनिक टूल और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। महिला श्रमिकों को 24 घंटे किसी भी शिफ्ट में काम करने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा, दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से रुके विकास कार्य अब व्यापक स्तर पर शुरू किए जा रहे हैं, जिनमें से कई का उद्घाटन और शिलान्यास आज किया गया

## डीएलएफ स्थित पार्क में नाबालिग की हत्या का खुलासा, पांच किशोर पकड़े

**नई दिल्ली।** मोती नगर इलाके में स्थित डीएलएफ स्थित पार्क में हुए एक नाबालिग की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच नाबालिगों को पकड़ा है। आरोपियों में पार्क में खड़े होने को लेकर शुरू हुई बहस में चाकू से गोद कर नाबालिग की हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 9 फरवरी 2026 को जखीरा इलाके में रहने वाले नाबालिग लड़के की पार्क में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावरों ने उसके ऊपरी पीठ पर चाकू से वार किया था। मोती नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1)/3(5) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की जांच के लिए एसीपी पंजाबी बाग आईपीएस शिवम की देखरेख में और थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वरुण दलाल की टीम ने डीडीए पार्क के गेट नंबर-3 के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज एक प्रत्यक्षदर्शी को दिखाई गई, जिसने सभी आरोपियों की पहचान की पुष्टि की। तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले मुख्य आरोपी 16 वर्षीय किशोर को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद हुआ। बाद में उसी की जानकारी पर बाकी चार अन्य नाबा. लिगों को भी पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में सभी नाबालिगों ने वारदात में अपनी भूमिका स्वीकार की है। उनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू, मृतक की चप्पलें और घटना के समय पहने गए आरोपियों के कपड़े भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों की उम्र 16 से 17 वर्ष के बीच है।

# मजेंटा लाइन बनेगी दिल्ली मेट्रो का सबसे बड़ा कॉरिडोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के अंतर्गत बन रहा इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक कॉरिडोर ग्रीन लाइन की जगह मजेंटा लाइन का हिस्सा होगा। इसके चालू होने के बाद मजेंटा लाइन बॉटनिकल गार्डन से इंद्रलोक तक होगा। इससे इसकी कुल लंबाई 39. 271 किलोमीटर से बढ़कर लगभग 89 किलोमीटर हो जाएगी

इससे यह दिल्ली मेट्रो का सबसे लंबा कॉरिडोर हो जाएगा। अभी सबसे लंबा कॉरिडोर पिंक लाइन है। इसकी लंबाई अभी 59.242 किलोमीटर है और विस्तार के बाद लगभग 71.5 किलोमीटर हो जाएगी। सबसे लंबा कॉरिडोर होने के साथ ही तकनीकी रूप से भी इसका विशेष महत्व है। 11.9 किलोमीटर लंबा इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक कॉरिडोर को पहले ग्रीन लाइन का (कीर्ति नगर/इंद्रलोक से ब्रिगेडियर होशियार सिंह) का विस्तार में शामिल किया गया था। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने इसे बदलकर मजेंटा लाइन (नोएडा के बॉटनिकल गार्डन से जनकपुरी पश्चिम) के विस्तार में शामिल किया है। पहले मजेंटा लाइन का जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम तक विस्तार किया जाना था। हाल ही में केंद्र सरकार ने फेज पांच (ए) के अंतर्गत सेंट्रल विस्टा को जोड़ने के लिए आरके आश्रम से इंद्रप्रस्थ तक कॉरिडोर की अनुम. ति दी है। इस कारण इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक कॉरिडोर को अब मजेंटा लाइन में शामिल किया गया है। इंद्रलोक मजेंटा लाइन का टर्मिनल स्टेशन होगा। यहां यात्रियों को ग्रीन लाइन और रेड लाइन का इंटरचेंज मिलेगा। परियोजना के पूर्ण होने पर बॉटनिकल गार्डन से इंद्रलोक तक मजेंटा लाइन पर कुल 65 स्टेशन होंगे। इनमें से 40 स्टेशन भूमिगत होंगे। यह सर्वाधिक भूमिगत स्टेशनों व इंटरचेंज स्टेशनों के साथ दिल्ली मेट्रो का सबसे लंबा कॉरिडोर होगा।

# रेलवे ट्रैक किनारे पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सनलाइट कॉलोनी इलाके में रेलवे ट्रैक के पास जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया।

पुलिस के मुताबिक, 9 फरवरी की सुबह राहगीरों ने रेलवे लाइन के पास झाड़ियों के बीच एक युवक को पेड़ से लटका देखा और इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को नीचे उतारकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसके पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज बरामद नहीं हुआ, जिसके चलते अब तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों से मिलान कर रही है।

साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि युवक की पहचान और वहां पहुंचने की परिस्थितियों का पता चल सके। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति साफ हो सकेगी।




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता त्यागराज स्टेडियम में निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए आर्थिक सहायता कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए।**

# एआई समिट के लिए फूलों व रोशनियों से सजेगी लुटियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के लिए नई दिल्ली आने वाले मेहमानों के लिए पूरा लुटियन दिल्ली का इलाका फूलों और रोशनियों से सजाया जाएगा। समिट के लिए विशेष तौर पर पांच हजार सजावटी गमले लगाए जा रहे हैं। फूलों के 15 बोर्ड भी तैयार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही समिट के दौरान ही ट्यूलिप उत्सव के आयोजन की योजना भी है। राजधानी में 15 से 20 फरवरी के बीच एआई समिट का आयोजन होना है। इसके तहत कई कार्यक्रम एनडीएमसी क्षेत्र में होंगे। विदेशी मेहमानों का ठहरना भी एनडीएमसी क्षेत्र में होगा। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद की ओर से समिट के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। समिट के लिए विशेष तौर पर महत्वपूर्ण स्थानों पर पांच हजार से ज्यादा सजावटी फूलों वाले गमले लगाए जा रहे हैं। सजावटी फूलों के पंद्रह बोर्ड तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें विशेष स्थानों पर लगाया जाएगा।

इन बोर्ड पर फूलों से ही एनडीएमसी के संदेश लिखे जाएंगे। एनडीएमसी की ओर से बीते सात सालों से ट्यूलिप उत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष समिट के दौरान ही इस उत्सव का आयोजन किए जाने की तैयारी है। इसके अलावा 300 पेड़ों को रोशनियों से सजाया जाएगा। सड़क के किनारे मौजूद 400 के लगभग खंभों और दस प्रमुख इमारतों को भी रोशनी से सजाया जाएगा। साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था समिट को लेकर पूरे एनडीएमसी क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में खासतौर पर सड़कों और फुटपाथों को पानी से साफ किया जा रहा है। सड़कों के किनारे की हरियाली को भी विशेष तौर पर तैयार किया जा रहा है। एनडीएमसी क्षेत्र की 41 प्रमुख सड़कों पर आधुनिक सड़क सुरक्षा उपकरण लगाए गए हैं। समिट के दौरान तमाम विभागों के बीच समन्वय के लिए एनडीएमसी के केन्द्रीय निगरानी कक्ष को विशेष तौर पर सक्रिय किया जाएगा।

## एआई समिट के दौरान भैरों मार्ग व मथुरा रोड पर वाहन रहेंगे प्रतिबंधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एआई समिट को लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने यातायात योजना तैयार की है। इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर आयोजन स्थल तक दक्षिणी और मध्य दिल्ली को 10 जोन और 22 सेक्टर में विभाजित किया है। आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था संभालने के लिए 4300 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

भैरों मार्ग और मथुरा रोड पर वाहन प्रतिबंधित किए जाएंगे। साथ ही जरूरत के हिसाब से अलग-अलग समय में कई मार्गों पर डाय वर्जन लागू किया जाएगा। 16 से 20 फरवरी तक एआई समिट का आयोजन भारत मंडपम में होगा। इसके उद्घाटन में प्रधानमंत्री शामिल होंगे।

# भाजपा नेताओं ने केरल के पार्षदों का स्वागत किया

**स्थानीय निकायों में भाजपा को मिला जन समर्थन आने वाले समय में केरल की राजनीति की दिशा तय करेगा: सचदेवा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओ.पी. धनखड़ एवं दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह के साथ राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ के साथ तिरुवनन्तपुरम के महापौर वी.वी. राजेश और उप महापौर जी.एस. आशा नाथ सहित केरल नगर निकाय चुनाव में नवनिर्वाचित 115 निगम पार्षदों और अन्य पदाधिकारियों का दिल्ली आगमन पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता राजीव बब्बर, मनीष चड्ढा और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। ढोल नगाड़े के साथ भाजपा की जय जयकार करते हुए भाजपा कार्यकर्ता केरल में कमल का फूल खिलने से काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने केरल के सभी नवनिर्वाचित निगम पार्षदों को पार्टी का पटका पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। वीरेंद्र सचद. 'वा ने इस मौके पर कहा कि यह जीत केरल की जनता द्वारा विकास, सुशासन और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जताए गए विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि वर्षों से वामपंथ और कांग्रेस की नीतियों से त्रस्त केरल की जनता ने इस नगर निगम चुनाव में बदलाव के पक्ष में मतदान किया है। केरल की जनता ने यह संदेश दिया है कि अब तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और खोखले वादों की राजनीति स्वीकार नहीं की जाएगी।

सचदेवा ने कहा कि केरल निगम चुनाव परिणाम यह भी दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और विकास मॉडल अब दक्षिण भारत में भी मजबूती से अपनी जगह बना चुका है। स्थानीय निकायों में भाजपा को मिला जनसमर्थन आने वाले समय में केरल की राजनीति की दिशा तय करेगा।

उन्होंने केरल भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि पार्टी जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेगी और स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास को प्राथमिकता देगी। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आज केरल से आए सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का हम स्वागत करते है। केरल में यह जीत विकास पर विश्वास दिखाने की जीत है और अब यह सभी निगम पार्षद राष्ट्रीय नेतृत्व से मिलेंगे तो बहुत खुश हों क्योंकि उन्हें भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा और शायद यहीं भाजपा की खूबसूरती भी है। तिरुवनन्तपुरम के महापौर वी.वी. राजेश ने इतनी गर्मजोशी के साथ स्वागत के लिए प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा सहित राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि केरल के निगम पार्षदों का यह दिल्ली दौरा बहुत कुछ सीखने का अवसर देगा और यहाँ हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व से मिलने वाले अनुभव हमें केरल के विकास में अहम योगदान देगा।

# धौला कुआं पर मोबाइल स्नेचिंग मामले में दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैंट थाना पुलिस ने बस का इंतजार कर रहे लोगों के साथ झपटमारी करने वाले दो शातिर झपटमारों को गिरफ्तार किया है। आरो. पियों रिंकू खान और अजय उर्फ बंटी के पास से दो मोबाइल और एक स्कूटी बरामद की गई है। आरोपी रिंकू आठ और अजय छह आपराधिक मामलों में पहले भी शामिल रह चुके हैं। दोनों पूर्वी महरम नगर इलाके के रहने वाले हैं।

पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 9 फरवरी की रात करीब 10:45 बजे दिल्ली कैंट थाने में पीसीआर कॉल मिली कि धौला कुआं मेट्रो स्टेशन के बाहर मोबाइल स्नैचिंग हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस को पीड़ित 20 वर्षीय तरूश्रा सिंह मिला, जो लखनऊ का रहने वाला है और इंजी. नियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। वह छुट्टी लेकर लखनऊ जाने के लिए बस पकड़ने धौला कुआं आया था। पुलिस को दिए बयान में तरूश्रा ने बताया कि वह बस का इंतजार कर रहा था, तभी स्कूटी सवार दो युवक आए और उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए।

मामले में एफआईआर दर्ज कर पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान पुलिस ने पहले रिंकू खान को पकड़ लिया। उसके पास से छीना गया मोबाइल फोन बरामद हुआ और मौके से एक स्कूटी भी मिली, जो रिंकू के पिता के नाम पर पंजीकृत पाई गई। आगे की जांच और फुटेज के आधार पर दूसरे आरोपी अजय उर्फ बंटी की पहचान हुई, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया।

## छात्र नेताओं का निलंबन रद्द करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जेएनयू के पूर्व छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के जेएनयू छात्रसंघ (जेएनयू एसयू) के सभी चार केंद्रीय पदाधिकारियों और पूर्व अध्यक्ष को निलंबित करने के फैसले पर आपत्ति जताई है। पूर्व छात्रों ने जेएनयू कुलपति प्रो. शांतिश्री धुलिपुडी पंडित को इसे लेकर एक खुला पत्र लिखा है। पूर्व छात्रों ने इस निर्णय को अभूतपूर्व और विश्वविद्यालय के लो. कतांत्रिक ढांचे के विरुद्ध बताया है। पत्र में कहा गया है कि जेएनयूएसयू विश्वविद्यालय का वैधानिक निकाय है। प्रशासन के पास इसे निष्क्रिय करने का न तो अधिकार है और न ही नैतिक आधार।



**भाजपा नेतागण केरल के नवनिर्वाचित पार्षदों का दिल्ली आगमन पर स्वागत करते हुए।**

# सामाजिक समारोह का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एडवोकेट यशकीर्ति कुमार भारती और एडवोकेट आकृति भारती की शादी की सालगिरह के मौके पर एक सामाजिक समारोह का आयोजन किया गया, जो दिल्ली के खूबसूरत वेन्यू बेल्स एन ब्लिस में मनाया गया। इस यादगार कार्यक्रम की मेजबानी एडवोकेट यशकीर्ति कुमार भारती के पिता, एडवोकेट और शिक्षाविद शशि कांत भारती ने, देवाशीष कुमार भारती, निहारिका भारती और श्वेता भारती के साथ मिलकर की, जिन्होंने सम्मानित मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया।



गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. नरेंद्र नाथ, पूर्व मंत्री, दिल्ली; निर्मल जैन, पूर्व मेयर; और श्री संजय गोयल, विधायक, दिल्ली शामिल थे, जिन्होंने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में अनुपमा बान, रामपाल गोस्वामी, इंस्पेक्टर, दिल्ली पुलिस; श्री हेमंत गौतम, जूनियर इंजीनियर, दिल्ली जल बोर्ड और मुकेश गिरी, पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता, उत्तराखंड राज्य की उपस्थिति से और भी शोभा बढ़ी। जाने-माने फिल्म निर्देशक और निर्माता ओ.पी. राय, जो ट्रांस यमुना पब्लिक स्कूल फेडरेशन के महा सचिव भी हैं, सुरेंद्र वर्मा, अध्यक्ष, ट्रांस यमुना पब्लिक स्कूल फेडरेशन के साथ इस अवसर पर मौजूद थे।

# राजधानी में बढ़े प्रदूषण, एक्यूआई 300 के पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के लोगों को प्रदूषित हवा से राहत मिलती नहीं दिख रही है। बुधवार को राजधानी दिल्ली की हवा फिर से बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई। ज्यादातर इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से ऊपर पहुंचा हुआ है। साथ ही दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषक कणों का औसत स्तर मानकों से लगभग तीन गुना ज्यादा हो गया है।

मौसम के अलग-अलग कारकों के चलते दिल्ली के लोगों को इस बार पहले से ज्यादा प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। अगर जाड़े के इस पूरे मौसम पर निगाह डालें तो अभी तक सिर्फ तीन दिन ही ऐसे रहे हैं जब वायु गुणवत्ता साफ-सुथरी रही हो। पिछले वर्ष 14 अक्तूबर को हवा खराब श्रेणी में एक बार पहुंची तो इस वर्ष जनवरी महीने में 24 और 25 तारीख को ही वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से नीचे यानी मध्यम श्रेणी पहुंचा।

फरवरी में सिर्फ एक दिन आठ फरवरी को सूचकांक 200 से नीचे रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, बुधवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 305 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बहुत खराब श्रेणी में रखा जाता है।

एक दिन पहले यह सूचकांक 271 के अंक पर था। यानी 24 घंटे के भीतर ही सूचकांक में 34 अंकों का इजाफा हुआ है। मानकों से तीन गुना ज्यादा प्रदूषण मानकों के मुताबिक, हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 का स्तर 100 से और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर की हवा में बुधवार दोपहर बाद तीन बजे पीएम 10 का स्तर 294.3 और पीएम 2.5 का स्तर 147.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। यानी दिल्ली-एनसीआर की हवा में इस समय मानकों से लगभग तीन गुना ज्यादा प्रदूषक कण मौजूद हैं। हवा की गति कम होने से बढ़ा प्रदूषण दिल्ली में बुधवार की सुबह हवा की गति धीमी रही। इसके चलते प्रदूषण के स्तर में इजाफा हुआ।

दिन में हवा की गति बढ़ने पर धूल का स्तर भी बढ़ा। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक, अगले दो दिनों के बीच दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में ही रहेगी। प्रदूषण मीटर: 10 फरवरी- 271 11 फरवरी-305 यहां की हवा सबसे खराब: मुंडका-390 वजीरपुर-381 आईटीओ-367 शादीपुर-367 चांदनी चौक-359

# 25 वर्ष पूरे करने की खुशी में मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गुरुग्राम।** सुंदरम फाइनेंस की गुरुग्राम शाखा ने आज अपनी सेवा के 25 वर्ष पूरे कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है, इस उपलक्ष पर एक बड़ा जश्न मनाया गया। यह जश्न केवल 25 वर्ष पूरे होने का नहीं, बल्कि ग्राहकों के साथ स्थायी साझेदारी, कर्मचारियों के समर्पण और उनके परिवारों के सहयोग को मान्यता देने का उत्सव भी था, जिन्होंने गुरुग्राम की इस शाखा की विरासत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नॉर्थेर्न रीजन में सुंदरम फाइनेंस के सीनियर जीएम एवं हेड सलीन नैर ने कहा, ष्सुंदरम फाइनेंस के इस लम्बे सफर का श्रेय - सच्चाई, निष्पक्षता और उस सेवा भाव को जाता है जिसकी डोर से हम अपने ग्राहकों के साथ बंधे हैं। यह शाखा अपने मूल्यों और उस समुदाय के बलबूते टिकी हुई है जिसे हम सेवा प्रदान करते और जिसके साथ जुड़े हैं

# तीन शवों की गुत्थी सुलझी: तांत्रिक ने रुपयों के लालच में दिए जहर वाले लड्डू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पीरागढ़ी ट्रिपल मर्डर केस में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए एक तांत्रिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह सुनियोजित साजिश थी, जिसमें पैसों के लिए तीन लोगों को जहर देकर मार दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमरुद्दीन उर्फ बाबा, निवासी फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। यह गाजियाबाद के लोनी और फिरोजाबाद में तांत्रिक केंद्र संचालित कर रहा था।

डीसीपी सचिन शर्मा के मुताबिक 8 फरवरी को पीसीआर कॉल के जरिए पश्चिम विहार ईस्ट थाने को सूचना मिली कि एक सफेद कार में तीन लोग अचेत अवस्था में पड़े हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार से 76 वर्षीय रणधीर (बापरोला), 42 वर्षीय शिव नरेश (नगली डेयरी) और 40 वर्षीय लक्ष्मी (जहांगीरपुरी) को बरामद किया। तीनों को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कार की तलाशी में शराब की बोतलें, कोल्ड ड्रिंक, खाली गिलास, मोबाइल फोन, हेलमेट, जैकेट और अन्य दस्तावेज बरामद हुए।

परिजनों ने आत्महत्या की संभावना से इनकार करते हुए संदेह जताया था। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और लोकेशन डेटा की मदद से पाया कि तीनों मृतक कमरुद्दीन नामक तांत्रिक के संपर्क में थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने धनवर्षा के नाम पर विशेष तांत्रिक क्रिया कराने का झांसा दिया और उनसे दो लाख रुपये नकद, शराब व कोल्ड ड्रिंक लाने को कहा। तकनीकी साक्ष्यों से यह भी सामने आया कि घटना वाले दिन तीनों लोनी गए थे और आरोपी के संपर्क में रहे। पुलिस का दावा है कि आरोपी लोनी से उनकी कार में सवार हुआ और पीरागढ़ी तक साथ आया। रास्ते में उसने लड्डू में जहर मिलाकर उन्हें शराब और कोल्ड ड्रिंक के साथ सेवन कराया। तीनों के अचेत होने के बाद वह नकदी और अन्य कीमती सामान लेकर मौके से फरार हो गया।

वहीं पुलिस का कहना है कि आरोपी ने महिला के पहने गहने इसलिए नहीं लिया क्योंकि वह आर्टिफिशियल पाया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। शुरुआत में उसने जांच को गुमराह करने की को. शिश की, लेकिन तकनीकी और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उसकी कार में मौजूदगी की पुष्टि हुई। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी पूर्व में कई मामले दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार, मृत महिला लक्ष्मी सबसे पहले अपने पति के इलाज के सिलसिले में जहांगीरपुरी निवासी सलीम के माध्यम से आरोपी तांत्रिक के संपर्क में आई थी। जांच में सामने आया है कि मुलाकात के दौरान आरोपी ने शॉल से पैसे निकालने जैसा करतब दिखाकर धनवर्षा का दावा किया और भरोसा दिलाया कि वह कुछ पैसों को तांत्रिक क्रिया के जरिए कई गुना बढ़ा सकता है।

पुलिस का कहना है कि इसी विश्वास के बाद लक्ष्मी ने शिव नरेश और रणधीर को तांत्रिक से मिलवाया। आरोपी ने तीनों को दो लाख रुपये लाने के लिए कहा और आश्वासन दिया कि तंत्र-क्रिया के माध्यम से यह रकम तीन करोड़ रुपये तक बनाई जा सकती है। रविवार को पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर खड़ी कार से 76 वर्षीय रणधीर सिंह, 40 वर्षीय शिव नरेश और लक्ष्मी के शव मिलने के बाद शुरुआती जांच में लूट या संघर्ष के कोई संकेत नहीं मिले थे। कार में रखे मोबाइल फोन और महिला के गहने सुरक्षित पाए गए, जिससे पुलिस ने लूट की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया था।

हालांकि, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर यह साफ हुआ कि मौत से पहले कार में तीन नहीं, बल्कि चार लोग मौजूद थे। पुलिस के अनुसार, जब घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की गई, तो एक फुटेज में कार के भीतर चौथा व्यक्ति भी नजर आया।

## नाबालिग की हत्या मामल में 5 किशोर पकड़े

**नई दिल्ली।** मोती नगर इलाके में एक नाबालिग की हत्या मामले में पुलिस ने पांच किशोर को पकड़ा है। पार्क में खड़े होने को लेकर शुरू हुई बहस के बाद हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौ फरवरी को जखीरा इलाके में रहने वाले नाबालिग लड़के की पार्क में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले की जांच के लिए एसीपी पंजाबी बाग आईपीएस शिवम की देखरेख में और थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वरुण दलाल की टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज एक प्रत्यक्षदर्शी को दिखाई गई, जिसने सभी आरोपियों की पहचान की। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने पहले मुख्य आरोपी 16 वर्षीय नाबा. लिग को पकड़ा। इसके बाद अन्य आरोपियों को भी पकड़ लिया।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का उबाल जयंत चौधरी का पुतला फूंकने से पहले पुलिस ने छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को जनपद में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। सैकड़ों की संख्या में शिक्षक केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और पुतला फूंकने का प्रयास किया। शिक्षकों के हाथों में बैनर और मांगों से जुड़े पोस्टर थे तथा वे टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर विरोध जता रहे थे।

केंद्रीय मंत्री का पुतला फूंके जाने की सूचना मिलते ही हापुड़ नगर पुलिस पहले से ही जिलाधिकारी कार्यालय पर तैनात थी। इसी दौरान अचानक कुछ शिक्षक पुतला लेकर आगे बढ़े और उसमें चिंगारी लगाने का प्रयास किया। स्थिति को भांपते हुए चौकी इंचार्ज कृष्णपाल सिंह तूफानी अंदाज में मौके पर पहुंचे और आग लगने से पहले ही पुतला शिक्षकों के हाथों से लपक लिया। पुतला छीनते ही वह तेजी से दौड़ पड़े। शिक्षक भी उनके पीछे भागे, लेकिन चौकी इंचार्ज उनकी पकड़ में नहीं आए और पुतला फूंके जाने से रोक दिया गया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने हालात को नियंत्रित करते हुए किसी तरह की अनहोनी नहीं होने दी। शिक्षकों का कहना है कि वे सर्वोच्च न्यायालय के एक सितंबर 2025 के निर्णय के संदर्भ में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। निर्णय के



अनुसार प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का कहना है कि आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को नियमानुसार टीईटी परीक्षा से छूट दी जानी चाहिए। संगठन का दावा है कि विभिन्न स्तरों पर हुई वार्ताओं में उन्हें छूट दिए जाने का आश्वासन भी मिला था, लेकिन हाल ही में लोकसभा में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी द्वारा दिए गए जवाब से शिक्षकों में निराशा फैल गई है। प्रदर्शन के बाद शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से छूट प्रदान की जाए, क्योंकि उस समय नियुक्ति की शर्तों में टीईटी अनिवार्य नहीं था। शिक्षक समुदाय ने सरकार से मांग की है कि उनके साथ न्यायसंगत निर्णय लेते हुए नियमानुसार छूट दी जाए, ताकि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित रह सके। प्रदर्शन के दौरान वातावरण काफी गरमाया रहा, हालांकि पुलिस की तत्परता से स्थिति नियंत्रण में रही और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। शिक्षक संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय न होने की स्थिति में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## तमंचा-कारतूस और अवैध चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन शस्त्र' अभियान के तहत थाना सिम्भावली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय जिंदा कारतूस और एक अवैध चाकू बरामद किया है। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र के निर्देशानुसार जनपद में अवैध शस्त्रों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान ग्राम अनुपपुर डिबाई की ओर जाने वाली सड़क पर एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उसके पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान जितेन्द्र उर्फ नन्ना पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम कंचनपुर, थाना भोजीपुरा, जनपद बरेली हाल पता रविदास चौक, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी कार्रवाई में ग्राम राजपुर की मढ़ैया सड़क पर चेकिंग के दौरान एक अन्य युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता मिला। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। आरोपी की पहचान विजय पुत्र प्रहलाद निवासी गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों मामलों में थाना सिम्भावली पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

## महाशिवरात्रि-रमजान पर शांति का पहरा, थानों में गूंजी भाईचारे की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी महाशिवरात्रि और रमजान माह को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारियों द्वारा विभिन्न थाना परिसरों में धर्मगुरुओं, गणमान्य एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। बैठकों में आपसी भाईचारे, सांप्रदायिक सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।



पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ पोस्ट या शरारती तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को सक्रिय कर दिया गया है, ताकि भ्रामक या उकसाने वाली सामग्री पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठकों में जुलूस मार्ग, नमाज स्थलों और प्रमुख मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने तथा नियमित गश्त बढ़ाने की जानकारी दी गई। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, ड्रोन से नजर और रात्रि पेट्रोलिंग जैसे कदम भी सुनिश्चित किए जा रहे हैं। पुलिस ने धर्मगुरुओं और समाज के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि त्योहार प्रेम, आस्था और आपसी सम्मान का प्रतीक हैं।

सभी समुदायों से अपील की गई कि वे परंपराओं का पालन करते हुए शांति और सद्भाव बनाए रखें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस और प्रशासन का उद्देश्य है कि दोनों पर्व आपसी भाईचारे और उल्लास के साथ संपन्न हों, जिससे जिले में अमन और एकता का संदेश मजबूत हो।

## धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप, फिल्म निर्माता पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रही फिल्म 'घूसखोर पंडित' के शीर्षक को लेकर ब्राह्मण समाज में नाराजगी देखने को मिल रही है। बुधवार को समाज के कई लोग हापुड़ नगर थाने पहुंचे और फिल्म के निर्देशक व मुख्य अभिनेता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए एफआईआर की मांग की।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि फिल्म का नाम और उसका प्रस्तुतिकरण एक विशेष वर्ग की धार्मिक व सामाजिक भावनाओं को आहत करता है। उनका आरोप है कि 'घूसखोर पंडित' जैसे शब्दों के माध्यम से पूरे ब्राह्मण समाज को गलत रूप में दर्शाने का प्रयास किया गया है, जिससे समाज की छवि धूमिल हो रही है। नानक चंद शर्मा



द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस प्रकार की सामग्री जानबूझकर एक समुदाय को अपमानित करने के उद्देश्य से बनाई गई प्रतीत होती है। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, ऐसे कंटेंट पर रोक लगाने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कदम उठाने की अपील की गई है। इस दौरान अमरनाथ शर्मा, भगीरथ लाल शर्मा, विक्की शर्मा, नरेंद्र शर्मा, विकास शर्मा और अंकुर शर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## मदन चौहान ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के हिरणपुरा गांव में सोमवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब पूर्व राज्यमंत्री और भाजपा नेता मदन चौहान पर हमला करने का प्रयास किया गया। वह एक परिचित के सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी रास्ते में कार सवार युवकों ने उनकी गाड़ी को रोककर पिस्टल तान दी। गनीमत रही कि हथियार से गोली नहीं चली और सुरक्षाकर्मियों की सक्रियता से संभावित बड़ी घटना टल गई।

जानकारी के अनुसार मदन चौहान अपनी इनोवा कार से मेरठ रोड हाईवे से होते हुए हिरणपुरा गांव की ओर जा रहे थे। गांव के पास पहुंचते ही कुछ युवक कारों के साथ संदिग्ध स्थिति में खड़े दिखाई दिए। जैसे ही उनकी गाड़ी पास पहुंची, एक युवक अचानक सड़क पर आ गया, जिससे चालक को वाहन रोकना पड़ा। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने पिस्टल निकालकर फायर करने की कोशिश की, लेकिन गोली नहीं चली। घटना के दौरान चौहान के गनर भी उनके साथ मौजूद थे। सुरक्षाकर्मियों को सक्रिय होता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। पूर्व राज्यमंत्री ने आशंका जताई कि यदि सुरक्षा कर्मी साथ न होते तो गंभीर परिणाम हो सकते थे। घटना के विरोध में बुधवार को मदन चौहान अपने समर्थकों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि जिस युवक के हाथ में पिस्टल थी, वही मुख्य आरोपी है और उसकी



गिरफ्तारी के बिना घटना का पूरा खुलासा संभव नहीं है। उन्होंने आरोपियों के कब्जे से हथियार बरामद करने की भी मांग की। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के दौरान एक फॉर्च्यूनर कार की पहचान की गई। इसी आधार पर कार स्वामी रामकिशोर को हिरासत में लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

## साइबर ठगों पर पुलिस का प्रहार, वापस कराए 20 हजार रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच थाना धौलाना की साइबर क्राइम टीम ने तत्परता दिखाते हुए ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित के 20 हजार रुपये उसके बैंक खाते में वापस कराए हैं। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने हापुड़ पुलिस का आभार जताया और टीम की सराहना की। साइबर सैल थाना धौलाना लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। 11 फरवरी 2026 को साइबर ठगी से संबंधित एक प्रकरण में कार्रवाई करते हुए टीम ने त्वरित तकनीकी जांच, बैंकिंग समन्वय और आवश्यक पत्राचार की प्रक्रिया पूरी कर पीड़ित के 20,000 रुपये सफलतापूर्वक होल्ड कराकर वापस कराए।




प्राप्त जानकारी के अनुसार शैलेन्द्र निवासी इंडस्ट्रियल एरिया यूपीएसआईडीसी, थाना धौलाना जनपद हापुड़, साइबर ठगी का शिकार हुए थे। उनके साथ 43,298 रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई थी। शिकायत मिलते ही साइबर टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई शुरू की और आंशिक धनराशि 20,000 रुपये वापस कराने में सफलता हासिल की। शेष धनराशि की रिकवरी के लिए भी प्रयास जारी हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, ऐसे में सतर्कता बेहद जरूरी है। किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा करने से बचें और ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

### एक नजर

## झूठे मुकदमे की साजिश में खुद पर चलवाई गोली, पुलिस ने खोला राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हुई गोलीकांड की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि कथित पीड़ित वीरपाल सैनी ने ही अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर खुद पर गोली चलवाने की साजिश रची थी, ताकि मनोज नामक युवक को झूठे मुकदमे में फंसाया जा सके। थाना पिलखुवा पुलिस ने मामले का सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है।

गौरतलब है कि 9 फरवरी 2026 को प्रीती सैनी पत्नी वीरपाल सैनी निवासी मोहल्ला साकेत, रेलवे रोड, थाना पिलखुवा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 7 फरवरी की रात मनोज पुत्र बबली निवासी ग्राम छिजारसी व एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके पति वीरपाल को तमंचे से गोली मार दी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को कई तथ्य संदिग्ध लगे। गहन पड़ताल में मनोज की नामजदगी गलत पाई गई और घटना में स्वयं वीरपाल व उसके दो साथियों मोनू उर्फ कालिया और करमवीर की भूमिका सामने आई। पुलिस के अनुसार वीरपाल ने षड्यंत्र रचकर अपने साथियों से खुद पर गोली चलवाई, ताकि मनोज को झूठे अभियोग में फंसाया जा सके। अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने बीएनएस से संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए हाईवे से हिण्डालपुर की ओर जाने वाले रास्ते से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मोनू उर्फ कालिया पुत्र मुकेश निवासी मोहल्ला किशनगंज थाना पिलखुवा तथा करमवीर पुत्र वीरेन्द्र निवासी नहरोसा थाना नवाबगंज फर्रुखाबाद हाल पता एफ-102 कस्बा व थाना नन्दग्राम जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नगर निगम ने मुड़ैसी में 49 बकायेदारों से वसूला 5.69 लाख हाउस टैक्स

**टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा बकाया राजस्व वसूली और जनता को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से वार्डों में विशेष कर वसूली शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त जग प्रवेश के निर्देशन में वार्ड संख्या-8 स्थित ग्राम मुडैसी में कैंप लगाया गया जहाँ विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी। ग्राम मुडैसी में आयोजित इस कैंप के दौरान राजस्व टीम ने मौके पर ही 49 भवन स्वामियों से 5,69,80 (पांच लाख उन्हेत्तर हजार आठ सौ रुपये) का हाउस टैक्स वसूल किया। निगम की इस पहल से स्थानीय निवासियों को भी राहत मिली क्योंकि उन्हें टैक्स जमा करने के लिए नगर निगम कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़े। मौके पर ही बिलों का निस्तारण कर रसीदें प्रदान की गईं। टीम ने क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को समय पर टैक्स जमा करने के लाभ बताए और भविष्य में होने वाली कानूनी कार्रवाई व जुर्माने के प्रति जागरूक भी किया। अभियान के दौरान राजस्व निरीक्षक राजेश कुमार, राजस्व लिपिक प्रेमपाल और कंप्यूटर ऑपरेटर सैफ मौजूद रहे। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि नगर विकास के कार्यों को गति देने के लिए राजस्व संग्रह अनिवार्य है। निगम प्रशासन का प्रयास है कि जनता के द्वार पर ही उन्हें टैक्स जमा करने की सुविधा मिले। आगामी दिनों में अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे। नागरिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपने बकाया करों का भुगतान करें ताकि शहर में नागरिक सुविधाओं का और बेहतर विस्तार किया जा सके।

## केरल भाजपा के प्रतिनिधिमंडल का मथुरा जंक्शन पर किया स्वागत

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी जिला महानगर मथुरा द्वारा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव के नेतृत्व में मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर केरल विधानसभा चुनाव 2026 से पूर्व दिल्ली जा रहे भाजपा के 119 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत प्रतिनिधिमंडल को नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया। यह प्रतिनिधिमंडल पार्षदों, नगरपालिका अध्यक्षों, महापौर एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों से युक्त है, जो केरल एक्सप्रेस से राजधानी पहुंचेगा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक एकजुटता एवं चुनावी उत्साह स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।

## दुवासू में डा. सी.एम. सिंह स्मारक व्याख्यान का आयोजन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान में दीक्षोत्सव माहद2026 के अंतर्गत दिनांक 11 फरवरी 2026 को विख्यात पशु विकृति विज्ञानी एवं भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सी. एम. सिंह की स्मृति में स्मारक व्याख्यान का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक (पशु विज्ञान) तथा दुवासू, के पूर्व कुलपति, पद्मश्री प्रोफेसर (डॉ.) मोतीलाल मदन उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने डॉ. चिंतामणि सिंह के पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को डॉ. सिंह के आदर्शों एवं कार्यों से प्रेरणा लेकर उनके पदचिह्नों पर अग्रसर होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसके परिणामस्वरूप पशुपालन, मुर्गीपालन तथा उनके उत्पादन में व्यापक वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि देश में पशुधन उत्पादों की उपलब्धता पशु वैज्ञानिकों के सतत अनुसंधान एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन का प्रतिफल है।

## लखनऊ में गूंजा हापुड़ का मुद्दा, विधायक ने सीएम को सौंपे प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव उनके समक्ष रखे। मुलाकात के दौरान विधायक ने क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण तथा जनपद न्यायालय की नई इमारत के निर्माण के लिए बजट स्वीकृति की मांग की। विधायक आढ़ती ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि हापुड़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर ककोड़ी स्थित 57 चौराहे से ग्राम नूरपुर तक मार्ग लंबे समय से चौड़ीकरण की प्रतीक्षा में है। सड़क संकरी होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है और दुर्घटनाओं की



आशंका बनी रहती है। उन्होंने इस मार्ग के चौड़ीकरण और नवनिर्माण के लिए शीघ्र स्वीकृति देने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पड़ाव से मीरपुर महमूदपुर होते हुए ग्राम काकड़ तक जाने वाले मार्ग के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण का प्रस्ताव भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। विधायक ने कहा कि यह मार्ग ग्रामीण अंचल को मुख्य सड़क से जोड़ता है। इसके बेहतर होने से किसानों, व्यापारियों और आमजन को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही स्थानीय व्यापार को भी गति मिलेगी। सड़क परियोजनाओं के साथ ही विधायक ने हापुड़ जनपद न्यायालय की नई इमारत के निर्माण हेतु बजट स्वीकृत करने की मांग की। उन्होंने बताया कि वर्तमान व्यवस्था में स्थान की कमी के कारण न्यायिक कार्यों के संचालन में दिक्कतें आती हैं। नई इमारत बनने से वादकारियों, अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मुलाकात के बाद विधायक विजयपाल आढ़ती ने कहा कि हापुड़ के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद विकास कार्य जल्द ही धरातल पर दिखाई देंगे।

## वृंदावन में उद्घाटन से ठीक पहले जल उठा होटल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** बुधवार को वृंदावन में नवनिर्मित होटल में आग लग गई। आग से होटल में बडा नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। होटल में आग लगने की सूचना पर जिलाधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच गये और राहत और बचाव कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा कराया। एक बच्चे के हल्का झुलसने और एक महिला के चोटिल होने की जानकारी मिली है।

वृंदावन स्थित रुक्मणी विहार स्थित नवीन श्री सिद्धिविनायक होटल में आग लग गई। माना जा रहा है कि होटल के शुभारंभ से पहले पूजन के दौरान लगी आग लगी। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि वृंदावन में रूकमणि बिहार में सिद्धविनायक होटल का उद्घाटन किया जा रहा है। सुभाष अग्रवाल इस होटल के ऑनर हैं। संभवतः उद्घाटन के दौरान होटल में आग लग गई। कार्यक्रम में ऑनर के परिवार के ही लोग थे। बताया जा रहा है कि एक बच्चा थोडा सा झुलस गया है। एक महिला हैं जो चोटिल हुई हैं। आज ही होटल का उद्घाटन हो रहा था। तात्कालिकरूप से फायरबिग्रेड और पुलिस के जवानों ने मेहनत कर आग पर काबू पाया। ठाकुर जी की कृपा रही कि किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। होटल की पूरी जांच कराई जाएगी, सभी प्रक्रियाएं पूरी की गई हैं कि नहीं।

## संस्कृति विवि में विद्वानों ने बताए वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता के लाभ

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय ने सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेमिनार हॉल में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन संस्कृति विश्वविद्यालय, एनआईआई फाउंडेशन, महिंद्रा फाइनेंस और सिस्को के द्वारा मिलकर किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, प्रशासनिक कर्मचारियों, प्रशिक्षकों और सामुदायिक प्रतिनिधियों कोआधुनिक वित्तीय प्रणाली और डिजिटल परिदृश्य की जटिलताओं को समझने और उनका प्रभावी उपयोग करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान किए गए। आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. पंकज कुमार गोस्वामी ने अपने स्वागत भाषण में कार्यशाला के उद्देश्य को स्पष्ट किया और इसे संस्कृति विश्वविद्यालय के समग्र छात्र विकास और सामाजिक कल्याण के दृष्टिकोण से जोड़ा। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता लोगों को सूचना तक पहुंचने, प्रभावी संचार करने, ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करने और साइबर खतरों से बचने में सक्षम बनाती है, जिससे सीखने, रोजगार और उत्पादकता में वृद्धि होती है। वहीं, वित्तीय साक्षरता लोगों को बजट प्रबंधन, बचत, निवेश और जिम्मेदार उधार के बारे में समझ प्रदान करती है, जिससे बेहतर वित्तीय योजना और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होती है। दोनों मिलकर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं, धोखाधड़ी के जोखिम को कम करते हैं और डिजिटल विभाजन को पाटते हैं। अध्यक्षीय संबोधन में प्रोदवाइस चांसलर, प्रो. रघुरामा भट्ट ने वित्तीय और डिजिटल साक्षरता को भारत के "अमृत काल" के लिए अनिवार्य बताया और इन पहलों के लिए संस्थागत समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सूचना, तकनीक, धन, मीडिया, स्वास्थ्य, पर्यावरण, संस्कृति और भावनाओं की समझ भी शामिल है, जो व्यक्तिगत विकास और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए आवश्यक है। एनआईटी फाउंडेशन (दिल्ली) के राष्ट्रीय प्रमुख अखिलेश शर्मा ने डिजिटल स्किलिंग के राष्ट्रीय रुझानों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, पहचान चोरी, फिशिंग, हैकिंग, डेटा उल्लंघन और सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता की कमी लोगों को वित्तीय नुकसान के प्रति संवेदनशील बनाती है।

# फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले चार गिरफ्तार

**■ क्रू शिप में नौकरी के नाम पर करते थे ठगी**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** साइबर क्राइम और सेक्टर-126 थाना पुलिस की ज्वाइंट टीम ने फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया है। ये लोगों को क्रू-शिप (समुद्री जहाज) में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी कर रहा था। पुलिस ने इस गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से लैपटॉप, मोबा. इल फोन, कॉलिंग डेटा और कई फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं।

एडिशनल डीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि सेक्टर-132 क्षेत्र में एक कंपनी के नाम पर कॉल सेंटर चलाकर लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे वसूले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने संयुक्त टीम बनाकर मौके पर छापा मारा और सी हायर मरीन सर्विसेज कंपनी नाम से चल रही फर्जी कंपनी का भंडाफोड़ कर दिया। मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जालौन निवासी राहुल, अलीगढ़ निवासी प्रशांत, गौतमबुद्धनगर निवासी विशाल शर्मा और कानपुर नगर निवासी सैफ वारिश के रूप में हुई है। राहुल गिरोह का सरगना है।

**इंटरनेट कालिंग और डेटा लेकर करते बातचीत:** पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से यह ठगी कर रहे थे और देश के कई राज्यों के लोगों को निशाना बना चुके हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी इंटरनेट और कॉलिंग के जरिए नौकरी तलाश रहे युवाओं का डेटा जुटाते थे। इसके बाद उन्हें फोन करके विदेश में क्रू-शिप में नौकरी दिलाने का लालच दिया जाता था। आकर्षक वेतन और विदेश में काम करने का सपना दिखाकर उनसे रजिस्ट्रेशन फीस, प्रोसेसिंग फीस और अन्य खर्चों के नाम पर एक लाख से लेकर एक लाख बीस हजार रुपये तक वसूले जाते थे। पैसा मिलने के बाद आरोपी या तो फोन उठाना बंद कर देते थे या फिर नई फीस की मांग करने लगते थे।

**अलग-अलग खातों में एक करोड़ मिले:** पुलिस के अनुसार आरोपियों ने इस तरीके से अलग-अलग बैंक खातों में लगभग एक करोड़ रुपये की ठगी की है। बरामद बैंक पासबुक और खातों की जांच में पता चला कि केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में इनके खिलाफ शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस अब इन खातों और अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

**26 शीट डेटा मिला:** छापेमारी के दौरान पुलिस को आरो. पियों के पास से तीन लैपटॉप, सात मोबाइल फोन, कॉलिंग डेटा की 26 शीट, 21 रजिस्टर, चार मोहर, चार फर्जी जॉइनिंग लेटर और कई बैंक दस्तावेज मिले हैं। इन दस्तावेजों का इस्तेमाल लोगों को भरोसा दिलाने और ठगी को असली दिखाने के लिए किया जाता था। पुलिस बरामद सामान के आधार पर गिरोह के नेटवर्क की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

**50 हजार रुपये प्रतिमाह देते थे किराया:** जिस बिल्डिंग में कॉल सेंटर संचालित हो रहा था उसे गिरोह के सरगना ने 50 हजार रुपए प्रतिमाह किराए पर लिया हुआ था। बीते एक साल से वहां पर कॉल सेंटर संचालित हो रहा था। बेरोजगार युवकों का डाटा आरोपियों को कहां से मिलता था,इसका पता लगाया जा रहा है। ज्यादातर आरोपी स्नातक हैं। सभी का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

# नोएडा और ग्रेनो में डेटा सेंटर को मिलेगी रफ्तार

**■ डेटा क्लसटर्स और अथारिटी से मिलेगा फायदा, निवेश के साथ बढ़ेगी तकनीक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यूपी के बजट में इस बार डेटा क्लस्टर और डेटा अथॉरिटी बनाने के प्रावधान किया गया है। इसका सीधा असर नोएडा और ग्रेटर नोएडा पर दिखेगा, क्योंकि नोएडा में डेटा सेंटर से जुड़ी कई बड़ी कंपनियां आ चुकी हैं। इनका निर्माण किया जा रहा है। साथ ही निवेश की तैयारी भी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पूर्व में डाटा सेंटर के लिए 13 भूखंडों की योजना निकाली थी। नोएडा में एक सेक्टर को डेटा सेंटर के लिए आरक्षित किया गया है।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अभी करीब 11 डाटा सेंटर के लिए भूखंड आवंटित हैं। इनमें डाटा सेंटर संचालित हैं। आने वाले दिनों में और भूखंड आवंटित किए जाने हैं। यूपी सरकार ने इस क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के लिए भूखंड आवंटित करने की नीति अलग से तैयार कर रखी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आठ मार्च 2025 को नोएडा के सेक्टर-132 में सीफी कंपनी के एआई सक्षम डाटा सेंटर का लोकार्पण किया था। यह कंपनी 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी और 700 लोगों को रोजगार देगी। यह उत्तर भारत के सबसे बड़े एआई रेडी डाटा सेंटर में से एक है। डाटा सेंटर 220 केवी के ऑन-प्रिमाइज सबस्टेशन के साथ काम करता है। यह उच्च घनत्व वाले सर्वर का समर्थन करता है।

ग्रेटर नोएडा में योट्टा का एक डाटा सेंटर पहले से ही स्थित है। एक अन्य कंपनी ने दूसरे डाटा सेंटर का काम भी शुरू कर दिया है। योट्टा डी1 डाटा सेंटर उत्तर भारत के डाटा सेंटर का गेटवे होने के साथ ही कई बिंदुओं में खास माना जा रहा है। 250 मेगावाट की क्षमता वाले इस डाटा सेंटर स्टोरेज का आंकलन इससे लगाया जा सकता है कि इसमें 60 लाख हाई डेफिनेशन (एचडी) की फिल्मों के डाटा को स्टोर किया जा सकता है।

इस डाटा सेंटर का यह केवल डी-1 पार्ट था। इसके अलावा डी-2 और डी-3 पार्ट का काम चल रहा है। वहीं, नॉलेज पार्क-5 में ही ग्रेटर नोएडा के दूसरे डाटा सेंटर का काम चल रहा है। करीब 10 एकड़ में फैले इस डाटा सेंटर की क्षमता 250 मेगावाट से अधिक होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवंबर 2022 में ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 में डाटा सेंटर का लोकार्पण किया था। जिले में कई और डाटा सेंटर का काम चल रहा है।

## समर्पण दिवस के रूप में पुण्यतिथि मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** भाजपा दादरी नगर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप मे मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष प्रणीत भाटी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके आदर्श सेवा, समर्पण और सशक्त भारत निर्माण की प्रेरणा देते रहेंगे।

कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष गीता पंडित, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, 25 स्थानों से हटाए गए अवैध कब्जे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को शहर के विभिन्न सेक्टरों और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। प्राधिकरण की वर्क सर्किल-1 से 10 की टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 25 स्थानों से अवैध कब्जे हटाए।

प्राधिकरण के अनुसार, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को सुगम एवं जाम-मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़कों के किनारे और अन्य स्थानों पर लगाए गए अवैध वेंडर्स, ठेले-पटरी, अस्थायी ढांचे और अन्य अतिक्रमण हटाए गए। जिन प्रमुख




क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया गया, उनमें सेक्टर-12, 43, 44, 45, 51, 52, 53, 57, 58, 59, 60, 76 (प्रिसले सोसायटी के पास), 80, 81, 84, 87 (नयागांव), 163, एनआरआई रोड, फेज-2, डोजरी कॉम्प्लेक्स, नगला चरनदास, भंगेल, कैंटर रोड (सेक्टर-87) और जेपी फ्लाईओवर से डीएससी रोड तक का क्षेत्र शामिल है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न स्रोतोंख्रजनमानस, आरडब्ल्यूए, फोन कॉल और औद्योगिक संगठनों से अवैध वेंडर्स और अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों के निस्तारण के लिए यह अभियान चलाया गया है। नोएडा प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए प्रतिदिन नियमित रूप से अभियान जारी रहेगा और अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### जेवर में सरकारी ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र जल्द बनेगा

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** जेवर में सरकारी ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाएगा। केंद्र के लिए सरकार की ओर से चयनित कंपनी को अनुदान मिल गया है। हालांकि, अब तक केंद्र खोलने की प्रक्रिया पर काम शुरू नहीं हुआ है। जिले में दो अभी तक ड्राइविंग प्रशिक्षण और परीक्षण के लिए दो ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र हैं। इसमें दादरी स्थित शिवम मार्बल मोटर प्रशिक्षण केंद्र और वाईबी बिल्डर्स ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र शामिल है। वहीं, एक अन्य प्रशिक्षण केंद्र सेक्टर 167 में बन रहा है। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने कहा कि जेवर में एक और ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र खुलेगा। इसे सरकार की ओर से अनुदान मिला है। केंद्र खुलने से लोगों के पास में वाहन प्रशिक्षण और स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस की परीक्षा के लिए अधिक विकल्प होंगे। केंद्र के निर्माण को लेकर काम शुरू नहीं हुआ है। संभव है कि साल खत्म होने से पहले केंद्र की शुरुआत हो जाएगी। एक और केंद्र ग्रेनो वेस्ट में खुलना प्रस्तावित है।

### ओमेक्स मॉल के 127 खरीदार एनसीएलटी पहुंचे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर बीटा-2 स्थित ओमेक्स मॉल के 127 खरीदारों ने बिल्डर प्रबंधन के विरुद्ध एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने वाद दायर कर आरोप लगाया कि प्रबंधन ने आवंटियों से दुकानें लीज पर लेने के बाद किराया देना बंद कर दिया। खरीदार शाहबाज खान ने बताया कि सात साल पहले ओमेक्स मॉल में 40 लाख रुपये देकर कई आंवटियों ने दुकानें खरीदी। प्रबंधन ने किसी ब्रांड के न आने तक खुद ही दुकानों को लीज पर ले लिया। इसके एवज में हर महीने किराया दिया जाने लगा। पिछले एक साल से प्रबंधन ने रुपये देने बंद कर दिए। पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया। खरीदार राकेश ने कहा कि अब आवंटियों को रकम फंसने की चिंता सताने लगी है। ऐसे में एनसीएलटी में बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ वाद दायर किया गया। रजिस्ट्री भी नहीं कराई खरीदार शाहबाज खान और अंकुर ने आरोप लगाया कि बिल्डर प्रबंधन ने दुकानों की रजिस्ट्री भी नहीं कराई है। लेआउट में भी बदलाव कर दिया गया। मौके पर कोई भी दुकान का निर्माण अब तक नहीं हुआ है।

### बीएससी छात्रा लापता, तीन दिनों से नहीं मिला सुराग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक डिग्री कॉलेज की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा पिछले तीन दिनों से लापता है। छात्रा के परिजनों ने बुधवार को दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार, उनकी 19 वर्षीय बेटी 9 फरवरी को प्रतिदिन की तरह कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। हालांकि, वह कॉलेज नहीं पहुंची। देर शाम तक घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उन्होंने रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया, लेकिन छात्रा का कोई सुराग नहीं मिला। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। तीन दिनों की तलाश के बाद परिजनों ने दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छात्रा की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर छानबीन की जा रही है और सर्विलांस की मदद भी ली जा रही है। पुलिस का कहना है कि छात्रा का जल्द ही पता लगा लिया जाएगा।

### गैंगस्टर के आरोपी की जमानत खारिज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सत्र न्यायाधीश अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के पुराने मामले में आरोपी सलीम की जमानत खारिज कर दी। जमानत अर्जी में आरोपी ने कहा था कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। वह किसी गैंग का सदस्य नहीं है। न ही कभी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। गिरफ्तारी पर रोक के लिए उच्च न्यायालय में दायर याचिका स्वीकार की गई थी। गैंग चार्ट में दर्शाए गए 2008 के एक मुकदमे में वह दोषमुक्त हो चुका है, जबकि 2006 के एक मुकदमे सिर्फ आर्म्स एक्ट में उसे दंडित किया गया है। वहीं अभियोजन पक्ष ने कहा कि पूर्व विशेष लोक अभियोजक द्वारा 28 नवंबर 2025 को त्यागपत्र दिए जाने के बाद जिलाधिकारी और संयुक्त निदेशक अभियोजन को कई बार पत्र भेजे, लेकिन गैंगस्टर एक्ट मामलों की पैरवी के लिए अब तक किसी की नियुक्ति नहीं की गई। बावजूद अदालत ने केस डायरी और पत्रावली का अवलोकन कर बचाव पक्ष की दलीलें सुनते हुए आदेश पारित किया।

# मुख्यमंत्री पहले सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास करेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला 21 फरवरी को रखी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव इसका शिलान्यास करेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री मोदी वर्चुवल रूप से शामिल होगे। यमुना सिटी में एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त उपक्रम मैसर्स इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सेमीकंडक्टर यूनिट लगाएगी। कंपनी को सेक्टर-28 में 48 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। इस यूनिट का शिलान्यास 21 फरवरी को सेक्टर-28 में होगा।

यूनिट की आधारशिला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिलान्यास समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित कर सकते हैं। समारोह को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा संबंधी तमाम व्यवस्थाओं पर काम शुरू हो गया है। कंपनी यमुना सिटी में 3706.15 करोड़ का निवेश करेगी। इससे करीब चार हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

यह कंपनी 2,40,000 यूनिट स्माल पैनल ड्राइवर आईसी, डिस्प्ले इंटीग्रेटेड सर्किट का निर्माण करेगी। इसके लिए प्रतिदिन 19 हजार केवीए बिजली की जरूरत पड़ेगी। 2000 एमएलडी पानी प्रतिदिन लगेगा। इस समारोह को लेकर अफसरों को जानक. ारी दे दी गई है। हालांकि, अभी आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। आत्मनिर्भरता बढ़ेगी इकाई के लगने से भारत की सेमीकंडक्टर के मामले में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

## क्लाउड किचन पर एक लाख रुपये का जुर्माना

**नोएडा।** सेक्टर-104 हाजीपुर में नियमों की अनदेखी कर चल रही एक क्लाउड किचन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। किचन के अंदर काफी मात्रा में मिश्रित कूड़ा मिला था। प्राधिकरण की टीम ने हाजीपुर स्थित मेसर्स अदिति किचन वेंचर लिमिटेड का निरीक्षण किया था। यहां पर कई सारी कमियां टीम को मिलीं। कचरे के निस्तारण के लिए किसी भी एजेंसी से किचन का अनुबंध नहीं किया गया था। फूड वेस्ट को नाले में बहाया जा रहा था। नोएडा क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद इसका इस्तेमाल किया जा रहा था। मीट और अन्य खाद सामग्री बेहद खराब स्थिति में रखी गई थी। इस तरह कई नियमों की अनदेखी मिलने पर किचन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के अलावा लोगों को कूड़ा निस्तारण और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए जागरुक किया गया।

# स्क्रैप माफिया रवि काना को मिली अंतरिम जमानत, नोएडा पुलिस को बड़ा झटका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कुख्यात स्क्रैप माफिया रविंद्र सिंह उर्फ रवि काना को लेकर सेक्टर-63 थाने में दर्ज मामले में जिला न्यायालय ने जमानत प्रदान की है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता की तीन धाराओं के तहत जबरन वसूली, धमकी और संगठित अपराध से जुड़ा है, जो पिछले महीने दर्ज हुआ था।

रवि काना को बांदा जेल से 29 जनवरी 2026 को जमानत पर रिहा किया गया था, लेकिन बी-वारंट के बावजूद रिहाई पर विवाद हुआ, जिससे जेल अधीक्षक निलंबित हुए और थ्प्त दर्ज हुई। रिहाई के बाद पुलिस तलाश में जुटी थी, लेकिन



गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने जिला न्यायालय में अंतरिम/अग्रिम जमानत याचिका दायर की।

सुनवाई 11 फरवरी 2026 को हुई, जिसमें कोर्ट ने जमानत मंजूर कर दी। पुलिस ने केस डायरी पेश की थी, लेकिन कोर्ट ने जमानत देते हुए शर्तें लगाई हैं। रवि काना पर पहले से गैंगस्टर एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं, और उनकी संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं। यह फैसला एनसीआर में अपराधियों पर कार्रवाई के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# 25 से अधिक सोसाइटियों को अंतिम नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पेयजल के बिल जमा न करने वाले बड़े बकायेदारों पर प्राधिकरण ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। पूर्व में जारी नोटिस के बाद भी बकाया बिल जमा नहीं करने वालों को अब प्राधिकरण की तरफ से अंतिम नोटिस जारी किए जा रहे हैं। सोसाइटी परिसरों में नोटिस चस्पा होने से निवासी परेशान हो गए हैं। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की 101 बिल्डर सोसाइटियों पर पेयजल बिल के करीब 150 करोड़ रुपये बकाया है। अब तक 25 से अधिक सोसाइटी को अंतिम नोटिस जारी किए गए हैं। एक सप्ताह के अंदर बकाया बिल का भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा आरसी जारी कर जिला प्रशासन के माध्यम से वसूली कराई जाएगी।

दरअसल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



के जल विभाग ने दो माह पहले ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट की 101 सोसाइटियों को नोटिस जारी किए थे, जिन पर करीब 150 करोड़ रुपये बकाया है। नोटिस जारी होने पर कुछ सोसाइटी प्रबंधन द्वारा बकाया बिल जमा किया गया, लेकिन ज्यादातर पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। अब प्राधिकरण के जल विभाग द्वारा इस पर सख्त रुख अपनाते हुए अंतिम नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस जारी कर बकाया जमा करने के लिए एक निर्धारित समय दिया गया था। बता दें कि, पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

जल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि 101 ऐसी बिल्डर सोसाइटियों को चिन्हित किया है, जिन पर करीब 150 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें ज्यादातर ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी हैं। बार-बार दिशानिर्देश जारी किए जाने के बाद भी सोसाइटी प्रबंधन द्वारा नियमित रूप से पानी बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कुछ सोसाइटियों ने कभी पानी का बिल जमा नहीं किया।

**हरित क्षेत्र में हुए अवैध कब्जे को हटाया:** वहीं, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर दो में मंदिर के पास हरित क्षेत्र में हुए अवैध कब्जे को प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को तोड़ दिया। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक इरोज संपूर्णम सोसाइटी के गेट के बाहर हरित क्षेत्र में मंदिर के पास ही समिति द्वारा अवैध निर्माण किया गया था। समिति ने खुद ही प्राधिकरण की टीम की मौजूदगी में अतिक्रमण को हटाया। उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राम कुमार ने बताया कि सोसाइटी के बाहर हरित क्षेत्र में अवैध कब्जा कर कमरों का निर्माण कराने की शिकायत सेक्टर के लोगों ने प्राधिकरण में की थी।

# नोएडा एयरपोर्ट पर दो की जगह पांच रनवे होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एविएशन को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट विस्तार इस वित्तीय वर्ष में किया जाएगा। एयरपोर्ट पर दो रनवे को बढ़ाकर इसे पांच रनवे का किया जाएगा। इसके अलवा एविएशन रिसर्च आपरेशन और रख रखाव के लिए 750 करोड़ रुपए बजट में दिए गए है। इसके अवाला भूमि अर्जन लिए 1100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में एयरपोर्ट पर उत्तर रनवे 3900 मीटर-दक्षिण रनवे 4150 मीटर का है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यहां टर्मिनल बिल्डिंग से लेकर एयरपोर्ट सर्विलांस रडार और नेविगेशन सिस्टम तक हर प्रकार के उपकरण की व्यवस्था हो चुकी है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अब एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारी तेज हो गई है। एयरपोर्ट की एक्सिस रोड से लेकर ईंधन टैंक, ऑपरेशन सेंटर, जल और सीवेज व्यवस्था, चेक पोस्ट, टर्मिनल बिल्डिंग, घरेलू टर्मिनल काउंटर, ईगेट्स, बैगेज हैंडलिंग, लाउंज, विमानों को खड़ा करने के लिए एप्रन, कार्गो टर्मिनल, सोलर फॉर्म, एटीसी, ग्राउंड हैंडलिंग के वाहनों के लिए सीएनजी पंप, ईवी चार्जिंग स्टेशन, रनवे, नेगिवेशन सिस्टम, टेक्सी-वे इत्यादि के कार्य पूरे किए जा चुके है।

**ट्रायल हो चुका सफल:** कुल मिलाकर अब एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सिर्फ एयरोड्रम लाइसेंस से संबंधित औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं, जो अंतिम चरण में बताई गई हैं। एयरपोर्ट का प्रथम चरण कुल 1334 हेक्टेयर में विकसित हुआ है। एयरपोर्ट के रनवे पर दिसंबर 2024 में इंडिगो के यात्री विमान को उतारकर ट्रायल किया गया था, जो सफल रहा था।

# युवती से छेड़छाड़ करना मनचले को भारी पड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में एक मनचले को युवती का पीछा करना और छेड़छाड़ करना भारी पड़ गया। पुलिस ने युवती की मां की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-22 निवासी एक महिला ने मंगलवार को थाने में एफआईआर दर्ज कराई । उन्होंने बताया कि उनकी बेटी आठ फरवरी को सेक्टर-3 जा रही थी। इसी दौरान चौड़ा गांव निवासी युवक अंश बैरागी नामक युवक ने उसका पीछा किया। इसके बाद बीच सड़क पर छेड़छाड़ करने लगा।

युवती के विरोध करने पर भी आरोपी नहीं माना। घर लौटी युवती ने अपनी मां को रो-रोकर पूरी जानकारी दी। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी पिछले कई दिनों से उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ कर रहा है। आरोपी की इस हरकत से युवती का घर से निकलना दुश्वार हो गया था।

थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## डीएनडी पर यातायात बाधित रहेगा

**नोएडा।** नोएडा को दक्षिणी दिल्ली से जोड़ने वाले डीएनडी पर यातायात बाधित हो सकती है। यहां एक बार फिर गुरुवार से मरम्मत का काम शुरू होगा। अगले डेढ़ महीने में काम पूरा कर लिया जाएगा। बीते महीने अधिक सर्दी और प्रदूषण के चलते मरम्मत का काम बंद कर दिया गया था। नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि डीएनडी पर मरम्मत का काम अक्तूबर 2025 में शुरू किया गया। इसके बाद प्रदूषण स्तर बढ़ने पर ग्रैप तीन और चार लागू होने से मरम्मत के काम पर प्रतिबंध लग गया। इससे सड़क पर बिटुमिन से संबंधित काम नहीं हो सके। इसके अलावा बिटुमिन का काम सर्दी के मौसम में नहीं होता। गर्मी के मौसम में होने से सड़क की परत पर ठीक ढंग से बिछाव हो जाता है। मजबूती से चिपक. ाव की प्रक्रिया होती है। इससे सड़क अधिक टिकाऊ हो जाती है।

# फर्जी बैनामा कर 87 लाख हड़पे, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में जेवर पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि का बैनामा करने और 87 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपियों ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से छेड़छाड़ कर कूटरचित दस्तावेज बनाए और पीड़ित से 87 लाख 66 हजार रुपये की धोखाधड़ी की।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित सुनील कुमार ने थाना जेवर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि आरोपियों ने धोखाधड़ी कर जमीन का फर्जी बैनामा किया और उनसे बड़ी धनरा. शि वसूल ली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। बुधवार को जेवर पुलिस ने स्थानीय




खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए खुर्जा अंडरपास के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान रत्ना उर्फ रतन सिंह पुत्र स्वर्गीय विक्रम सिंह (निवासी ग्राम महोबली, थाना जेवर, वर्तमान पता थाना खुर्जा देहात, बुलंदशहर) और सोनू पुत्र राकेश (निवासी ग्राम साहब नगर, थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर) के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और जमीन का फर्जी बैनामा कर पीड़ित से 87 लाख 66 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस मामले में अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश भी जारी है।।जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने जानकारी दी कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षकों ने जयंत चौधरी का पुतला फुकने का किया प्रयास

## टीईटी के लिए दिए गए बयान को लेकर शिक्षकों ने किया हंगामा व नारेबाजी, पुलिस से नोंक-झोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लोकसभा में कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चौधरी जयंत सिंह के टीईटी के लिए दिए गए बयान को लेकर शिक्षकों ने बुधवार को आक्रोश जताया। शिक्षक नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फुंकने के लिए राष्ट्र वंदना चौक पर एकत्रित हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पुतला फुंकने नहीं दिया। जिस पर शिक्षकों ने जमकर हंगामा और नारेबाजी की। शिक्षकों की पुलिस के साथ भी नोंक-झोंक हुई।




उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में शिक्षक बुधवार को दोपहर बाद नगर पालिका पर एकत्रित हुए और यहां से जुलुस के साथ राष्ट्र वंदना चौक पहुंचे। जहां उन्होंने लोकसभा में कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चौधरी जयंत सिंह के एक प्रश्न के उत्तर में शिक्षकों के लिए टीईटी करने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दोहराया। जिस पर शिक्षकों ने उनके बयान की निंदा की। उनका कहना था कि सरकार शिक्षकों के साथ घोर अत्याचार कर रही है। सरकार ने शिक्षकों को दोराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय दिखाई दे रहा है। इसके विरोध में शिक्षक संघ के प्रांतीय आहवान पर नगर के राष्ट्र वंदना चौक पर उनका पुतला दहन करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस ने मंत्री का पुतला नहीं फुंकने दिया।

इसके विरोध में शिक्षकों ने राष्ट्र वंदना चौक पर हंगामा शुरू कर दिया और जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष राकेश यादव, जिलामंत्री राजकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, मनोज कुमार, योगेश शर्मा, सत्यपाल, हरविंद्र सिंह, प्रवीर सिंह, बिलेंद्र सिंह, अमित गोयल, हरेंद्र मोहन, हरविंद्र सिंह, दीपक पूनिया सहित काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# बड़ागांव में 12 लाख के आभूषण चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** खेकड़ा क्षेत्र के बड़ागांव में मंगलवार देर रात लगभग 12 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी हुई। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया है। बड़ागांव निवासी अजय पुत्र रिछपाल ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को वह अपने चचेरे भाई की शादी में परिवार सहित बाहर गए हुए थे। घर में रखे सोने-चांदी के आभूषणों को उन्होंने एक संदूक में बंद कर अपने बड़े भाई के बंद पड़े मकान में ताला लगाकर सुरक्षित रख दिया था।



बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे अजय के छोटे भाई अमित के बेटे ने मकान का गेट खुला देखा। उसने तुरंत अपने पिता अमित को इसकी सूचना दी। अमित ने अजय को फोन पर चोरी की जानकारी दी। गांव पहुंचने पर अजय ने देखा कि मकान की छत पर लगा जाल टूटा हुआ था और अंदर के दरवाजों के ताले भी टूटे पड़े थे। चोर मकान के अंदर घुसकर आभूषणों से भरा संदूक उठा ले गए। बाद में, वह संदूक घर से कुछ दूरी पर खाली अवस्था में मिला। संदूक में कपड़े और कागजात मौजूद थे, लेकिन आभूषण गायब थे। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी रोहन चौरसिया मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए सामान को बरामद कर लिया जाएगा।

# स्कूल में एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में कक्षा नर्सरी से कक्षा 3 तक के बच्चों के लिए एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुनील सरोहा पूर्व नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट कबड्डी जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत शारीरिक शिक्षा विभाग, विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र पंवार पूर्व मैनेजर शबगा इंटर कॉलेज, भोपाल सिंह पूर्व इंस्पेक्टर दिल्ली पुलिस, चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, व प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काट कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुनील सरोहा ने कहा कि सच्चा खेल की खूबसूरती तब ही दिखाई देती है जब छोटे बच्चे खेलते हैं क्योंकि बड़ा होने पर जीत का जुनून तनाव उत्पन्न करता है। धर्मेन्द्र पंवार पूर्व मैनेजर ने कहा कि खेल शिक्षा का अनिवार्य अंग है। भोपाल सिंह पूर्व इंस्पेक्टर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल बहुत आवश्यक हैं। प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने सभी का धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि बच्चों के लिए सभी का आशीर्वाद बहुमूल्य है और भविष्य में भी इसी तरह अपेक्षित है। खेलकूद में दौड़ में नर्सरी में मनप्रीत प्रथम, आश्विक द्वितीय, एवं के जी रिद्धांश प्रथम तथा दैविक द्वितीय, यू के जी में अमन प्रथम, अवि पंवार द्वितीय, कक्षा प्रथम में यथार्थ मान प्रथम, दक्ष द्वितीय, कक्षा 2 में राजा प्रथम, जीशान द्वितीय, कक्षा 3 में अयान प्रथम, नीति द्वितीय रहे। प्रतियोगिता सचिन पंवार पी टी आई के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर इकबाल सिंह, कर्णपाल सिंह, माधवी शर्मा, सुरेखा तोमर, नीतू चौधरी,संजय शर्मा, सरिता रानी, दिव्या शर्मा, अंजू शर्मा, शालिनी, अंशु, स्नेहा शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# फाल्गुनी मेले के दौरान हाईवे पर बंद रहेगा कमर्शियल वाहनों का प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** फाल्गुनी मेले को लेकर पुलिस ने ट्रैफिक एडवाईजारी जारी कर दी है। दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर 14 फरवरी की सुबह आठ बजे से 16 फरवरी सुबह आठ बजे तक कमर्शियल वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इस अवधि में कमर्शियल वाहनों को शामली से करनाल, पानीपत, सोनीपत एनएच-1 से होते हुए दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद, जबकि दिल्ली,गाजियाबाद और नोएडा से आने वाले वाहनों का मवीकलां में पेरीफेरल कट से जिले में आवागमन बंद रहेगा। इन वाहनों को राई, सोनीपत, पानीपत से करनाल होते हुए रवाना किया जाएगा। इस अवधि में आपातकालीन सेवाओं और आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छूट रहेगी।

सोनीपत से निवाड़ा होते हुए मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर जाने वाले वाहनों को बहालगढ़ से पानीपत, करनाल, यमुना नगर और मेरठ व हापुड़ जाने वाले वाहनों को बहालगढ़ से राई से ईस्टर्न पेरीफेरल होते हुए रवाना किया जाएगा। इस अवधि में निवाड़ा चौकी से बागपत में वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। मेरठ-बागपत हाईवे पर मेरठ जाने वाले वाहनों को राष्ट्र वंदना चौक से मवीकला कट से ईपीई होते हुए और मेरठ से हरियाणा जाने वाहनों को ईपीई से कुंडली होते हुए जाएंगे। हिंडन चौकी से मेरठ से आने वाले वाहनों का बागपत में प्रवेश बंद रहेगा। मेरठ, रोहटा, खिवाई, कल्याणपुर, पुरा महादेव मार्ग पर कांवडियों और श्रद्धालुओं के वाहनों की कल्याणपुर में पार्किंग की व्यवस्था कराई जाएगी। हिंडन नदी के पुल से आगे पुरा महादेव मंदिर की ओर से वाहनों ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। बड़ौत-मेरठ मार्ग पर मेरठ की ओर से जाने वाले वाहनों को बरनावा एवं मेरठ से बड़ौत की ओर आने वाहनों को खिवाई तिराहा बरनावा पर रोका जाएगा। 15 फरवरी को शिवरात्रि पर मंदिर में कांवडियों की भीड़ पर आवश्यतानुसार बुढ़सैनी, नवादा, बालैनी मार्ग को कंटेन्जेन्सी मार्ग रूट का प्रयोग किया जा सकता है। एएसपी प्रवीण कुमार ने बताया कि ट्रैफिक डाईवर्जन में आवश्यकता के अनुसार संशोधन भी किया जा सकता है।




# रमज़ान की तैयारियों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील में जमीयत उलेमा तहसील बड़ौत ने शहर क़ाज़ी बड़ौत मौलाना आरिफ़ुल हक़ की अध्यक्षता में एसडीएम भावना सिंह को एक ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर तहसील बड़ौत के अध्यक्ष कारी साबिर ने बताया कि ज्ञापन में रमज़ान शरीफ के दौरान आने वाली समस्याओं को लेकर प्रशासन से कुछ निवेदन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रमज़ान में रोज़ेदारों की सुविधा के लिए कम से कम चार घोषणाएँ कराने, सहरी और इफ्तार के समय नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, पानी की व्यवस्था और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की मांग की गई है। इसके साथ ही गांव और देहात के इलाकों में भी इमामों से इसी व्यवस्था पर अमल करने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कारी अब्दुल वाजिद अशरफी, रिज़्वान मलिक एडवोकेट, मुफ्ती असजद, मौलाना रफ़ाक़त अली, शकील एडवोकेट, मौलाना आबिद आदि उपस्थित रहे।



# ट्रैक्टरों से स्टंट का वीडियो वायरल, पुलिस ने की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** खेकड़ा थाना क्षेत्र के नूरपुर गढ़ी गांव में ट्रैक्टरों से स्टंट का एक वीडियो मंगलवार देर रात से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में लगभग आधा दर्जन ट्रैक्टरों पर सवार कुछ युवक जोखिम भरे करतब करते दिख रहे हैं।



स्टंट के दौरान ट्रैक्टरों को तेज रफ्तार में दौड़ाया जा रहा है और उन्हें असंतुलित तरीके से एक या दो पहियों पर उठाकर चलाया जा रहा है। यह स्टंट किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। जनपद में इससे पहले भी कई बार ऐसे जोखिम भरे स्टंट के वीडियो सामने आ चुके हैं, जिन पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। इसके बावजूद, सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने की होड़ में युवाओं द्वारा ऐसे जोखिम भरे कदम उठाने की प्रवृत्ति कम नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की स्टंटबाजी न केवल स्टंट करने वालों की जान के लिए खतरा है, बल्कि आसपास मौजूद लोगों के लिए भी गंभीर जोखिम पैदा कर सकती है।

मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### पति ने पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटोल।** ढिकोली गांव में एक पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया पत्नी ने पति के खिलाफ थानें मे तहरीर दी है।
ढिकोली निवासी अनुज की पत्नी दीपा ने थानें में तहरीर देते हुए बताया की उसका पति आय दिन उसके साथ मारपीट करता है पत्नी ने थानें पहुंच पति के खिलाफ तहरीर दी है।

### मनरेगा व आम समस्याओं को लेकर कांग्रेस की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** शहर कांग्रेस कमेटी बडौत कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर कांग्रेस पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं की मनरेगा को बचाने व आम समस्याओं को लेकर एक बैठक आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष बागपत चोधरी रामकुमार सिंह ने की तथा संचालन डा. सुभाष शर्मा ने किया निवर्तमान जिला अध्यक्ष बागपत चोधरी रामकुमार सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी व बदहाली से गरीब मजदूर दलित दुखी है। सरकार भोलीभाली जनता के साथ योजनाएं बदल कर अन्य गम्भीर मुद्दों से ध्यान विचलित कर रही है जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नही करेगी। बडौत शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा दिनांक 13-2-2026 को मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर न्याय पंचायत स्तर पर विभिन्न गावों से होते हुए मनरेगा मे कार्यरत श्रमिको के अधिकारो पर हो रहे अन्याय शोषण को लेकर नुकड सभाएं की जायेगी। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार मनरेगा को समाप्त कर इस अधिकार को छीनने का प्रयास कर रही है। साथ ही कहा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर दिनांक 17-2-2026 को मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर व किसान मजदूर की बदहाली बेरोजगारी पर संकट बढती महंगाई विभिन्न जनसमस्याओ को लेकर विधानसभा लखनऊ का घेराव किया जायेगा। इस अवसर पर मदन सिंह दुहण बिजेन्द्र शर्मा हाकिम सेवादल रामरंग पंवार रविन्द्र तोमर याकूब अहमद अजहर पठान चाहीराम नरेन्द्र शर्मा इरशाद रामलखन दिलशाद सोमपाल जाहुल श्योराण मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सामान के रुपए मांगने पर दुकानदार के साथ मारपीट, पीड़ित ने नामजद सहित तीन के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिसाना गांव में परचून की दुकान पर सामान लेने आए तीन युवकों ने रुपए मांगने पर दुकानदार के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। युवक सामान के साथ गल्ले से 1200 रुपए लेकर फरार हो गए। दुकानदार का सोनीपत के अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके बेटे ने कोतवाली में एक नामजद और दो अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सिसाना के शिवम पुत्र कंवरपाल ने बताया कि उनकी गांव में परचून की दुकान है। आरोप है कि मंगलवार रात उसके पिता कंवरपाल दुकान पर बैठे हुए थे, तभी गांव का एक युवक दो अन्य अज्ञात युवकों के साथ दुकान पर पहुंचा और सिगरेट व अन्य सामान मांगने लगा। उसके पिता के सामान के रुपए मांगने पर उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। उसके पिता ने डायल 112 पर फोन करने का प्रयास किया, जिस पर उन्होंने उनका फोन छिनकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके पिता को जान से मारने की नीयत से पंच से सिर पर कई वार किए। बाद में वह तीनों दुकान से सिगरेट की डिब्बी और गल्ले से करीब 1200 रुपए लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। उन्होंने अपने पिता को घायल अवस्था में बागपत के एक निजि अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया। उसके पिता का सोनीपत के अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसने कोतवाली में एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

**निलामी सूचना**
बी पैक्स हिलवाडी ग्राम हिलवाडी विकास खण्ड बड़ौत जनपद बागपत के प्रांगण में निष्प्रोजन सामान पुराना गाटर एवं सरिया की नीलामी सार्वजनिक खुली बोली के माध्यम से दिनांक 20.02.2026 समय 12:00 बजे बी पैक्स हिलवाडी कार्यालय में की जाएगी इच्छुक बोली दाता नियम व शर्तों के आधीन नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं। नियम व शर्ते निष्प्रोजन सामान का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में समिति सचिव से संपर्क कर किया जा सकता है। नीलामीकर्ता/सचिव बी पैक्स हिलवाडी। मो. नं:-7088020102

# हाईवे किनारे खड़ी गाड़ी से टकराया ट्रैक्टर, गाडी क्षतिग्रस्त, चालक पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर दिल्ली की ओर से आ रहा ट्रैक्टर वहां खड़ी कार और बाइक से टकरा गया। हादसे में कार और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वहां मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। कार और बाईक के स्वामियों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।
बालेश्वर दयाल त्यागी निवासी मुरादनगर ने बताया कि बुधवार को उसकी ब्रेजा गाडी, आस मौहम्मद व सलमान निवासी मुगलपुरा बागपत की कार, अमरीश निवासी मीरपुर हिंदू की बाइक दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर बैंक शाखा की पार्किंग में खड़ी हुई थी। उसी दौरान दिल्ली की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी गाड़ियों में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से उसकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जबकि बाइक पूरी तरह से टूट गई। उन्होंने ट्रैक्टर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।



# जिला जेल में कार्यक्रम, कारागृह को संस्कार परिवर्तन का बना लो केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यह कारागृह नही , बल्कि सुधारगृह है । इसमें आपको स्वयं में सुधार लाने हेतु रखा हुआ है , शिक्षा देने हेतु नहीं । इस कारागृह को संस्कार परिवर्तन का केंद्र बना लो इस मे एक दुसरे से बदला लेने के बजाए स्वयं को बदलना है बदला लेने से समस्या और ही बद जाती है। बदला लेने वाला दूसरों को दुख देने से पहले अपने आप को दुख देता है। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से आये हुए ब्रह्मकुमार भगवान भाई ने कहे वे जिला कारागृह (जेल) में बंद कैदियों को अपराध मुक्त जीवन हेतु सकारात्मक जीवन शैली विषय पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कारागृह के इस एकांत स्थान पर बैठकर स्वयं को परिवर्तन करने के लिए सोचों कि मैं इस संसार में क्यों आया हूं। मेरे जीवन का उद्देश्य क्या हैं, मुझे परमात्मा ने किस उद्देश्य से यहां भेजा है मैं यहां आकर क्या कर रहा हूं। ऐसी बातों का चिंतन करने से संस्कार, व्यवहार परिवर्तन होगा । उन्होंने कहा कि यह कारागृह आपके जीवन को सुधार लाने हेतु तपोस्थल है । भगवान भाई जी ने कहा कि मनुष्य जीवन बड़ा अनमोल होता है। उसे व्यर्थ कर्म कर व्यर्थ ऐसा ही नहीं गंवाना चाहिए । भगवान भाई ने कैदियों को कहा हम ऐसा कोई कर्म ना करें जिस कारण धर्मराज पूरी में हमें सिर झुकाना पडे , पछताना पडे , रोना पडे । इन अवगुणों ने और बुराईयों ने हमें कंगाल बनाया इससे दूर रहना है । जेल सहायक अधीक्षक एस.एल. नायक जी ने भी अपने सम्बोधन में बन्दियों को बताया कि आप जैसा सोचोगे वैसा ही बन जाओगे। अत: हमें सदैव अच्छा सोचना चाहिए तथा बुरी आदत को छोड़ देना चाहिए । अंत में उन्होंने ब्रह्माकुमारीज सस्था ऐसे कार्यक्रमों के लिए धन्यवाद किया भविष्य में ऐसे कार्यक्रम करने हेतु ब्रह्माकुमारी को निमन्त्रण भी दिया। कार्यक्रम के अंत में आपराध मुक्त बनने , मनोबल बढाने , बुरी आदतों को छोड़ने और सस्कार परिवर्तन के लिए भगवान भाई ने कॉमेंट्री द्वारा मेडिटेशन राजयोग कराया। कार्यक्रम में जेल के उप जेलर प्रशांत कुमार , उप जेलर रवि प्रकाश, वकील अमित वशिष्ठ, मनोज कुमार, मुख्य प्रहरी भी उपस्थित थे।



# शुभ मिश्रा बने मिस्टर व अपूर्वा पांडे मिस फेयरवेल



**पीलीभीत।** बैनहर गुरुकुल, टनकपुर रोड कैंपस में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। सत्र 2026–27 के प्रीफेक्ट्स ने शानदार गीत संगीत और शुभकामना संदेश के साथ डांस करते हुए एक बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें शुभ मिश्रा मिस्टर फेयरवेल और विगत सत्र की हेड गर्ल अपूर्वा पांडे को मिस फेयरवेल का खिताब मिला। प्रस्तुतियों में 12 वीं के विद्यार्थी उमंग उपाध्याय, बजिहा कादरी, अपूर्वा पांडे, प्रगति, मुस्कान मौर्या, शुभ मिश्रा, आलिया नूरी,अनुष्का सिंह,आदित्य सिंह बिष्ट आदि ने नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

कक्षा 11 के शौर्य सिंह, स्वाति सिंह, प्रितपाल, शरिया फातिमा, सृष्टि चौधरी, तान्या राणा, देवांश, शुभा मिश्रा आदि विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया तथा अस्फिया एवं यश सक्सेना ने अध्यापिका आयुषी संजोग के साथ एंकरिंग करते हुए कार्यक्रम की रोचकता को बरकरार रखा। कार्यक्रम शबद कीर्तन गुरबाणी पाठ के साथ शुरू किया गया। शिक्षक एकांत अरोड़ा ने गुरबाणी पाठ प्रस्तुत कर अरदास की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के सभी सदस्य 12 वीं के विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान करने हेतु उपस्थित रहे, जिनमें विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी, विद्यालय के डायरेक्टर डॉ परविंदर सिंह सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी एवं डायरेक्टर करिश्मा सैहमी शामिल रहे। संस्थापिका महोदया ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की व कहा कि विद्यालय में गुरु पथ–प्रदर्शक का कार्य करते हैं, विद्यार्थियों को अनुशासन, संयम व परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य पर ही केंद्रित रहना चाहिए। विद्यालय के सभी अध्यापक– अध्यापिकाएं भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देने हेतु कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत, परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका जमीमा निवासी इमरान पुत्र नवी हसन की सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार इमरान 10 अगस्त 2025 को बाइक से पीलीभीत गया था। वापस लौटते समय थाना सुनगढ़ी क्षेत्र में एक विद्यालय के पास पीलीभीतदृमाधोटांडा मार्ग पर कार संख्या न्ज्ञ 06 ।ड 9991 ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार घटना के बाद से ही वह बेहोशी की हालत में था और उसे होश नहीं आया। मामले में मृतक के भाई मोहम्मद हसन की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बुधवार सुबह करीब सात बजे इमरान ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रिटायर्ड दरोगा ने पत्नी संग की आत्महत्या

## एक ही पंखे से लटके मिले दोनों के शव, नहीं मिला सुसाइड नोट

- घर पर काम करने पहुंची नौकरानी ने दी जानकारी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** थाना क्षेत्र के मीनाक्षी पुरम में रहने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत दरोगा लल्लू सिंह एवं उनकी पत्नी संतोष का शव बुधवार को अपने घर में ही पंखे से लटका मिला। उत्तर प्रदेश पुलिस के रिटायर्ड दरोगा लल्लू सिंह 2020 में जिला मुजफ्फरनगर के रामराज से सेवा. निवृत हुए थे। रिटायरमेंट के बाद से ही लल्लू सिंह अपनी पत्नी के साथ गंगानगर थाना क्षेत्र के मीनाक्षीपुरम में रह रहे थे लल्लू सिंह का बेटा एयर फोर्स से रिटायर्ड होने के बाद मीनाक्षीपुरम में ही रहता है।

बुधवार की सुबह जब लल्लू सिंह के घर पर काम करने वाली कमरे में गयी तो उसकी चीख निकल गई उसने देखा कि लल्लू सिंह एवं उनकी पत्नी एक ही पंखे पर फांसी के फंदे पर लटके हुए हैं। उसने तुरंत पड़ोसियों को बुलाया जहां पड़ोसियों के द्वारा गंगानगर पुलिस और लल्लू सिंह के बेटे संदीप को भी सूचना दी गई, जिस पर गंगानगर थानाध्यक्ष अनूप कुमार पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और पंखे पर लटके हुए दंपती को नीचे उतारा, सूचना पर मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की। गंगानगर पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने के पश्चात दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष गंगानगर अनूप कुमार ने बताया कि कमरे में कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला परंतु प्रथमदृष्टया आत्महत्या का ही मामला लग रहा है फिर भी सभी तथ्य एवं बिंदुओं पर जांच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार के सदस्य रहे लल्लू सिंह एवं उनकी पत्नी के द्वारा आत्महत्या किया जाना बहुत ही दुखद है मेरठ पुलिस परिवार के संपर्क में है और विभाग की तरफ से जो भी मदद होगी उसे कराया जाएगा।

# महिला ने ज्वैलर्स की दुकान से की पाजेब चोरी

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की घटना
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने थाने लाकर महिला से की पूछताछ, पैसे देकर निपटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के मैन बाजार में स्थित सर्राफा की दुकान पर जेवर खरीदने आई बुर्का पहने महिला ने चांदी की पाजेब पर हाथ साफ कर दिया। सर्राफा को शंका होने पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किये तो डिब्बे में रखी चांदी की पाजैब को महिला अपने बुर्के में छुपा रही है। सर्राफा आर्यन ने महिला से पाजेब मांगा तो वह मना करती रही जिसको लेकर हंगामा हो गया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई महिला को पुलिस थाने ले आई। बाद में महिला ने रुपए देकर मामला निपटाया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को कस्बे के मैन बाजार में स्थित आर्यन ज्वैलर्स के नाम से दुकान पर दोपहर के वक्त एक बुर्का पहने हुए महिला चांदी की पाजैब खरीदने आई। दुकानदार ने महिला को पाजैब से भरे कई डिब्बे खोलकर दिखाएं और दुकानदार अपने काम में लग गया। मौका देखकर बुर्का पहने महिला ने एक जोड़ी पाजैब पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार ने बताया कि महिला ने पाजैब देखने के बहाने एक पाजैब को उठाकर धीरे से गायब कर लिया। इसकी जानकारी दुक. ानदार को नहीं हुई लेकिन बाद में जब दुकानदार ने पाजैब चेक की तो मौके से एक पाजैब गायब मिली। दुकानदार ने महिला से पाजैब लौटाने की बात कही लेकिन महिला ने पाजैब चोरी न करने की बात कहती रही। इस दौरान हंगामा हो गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस महिला को लेकर थाने ले गई पुलिस ने महिला के परिजनों को भी थाने बुला लिया। महिला के परिजन भी थाने पर पहुंच गए। महिला ने पाजैब तो नहीं दी लेकिन उसके परिजनों ने 12 हजार रुपये की नगदी देकर मामला निपटाया। यह मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप प्रकरण: पीड़ित के साथ समाजसेवी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बिनोली अड्डा स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर पेट्रोल में कथित धांधली के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस संबंध में पीड़ित शाहआलम के साथ मिलकर वरिष्ठ समाजसेवी शाहवेज अंसारी एवं एडवोकेट मुहम्मद साकिब ने उप जिलाधिकारी सरधना को प्रार्थना पत्र सौंपकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे शाहआलम निवासी सरधना ने उक्त पेट्रोल पंप से 210 रुपये का पेट्रोल डलवाया और फोन-पे के माध्यम से भुगतान किया।

आरोप है कि भुगतान के बावजूद बाइक की टंकी में पेट्रोल नहीं मिला। शिकायत करने पर कर्मचारियों ने पहले इंकार किया, बाद में विवाद बढ़ने और भीड़ एकत्र होने पर कथित रूप से पेट्रोल डाला गया। घटना का वीडियो प्रमाण भी उपलब्ध होने की बात कही गई है। साथ ही पूर्व में भी उक्त पंप के खिलाफ इस प्रकार की शिकायतें सामने आने का उल्लेख ज्ञापन में किया गया। वरिष्ठ समाजस. ेवी शाहवेज अंसारी ने कहा कि उपभोक्ताओं के अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एडवोकेट मुहम्मद साकिब ने कहा कि यह मामला प्रथम दृष्टया आपराधिक धाराओं एवं उपभोक्ता संरक्षण कानून के उल्लंघन से जुड़ा प्रतीत होता है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उपजिलाधिकारी सरधना उदि. तनारायण सेंगर ने ज्ञापन प्राप्त कर प्रकरण को गंभीरता से लेने की बात कही। उन्होंने पीड़ित शाहआलम को भरोसा दिलाया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और यदि किसी प्रकार की अनियमितता या धोखाधड़ी पाई जाती है तो संबंधित पेट्रोल पंप संचालक एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण को लेकर नगर में चर्चाओं का दौर जारी है और आमजन प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।

# लापता अनिकेत की तलाश तेज पांचवे दिन भी नहीं मिला कोई सुराग

- परिजनों को सता रही है अनहोनी की आशंका
- पुलिस अधिकारियों ने घटना को बताया संवेदनशील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरधना क्षेत्र के ग्राम कपसाड़ से लापता 11 वर्षीय बालक अनिकेत की तलाश पांचवे दिन भी जारी रही, लेकिन देर शाम तक पुलिस को कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लग सकी। लगातार बढ़ते दिनों के साथ परिजनों की चिंता और गहराती जा रही है।

विदित हो कि अनिकेत बीते शनिवार दोपहर घर से बिना बताए कहीं चला गया था। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो पिता विनोद कुमार ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तभी से पुलिस विभिन्न संभावित स्थानों पर उसकी तलाश में जुटी हुई है। बुधवार को पुलिस ने गांव और आसपास के इलाकों में फिर से सघन जांच अभियान चलाया। संदिग्ध स्थानों की तलाशी लेने के साथ-साथ पुराने सीसीटीवी फुटेज दोबारा खंगाले गए। ग्रामीणों से भी पूछताछ कर जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया। इससे पहले पुलिस द्वारा तालाब में भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा चुका है, लेकिन वहां से भी कोई सुराग नहीं मिला था। छठे दिन तक भी अनिकेत का पता न चलने से परिजनों में अनहोनी की आशंका गहराने लगी है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है. ग्रामीण भी परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला संवेदनशील है और हर पहलू पर जांच की जा रही है। खोजबीन में तेजी लाई गई है तथा आस-पास के थानों को भी अलर्ट कर दिया गया है।

# ग्राम रूहासा के मदरसे में दो दिवसीय सालाना इजलास -ए-आम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** थाना क्षेत्र के ग्राम रूहासा स्थित मदरसा मिस्बाहुजफर में दो दिवसीय सालाना इजलास ए आम का आयोजन किया गया। जलसे की सदारत मौलाना मुजीबुर्रहमान रुहासा और जलसे की निजामत मुफ्ती जुबैर ने की। जलसे में कारी खालिद मेरठ, कारी उबैदुर रहमान कैली, कारी नौशाद मुफ्ती वसीम मुफ्ती नासिर, मौलाना बिलाल हुसैन, बागपत कारी ताहिर कैली, कारी आसिम मेरठ, हमजा अयाज बिजनौरी आदि उलेमा ए दीन ने शिरकत की।

जलसे में कुरान की किरत कारी मुजफ्फर रुहासा ने की। इजलास ए आम में नन्हे-नन्हे बच्चों ने हम्द शरीफ, नात व नज्म पढ़ी। सालाना जलसे में मुसआब के प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त मौहम्मद नौशाद, द्वितीय स्थान प्राप्त मौहम्मद अबूजर, तृतीय स्थान प्राप्त कारी मौहम्मद माज, और चतुर्थ स्थान मौहम्मद शाद, ने प्राप्त किया। कारी खालिद ने बताया कि आज का युवा नशे की गिरफ्त में जकड़ गया है जबकि नशा करना किसी भी सूरत मे जायज नहीं है। सभी लोगों को नशा करने वाले लोगों को सलीके से समझाकर नशा मुक्त करना होगा ताकि देश व धर्म का आने वाला भविष्य सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचाता, उन्होंने निकाह को आसान बनाने के लिए कहा कि दान दहेज खत्म होना चाहिए। मुफ्ती नासिर ने कहा कि मजहबे इस्लाम सच्चाई और मानवता की रक्षा व सेवा करने से बढ़ा है। कारी नौशाद ने जलसे में कुरआन पाक की तिलावत करते हुए कहा कि कुरआन की तालीम से सकून मिलता है। कुरआन पाक हर मुसलमान के लिए बहुत जरूरी है। कुरआन पाक पढ़ने से अल्लाह बहुत खुश होता है। कारी ऊबैदुर रहमान कैली ने कहा कि हर मुसलमान मां बाप का फर्ज है कि वह अपने बच्चों को दीनी व दुनियावीं तालीम दे। उन्होंने कहा कि हमें आपस में प्यार मोहब्बत से रहना चाहिए। मुफ्ती वसीम मेरठ ने कहा कि हिंदुस्तान में रहने वाले हर मुसलमान को अपने कागजात बनवाने चाहिए और सभी को अपनी वोट बनवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब मुसलमानों को नमाज पढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि कयामत में सबसे पहले नमाज का हिसाब होगा। हर बालिग मर्द औरत पर पांच वक्त की नमाज फर्ज है। उसे हर हाल में पढ़नी चाहिए। कारी आसिम ने कहा कि हमें सब काम अल्लाह को राजी करने के लिए करने चाहिए। मौलाना बिलाल हुसैन ने देश व दुनिया में अमन चैन के लिए दुआ कराई। इस मौके पर सपा नेता व समाज सेवी विनीत भराला, कारी मुद्दस्सिर, कारी मुजम्मिल, कारी मौहम्मद अहमद, हाफिज सदाकत, हाफिज असलूक, इकराम मलिक, फैसल रिजवी, दीनू मलिक, रिज्जू मलिक, डाक्टर दिलशाद, डाक्टर मुब्बसिर, राशिद मलिक, जाहिद मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

# पांचली बुजुर्ग में दो बच्चों ने पूरा किया कुरआन-ए-पाक, मदरसे में हुई दुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** क्षेत्र के गांव पांचली बुजुर्ग स्थित जामिया तालीमुल इस्लाम मदरसे में दो बच्चों द्वारा कुरआन पाक मुकम्मल करने की खुशी में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के लोगों एवं उलेमा-ए-किराम की मौजूदगी में बच्चों की हौसला अफजाई की गई।

इस अवसर पर मुफ्ती ताज मोहम्मद और मौलाना मनवर बुढ़ाना ने बयान करते हुए कहा कि दीन की तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम हासिल करना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उन्हें समाज और मुल्क का जिम्मेदार नागरिक बनाएं। कार्यक्रम के समापन पर मौलाना हाशमी ने देश और दुनिया की खुशहाली, अमन चैन तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विशेष दुआ कराई। मौके पर मौलाना अब्दुल रहमान, कारी अमजद, मौलाना शौकीन, मौलाना उम्मीद, मौलाना अनीस, मौलाना मुनव्वर, फजर मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

# फलावदा में किसानों के लिए सब्जी मंडी बनवाने की मांग

## क्षेत्रीय लोगों ने 11 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा, अटल चौक पर हुए थे एकत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के लोगों ने 11 सूत्रीय मांग को लेकर बुधवार को कस्बे के अटल चौक पर इकट्ठा होकर मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र भेजकर बताया कि फलावदा नगर में होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग व रेलवे लाइन से जोड़ने एवं कस्बे में उद्योग फैक्ट्री लगवाने और पॉलिटेक्निक वं आईटीआई, मेडिकल कॉलेज, आदि किसानों के लिए सब्जी मंडी बनवाने की मांग को लेकर गुहार लगाई।

नगर के लोगों ने बताया कि फलावदा नगर जिला मुख्यालय मेंरठ से करीब 38 किलोमीटर दूर जिला मुजफ्फरनगर के बॉर्डर के किनारे जनपद मेरठ की सीमा में बसा हुआ है। कस्बा फलावदा नगर पंचायत की स्थापना को करीब 96 वर्ष बीत गए इसकी आबादी में करीब 35 हजार लोग प्रवास करते हैं और फलावदा नगर से जिला मुजफ्फरनगर, जिला बिजनौर एवं उत्तराखंड राज्य को आपस में जोड़ने वाले इस नगर के लिए क्षेत्रीय विधायक, सांसद व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते फलावदा नगर पंचायत मूलभूत समस्याओं से वंचित है। जिसके चलते नगर में लोगों के व्यापार बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं यहां के लोगों के पास स्थाई रोजगार न होने के कारण करीब 25 वर्ष पूर्व नगर से बहुत लोग पलायन करके बाहर चले गए। सरकार द्वारा नगर में स्थाई रोजगार व अन्य सुविधाएं न होने के कारण नगर के लोगों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। इस संबंध में नगर के लोगों ने पिछले 40 वर्षों से लगातार क्षेत्रीय विधायक, सांसद व जनप्रतिनिधियों से इन मुख्य मांगों को लेकर गुहार लगाते लगाते थक गए लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हो पाई। उन्होंने सीएम से इन मांगों की मांग की है। फलावदा नगर में होते हुए मवाना खतौली-मेरठ की सीमा को जनपद मुजफ्फरनगर हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा जाएं। फलावदा नगर में होते हुए रेलवे लाइन का निर्माण कर मेरठ दौराला से हस्तिनापुर बिजनौर को जोड़ा जाए। छात्र-छात्राओं के लिए सरकारी डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई, मेडिकल कालेज बनवाये जाएं। किसानों के लिए सब्जी,और फल व फूलों की मंडी बनवाई जाए। फलावदा में केनरा बैंक के सामने तकिया वाले तालाब से गडीना-बातनौर-लावड़ मार्ग को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग से कब्जा हटवाकर सड़क बनवाई जाए। फलावदा से नैडू-मीरापुर मार्ग का चौड़ीकरण करके बिजनौर-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा जाएं। नगर में रोडवेज बसों का मेरठ से फलावदा में होते हुए हरिद्वार, दिल्ली, बिजनौर, सुबह से देर रात तक इन बसों का संच. ालन कराया जाएं। फलावदा नगर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों के लिए बाईपास बनवाया जाए। फलावदा नगर में सरकार द्वारा फैक्ट्री, उद्योग, बड़ा व्यापार आदि रोजगार उपलब्ध कराए जाएं। युवाओं एवं खिलाड़ियों के लिए आधुनिक खेल प्रशिक्षण केंद्र, स्टेडियम, खेल मैदान, जिम, रनिंग ट्रेक बनवाया जाएं। नगर पंचायत की आय आमदनी बढ़ाने के लिए नगर में सरकारी दुकाने बनाई जाए। नगर के युवाओं को खेल प्रशिक्षण के लिए मेरठ दिल्ली देहरादून जाना पड़ता है जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के किसान आलू, गाजर, गोभी, मटरा, फरासबीन, आदि गेंदे के फूलों की बड़ी खेती करते हैं यहां सब्जी मंडी न होने के कारण किसानों को दिल्ली, उत्तराखंड, देहराद. ून, हरियाणा, राजस्थान, आदि दूर राज्यों की मण्डियो में बेचने के लिए जाना पड़ रहा है जिससे किसानों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आदि सुविधाओं के अभाव में यह नगर पिछड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि फलावदा नगर पंचायत आज भी सुविधाओं के अभाव में अधर में लटकी हुई है। इस संबंध में नगर के लोगों ने मुख्यमंत्री, रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, परिवहन विभाग मंत्री नितिन गडकरी नगर विकास व शहरी मंत्री के नाम प्रार्थना पत्र भेजकर मांग रखी है। इस दौरान कस्बे के व्यापारी मौजूद रहे।

# इतिहास विभाग में डी लिट की सम्पन्न हुई मौखिक परीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को इतिहास विभाग में प्रोफेसर विघ्नेश कुमार के निर्देशन में इतिहास शोधार्थी डाक्टर बालमुकुंद पांडे की डी लिट इतिहास ओपन वायवा परीक्षा संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि डाक्टर बालमुकुंद पांडे जो इतिहास के बड़े अध्येयता और सुप्रसिद्ध इतिहासकार हैं उन्होंने भारत रत्न राजऋषि पुरुषोत्तम दास टंडन व्यक्तित्व एवं विचार विषय पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर विघ्नेश कुमार के निर्देशन में डी लिट इतिहास का शोध कार्य पूर्ण किया है।

डॉ. बालमुकुंद पांडे इतिहास के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित और सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व है। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में पूर्व कुलपति एवं चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट मध्य प्रदेश के प्रोफेसर कपिल देव मिश्रा एवं भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सदस्य प्रोफेसर सुष्मिता पांडे उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञो ने राज ऋषि पुरुषोत्तम दास टंडन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर शोध के रूप में हुए इस वास्तविक शोध कार्य को सराहा और इसे मौलिक कार्य बताया। जिससे आने वाले विद्यार्थी प्रेरणा लेंगे। विश्वविद्यालय की कुल. पति प्रोफेसर संगीता शुक्ला भी उपस्थित रही। इस अवसर पर इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर कृष्णकांत शर्मा, प्रोफेसर विघ्नेश कुमार, प्रो. आराधना प्रोफेसर, ए वीष्कौर, डॉ. कुलदीप त्यागी, डाक्टर योगेश कुमार, डाक्टर मनीषा, डॉ. विवेक त्यागी, डाक्टर शालिनी, प्रज्ञा सहित अनेक शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रोफेसर कृष्णकांत शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभी ने डाक्टर बालमुकुंद पांडे को उपाधि हेतु शुभकामनाएं दी।

# सरगम आर्ट कल्चरल सोसायटी व ग्रुप द्वारा संगीत संध्या का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरगम आर्ट कल्चरल सोसायटी द्वारा 3 एस स्टूडियो निर्माण विहार पर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंसूरुल इस्लाम और विशिष्ट अतिथि के रूप में जमाल सिद्दीकी विशेष अतिथियों में चांदनी सैफी, दिलशाद सैफी, नावेद खान, हामिद खलीफा, कांग्रेस नेत्री अफसा खान, शीबा खान, पूजा सिंघल, मुस्ताक, रईस, शहजाद, शमशाद, जावेद अंसारी, नदीम भारती, आदिल, नरेश शर्मा, इरशाद, बबलू राजा रहे। कार्यक्रम के कन्वीनर हामिद अंसारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद अशरफ ने किया। कार्यक्रम में सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुती दी। मुख्य कलाकारों में अजरा खान, तबस्सुम अंसारी, हामिद खलीफा, सूफी, इकबाल कुरैशी, आदिल रहे। इस अवसर पर सरगम आर्ट ग्रुप के डायरेक्टर जुनैद फारूक ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# फैज-ए-आम इंटर कॉलेज नंगला हरेरू में गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** फैज-ए-आम इंटर कॉलेज नंगला हरैरू में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य एहतेशाम रिजवी ने की। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन सैय्यद मोहम्मद ईसा ने अपनी प्रेरणा दायक उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

विशिष्ट अतिथि मनोज धामा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गीतों एवं भावपूर्ण अभिव्यक्तियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। विदाई के क्षणों में छात्रों और शिक्षकों की आंखें नम दिखाई दीं। सैय्यद मोहम्मद ईसा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में उच्च आदर्श, अनुशासन और कड़ी मेहनत अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि यही गुण उन्हें सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। प्रधानाचार्य एहतेशाम रिजवी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार को अपने छात्रों पर गर्व है और वे जहां भी रहें, संस्थान का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का संचालन अनिरुद्ध धामा ने तथा अलग-अलग प्रस्तुति में क्रमशः मोहम्मद आरिफ, सुबे सिंह, अब्दुल कादिर, परविंदर, सोनू, अमन राव, रिजा रिजवी, फरहा खातून एवं रूबी रिजवी द्वारा किया गया, जिनकी प्रस्तुति ने समारोह को जीवंत और आकर्षक बनाए रखा। समारोह में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाओं के साथ भावुक वातावरण में विदाई दी गई।

# एक्सक्लूसिव न्यूरोलॉजी ओपीडी सेवाएं शुरु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर में एक्सक्लूसिव न्यूरोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की जा रही है। इस ओपीडी का शुभारंभ न्यूरोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. विवेक कुमार, की उपस्थिति में किया गया। डॉ. विवेक कुमार, अब प्रत्येक महीने के दूसरे और चौथे बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैक्स मेडसेंटर, मेरठ में उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान वह मरीजों को प्राथमिक कंसल्टेशन के साथ-साथ फॉलो अप सेवाएं भी प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डॉ. विवेक कुमार, ने बताया, कि बड़ी संख्या में लोग सिरदर्द, माइग्रेन, अचानक चक्कर आना या बेहोशी, चलने में परेशानी, संतुलन या कोऑर्डिनेशन की कमी, देखने में दिक्कत, बोलने में समस्या या निगलने में कठिनाई जैसी न्यूरो लॉजिकल समस्याओं के साथ डाक्टर के पास पहुंचते हैं। नई ओपीडी सेवाओं के माध्यम से अब मेरठ और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को मिर्गी, पार्किंसन डिजीज, मेमोरी डिसऑर्डर और स्ट्रोक जैसी बीमारियों के लिए सुविधा यहीं उपलब्ध हो सकेगी।

# खैरनगर दवा बाजार को स्थानांतरण करने का विरोध, प्रदर्शन का एलान



दवा मार्किट के स्थानांतरण का विरोध करते व्यापारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक बुधवार को खैर नगर स्थित महामंत्री कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में मेरठ विकास प्राधिकरण द्वारा खैर नगर के दवा बाजार को इटायरा स्थानांतरित करने की प्रस्तावित योजना पर चर्चा की गई। व्यापारियों ने एक स्वर में बाजार को अन्यत्र शिफ्ट करने का विरोध करते हुए प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। पदाधिकारियों ने मांग की कि खैर नगर में ही ट्रैफिक व्यवस्था सुधार, चार पहिया वाहनों पर दिन में रोक, दोपहिया पार्किंग, स्थायी पुलिस पिकेट, सार्वजनिक शौचालय और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाए। अध्यक्ष देवेंद्र भसीन समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

# उम्मीद व जिम्मेदारी के साथ उतरेगा भारत




● टॉस एक फैक्टर हो सकता है, लेकिन असली टेस्ट एग्जीक्यूशन में होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत गुरुवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में नामीबिया के खिलाफ ग्रुप ए के मुकाबले में डिफेंडिग चैंपियन होने के नाते उम्मीद और जिम्मेदारी दोनों लेकर उतरेगा। अमेरिका के खिलाफ उनके शुरुआती मैच ने सभी को याद दिलाया कि टी-20 क्रिकेट, भारत जैसी टैलेंटेड टीम के लिए भी, मुश्किल हो सकता है। एक समय, भारत 77 रन पर 6 विकेट खो रहा था, ऐसी पिच पर जिसमें टेक्निक, टेम्परामेंट और टैक्टिकल अवेयरनेस की जरूरत थी। यह एक ऐसी हार हो सकती थी जिससे टीम का कॉन्फिडेंस डगमगा जाता, लेकिन ऐसे पलों में वर्ल्ड-क्लास खिलाड़ी मौके का फायदा उठाते हैं। वह खिलाड़ी, एक बार फिर, सूर्यकुमार यादव थे। 48 गेंदों पर उनकी नाबाद 84 रन की पारी टाइमिग, कॉन्फिडेंस और कंट्रोल्ड एग्रेशन का मास्टरक्लास था। सूर्यकुमार का हर शॉट सोचा-समझा लेकिन हिम्मत वाला था, हर बाउंड्री याद दिलाती है कि वह दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 बल्लेबाजों में से एक क्यों बन गए हैं। उन्होंने न सि र्फ भारत को मुश्किल से बचाया, बल्कि मोमेंटम को पूरी तरह से मेजबान टीम के पक्ष में कर दिया, जिससे पता चला कि जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो वे जम्मिेदारी लेने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। बॉलिंग ने भी भारत की गहराई और खुद को ढालने की काबिलियत दिखाई। चोटिल हर्षित राणा की जगह देर से आए मोहम्मद सिराज ने शुरू में ही विरोधी टीम पर दबाव डाला, जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने बीच के ओवरों में दबाव बनाकर रन बनाने के मौके कम किए। यह दबाव में मिलकर किया गया प्रदर्शन था, और इस लेवल का प्रदर्शन भारत के लिए एक ब्लूप्रिंट देता है क्योंकि वे नाम. ीबिया का सामना कर रहे हैं, जो इस लेवल पर खुद को साबित करने के लिए बेताब टीम है। नाम. ीबिया इस मुकाबले में अपने सामने मौजूद चुनौती को जानते हुए उतरेगा। नीदरलैंड्स से उनकी शुरुआती हार ने उम्मीद और सुधार की जरूरत वाले एरिया, दोनों को दिखाया। टॉप-ऑर्डर के बैट्समैन निकोल लॉफ्टी-ईटन और जान फ्राइलिक ने संयम और स्किल दिखाई, लेकिन मिडिल ऑर्डर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष करता रहा, और जरूरी मौकों पर विकेट गिरे। भारत के खिलाफ, नामीबिया को शुरू से ही अग्रेसिव होना होगा, समझदारी से स्ट्राइक रोटेट करनी होगी, और ऐसी पार्टनरशिप बनानी होगी जिससे वे एक मुश्किल टोटल बना सकें या उसका पीछा कर सकें। उनके बॉलर्स को इंडिया की गहराई और क्वालिटी के सामने कड़ी परीक्षा देनी होगी, और उनके फील्डर्स को आसान रन और छूटे हुए मौकों को रोकने के लिए अलर्ट रहना होगा। अगर नामीबिया डिफेंडिग चैंपियन को मुश्किल में डालना चाहता है तो डिसिप्लिन और फोकस बहुत जरूरी होगा। दिल्ली की पिच से पेसर्स को शुरुआत में मदद मिलेगी लेकिन लाइट्स में स्ट्रोक्स के लिए आसानी होने की उम्मीद है। टॉस एक फैक्टर हो सकता है, लेकिन असली टेस्ट एग्जीक्यूशन में होगा – इंडिया अपने एक्सपीरियंस और कंपोजर से, और नामीबिया अपने एम्बिशन और भूख से। सभी की निगाहें एक बार फिर सूर्यकुमार पर होंगी, जिनकी अकेले दम पर गेम बदलने की काबिलियत बेजोड़ है, लेकिन नामीबिया के खास परफॉर्मर्स को भी अपनी छाप छोड़ने के मौके मिलेंगे। कल एक्सपीरियंस बनाम एम्बिशन, स्किल बनाम भूख, और स्ट्रैटेजी बनाम इंस्टिंक्ट का एक दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। भारत अपनी बादशाहत दिखाने की कोशिश करेगा।

# आसिफ नजरुल का अजीब यू टर्न



● कहा: खिलाड़ियों और बीसीबी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 बॉयकॉट का फैसला किया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ नजरुल ने अपने पहले के रुख से एक अजीब यू-टर्न लेते हुए कहा कि चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा न लेने का फैसला क्रिकेटरों और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने लिया था, न कि सरकार ने।

आसिफ की बातें अजीब हैं, क्योंकि इससे पहले 22 जनवरी को, अंतरिम सरकारी सांसद ने जोर देकर कहा था कि बांग्लादेश का टूर्नामेंट छोड़ने का फैसला सरकार का था। आसिफ 22 जनवरी को क्रिकेटरों से मिले थे, जब लिटन दास ने बताया था कि खिलाड़ी वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने को लेकर किसी भी बातचीत का हिस्सा नहीं थे। उस मीटिग के बाद, आसिफ ने मीडिया को बताया कि उन्होंने खिलाड़ियों को सरकार के फैसले के बारे में बताया था। यह मीटिग एक ब्रीफिग जैसी लग रही थी, जहां खिलाड़ियों को प्रोसेस में शामिल करने के बजाय फैसले के बारे में बताया गया था। आसिफ ने 22 जनवरी को रिपोर्टर्स से कहा कि मीटिंग का मकसद बस खिलाड़ियों को यह समझाना था कि सरकार ने यह फैसला क्यों लिया और उन्हें कॉन्टेक्स्ट बताना था। मुझे लगता है कि वे समझ गए थे। यही मकसद था – और कुछ नहीं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि हमें प्ब्ब से इंसाफ नहीं मिला। हम वर्ल्ड कप में खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है। हालांकि, आसिफ ने मंगलवार को कई लोगों को हैरान कर दिया जब उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में नहीं खेलने का फैसला सरकार ने नहीं, बल्कि बोर्ड और खिलाड़ियों ने लिया था। आसिफ ने मंगलवार को रिपोर्टर्स से कहा कि वर्ल्ड कप न खेलने का कोई अ फसोस नहीं है। यह फैसला बीसीबी और खिलाड़ियों ने लिया क्योंकि उन्होंने देश के क्रिकेट की सुरक्षा, लोगों की सुरक्षा और देश की इज्जत की रक्षा के लिए कुर्बानी दी है। आसिफ ने फिर कहा कि वह आईसीसी के जवाब से खुश हैं और कहा कि ग्लोबल बॉडी आने वाले दिनों में बांग्लादेश के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आईसीसी ने कहा है कि कोई बैन नहीं होगा और बांग्लादेश को एक इंटरनेशनल टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए कंसीडर किया जाएगा। यह एक शानदार अचीवमेंट है। मैं बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को सलाम करता हूं। ऐसा माना जाता है कि आसिफ ने वर्ल्ड कप से दूर रहने के बांग्लादेश के फैसले में अहम भूमिका निभाई थी, जिसमें जुलाई 2025 में स्टूडेंट मूवमेंट के बाद सत्ता में आने के बाद अंतरिम

# अश्विन ने उस्मान तारिक के विवादित एक्शन का बचाव किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को पाकिस्तानी स्पिनर उस्मान तारिक का सपोर्ट किया, जिनके बॉलिग एक्शन ने यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ पाकिस्तान की 32 रन की जीत के बाद चर्चा छेड़ दी है।

28 साल के इस खिलाड़ी का बॉलिग एक्शन अमेरिका को रोकने में अहम साबित हुआ, लेकिन उनके अनोखे एक्शन, जिसमें रन-अप में एक खास रुकावट और साइड-आर्म रिलीज शामिल है, ने लोगों का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर उनकी आला. ेचना हुई। भारत के पूर्व ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने एक्स पर पोस्ट किया कि बॉलिग एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी से मान्यता प्राप्त टेस्टिग सेंटर में ही तय की जा सकती है। अश्विन ने कहा कि सबसे पहले,


● बॉलिंग एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी से मान्यता प्राप्त टेस्टिंग सेंटर में ही तय की जा सकती है: अश्विन

उनके एक्शन की लीगैलिटी सिर्फ आईसीसी बॉलिग एक्शन टेस्टिग सेंटर में ही टेस्ट की जा सकती है,ष् और कहा कि 15-डिग्री एल्बो एक्सटेंशन नियम को मैच के दौरान ऑन-फील्ड अंपायर सही तरीके से नहीं आंक सकते। उन्होंने इस मुद्दे को ग्रे एरिया बताया और कहा कि बिना सही टेस्टिग के किसी बॉलर पर आरोप लगाना गलत होगा। डिलीवरी स्ट्राइड में रुकावट पर, अश्विन ने कहा कि अगर यह बॉलर के रेगुलर एक्शन का हिस्सा है तो यह लीगल है। पहले, इंडिया के विकेटकीपर बैटर श्रीवत्स ने हालांकि, इस रुकावट पर सवाल उठाया।

टी-20 विश्व कप : शून्य से अस्पताल तक का सफर

# अभिषेक ने भारत को मुश्किल में डाला

● अभिषेक शर्मा को पेट में इन्फेक्शन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया



**नई दिल्ली, वार्ता।** टूर्नामेंट के पहले मैच में पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट होने से लेकर कुछ ही दिनों में अस्पताल के बिस्तर पर जाने तक, अभिषेक शर्मा के टी-20 वर्ल्ड कप के सफर ने एक अचानक और नाटकीय मोड़ ले लिया है, जिससे गुरुवार को दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले भारत के सामने सिलेक्शन की नई पहेली खड़ी हो गई है। भारत के इस युवा ओपनर को पेट में इन्फेक्शन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पिछले दो दिनों से वह मेडिकल निगरानी में हैं। बीमारी का सही कारण पता लगाने के लिए टेस्ट किए जा रहे हैं, और उनके डिस्चार्ज होने पर अभी भी शक है, जिससे नाम. ीबिया मैच के लिए उनके उपलब्ध होने पर गंभीर शक है।

अभिषेक की तकलीफ सबसे पहले मुंबई में अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले मैच के दौरान सामने आई थी, जहां वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे। बाएं हाथ का यह खिलाड़ी अमे. रिका के असफल चेज के दौरान मैदान पर नहीं लौटा, असिस्टेंट कोच रयान टेन डेशकाटे ने बाद में पुष्टि की कि वह पेट में कीड़े से जूझ रहा है। मैच के बाद टेन डेशकाटे ने कहा था कि अभि के पेट में अभी भी कुछ दिक्कतें हैं। हमें उम्मीद है कि वह दो दिन में गेम के लिए अवेलेबल हो जाएगा। अभिषेक के हॉस्पिटल में भर्ती होने के बाद, इंडिया का थिक टैंक टूर्नामेंट के इस अहम स्टेज पर अपने ओपनिग कॉम्बिनेशन को फिर से देखने के लिए मजबूर है। संजू सैमसन टॉप ऑर्डर में एक पोटेंशियल रिप्लेसमेंट के तौर पर उभर रहे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ कम स्कोर बनाने के बाद ईशान किशन को पहली पसंद के ग्लवमैन के तौर पर अपनी जगह गंवा दी थी, लेकिन अब वह फिर से रेस में आ सकते हैं। टेन डेशकाटे ने कहा था कि हम किसी भी चीज से ज्यादा अभि की फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं और इससे, फिर से, कुछ अलग कॉम्बिनेशन खुलेंगे। उन्होंने टैक्टिकल एडजस्टमेंट पर विचार किए जाने का इशारा किया। हालांकि अभिषेक की स्थिति एक झटका है, लेकिन भारत को दूसरे मोर्चों पर अच्छी खबर मिली है। पेस स्पीयरहेड जसप्रीत बुमराह, जो बीमारी के कारण अमेरिका मैच से चूक गए थे।

# देहरादून ने गंवाया रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल की मेजबानी का मौका

**देहरादून, वार्ता।** बीसीसीआई के पिच क्यूरेटर ने उत्तराखंड में देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दौरा करने के बाद मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यहां के मैदान की हालत को बेहद निराशाजनक बताया है। इससे यहां रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल की मेजबानी को लेकर झटका लगा है। क्यूरेटर राक. ेश कुमार ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा कि स्टेडियम की पिच और आउटफील्ड का स्तर इतना खराब है कि यहां सेमीफाइनल जैसा महत्वपूर्ण मुकाबला आयोजित नहीं किया जा सकता। बीसीसीआई की निरीक्षण टीम के अनुसार, ग्राउंड का रखरखाव मानकों के अनुरूप नहीं है, जिसके चलते इसे उच्च स्तरीय क्रिकेट के लिए अनुपयुक्त घोषित कर दिया गया है। इस फैसले के बाद अब यह मैच उत्तराखंड के बजाय उत्तर प्रदेश में शिफ्ट होने की पूरी संभावना है। सूत्रों की मानें तो बीसीसीआई अब इस सेमीफाइनल को कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीन पार्क या लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आयोजित करने पर विचार कर रहा है। इस घटनाक्रम ने राज्य के खेल प्रेमियों और क्रिकेट विशेषज्ञों को गहरे असमंजस में डाल दिया है। एक क्रिकेट विशेषज्ञ ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि उत्तराखंड के लिए अपनी खेल सुविधाओं को प्रदर्शित करने का यह एक अवसर था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जोकोविच के बाद सिलिच 600 जीत हासिल करने वाले बने दूसरे सक्रिय खिलाड़ी

**डलास, वार्ता।** नेक्सो डलास ओपन में लर्नर टिएन के खिलाफ मिली मारिन सिलिच की 600वीं टूर-लेवल जीत, उनकी कंसिस्टेंसी और लंबे समय तक टिके रहने की झलक है, इन खूबियों ने उन्हें आज के महान खिलाड़ियों में जगह बनाने में मदद की है। एटीपी टूर पर दो दशकों में, जिसका ज्यादातर हिस्सा 'बिग थ्री' युग में मुकाबला करते हुए बीता, क्रोएशियाई खिलाड़ी न केवल टिका रहा, बल्कि आगे भी बढ़ा है। 37 साल के सिलिच इस खेल के सबसे कड़े कॉम्पिटिटर में से एक हैं, जिनके पास उतनी ही जबरदस्त बेसलाइन फायरपावर है। साथ ही, 21 बार टूर-लेवल टाइटल जीतने वाले सिलिच शांत अंदाज, आसान मुस्कान और सच्ची दयालुता के बीच संतुलन बनाते हैं, जो खिलाड़ियों और फैंस दोनों को पसंद आता है।

### झारेड हैक डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में आधी बढ़त पर

**नई दिल्ली, वार्ता।** अमेरिकी झारेड हैक लगातार दूसरे दिन बोगी-फ्री रहे और नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेली जा रही 1-5 करोड़ रुपये की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में आधी बढ़त पर पहुंच गए। झारेड हैक (64-63), जो पिछले हफ्ते नया रायपुर में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के सीजन-ओपनर में अपनी जीत के बाद फेश थे, बुधवार को फिजिकली अच्छी शेप में नहीं थे, लेकिन फिर भी अपने पहले राउंड के 64 के स्कोर के बाद दूसरे दिन और भी बेहतर सात-अंडर 63 के साथ अपना टोटल 13-अंडर 127 कर लिया और इस तरह रात भर की अपनी टाई की हुई तीसरी पोजीशन से दो स्पॉट ऊपर आ गए। हनी बैसोया (63-65), जो पिछले हफ्ते छत्तीसगढ़ में तीसरे नंबर पर थे, ने दिल्ली में भी अपना जलवा जारी रखा और दूसरे राउंड में 65 का स्कोर करके अपनी दूसरी पोजिशन बनाए रखी।

# द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराया



● द. अफ्रीका ने दूसरे सुपर ओवर में जीत हासिल करके टी-20 विश्व कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक जीत लिया

**अहमदाबाद, वार्ता।** रहमानुल्लाह गुरबाज की बीच में बल्ले से कई धमाकेदार पारी बेकार गई, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को अहमदाबाद में दूसरे सुपर ओवर में जीत हासिल करके टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक जीत लिया। यह मुकाबला, जिसमें पेंडुलम कई बार किसी भी दिशा में घूमा, जिसके खत्म होने का कई बार वादा किया गया था, आखिरकार दूसरे सुपर ओवर की आखिरी गेंद पर तय हुआ। मैच आखिरी ओवर की पहली गेंद पर ही खत्म हो सकता था, जब कगिसो रबाडा ने नूर अहमद को कवर पर कैच कराया। लेकिन पेसर ने ओवरस्टेप कर दिया था। यह अफगानिस्तान के लिए राहत की बात थी, जो आखिरी ओवर में सिर्फ एक विकेट के साथ 13 रन का पीछा कर रहा था। यह पहले सुपर ओवर की आखिरी बॉल पर भी खत्म हो सकता था, लेकिन साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 7 रन चाहिए थे और 18 रन का पीछा कर रहे थे, ट्रिस्टन स्टब्स – जिन्होंने तब तक कोई बॉल नहीं खेली थी – ने फजलहक फारूकी की बॉल पर सीधा छक्का जड़ दिया। एक बार फिर, दूसरे सुपर ओवर में चार बॉल बाकी रहते हुए, मैच का फैसला हो गया लग रहा था। जीत के लिए 24 रन का पीछा करते हुए, अफगानिस्तान पहली दो बॉल पर रन नहीं बना सका – और मोहम्मद नबी का विकेट भी गंवा दिया। साउथ अफ्रीका को बस एक डॉट बॉल की जरूरत थी। लेकिन यह खत्म नहीं हुआ। गुरबाज, जिन्होंने पहले 42 बॉल में 84 रन बनाए थे और अफगानिस्तान के लिए लक्ष्य का पीछा करने की शुरुआत की थी, ने तीन बॉल पर तीन छक्के मारे और आखिरी बॉल पर 6 रन की जरूरत को कम करके मैच अपने नाम कर लिया। महाराज, गुरबाज के हिटिंग आर्क से दूर जाने की कोशिश में, वाइड बॉल फेंक बैठे, जिससे एक और चांस बन गया कि मुकाबला इतना बराबरी का होगा कि आखिर में टाई हो जाएगा, और यह तीसरे सुपर ओवर में जाएगा। महाराज ने आखिरी गेंद गुरबाज के आर्क से दूर भेजी, जिसने उसे पॉइंट पर डेविड मिलर के हाथों में मार दिया। अब पीछे मुड़कर देखने पर अ फगानिस्तान को कई फैसलों का पछतावा हो सकता है। सबसे पहले, सुपर ओवर में राशिद खान को बॉलिग न करने का फैसला। दूसरा वाला, खासकर, उनके लिए बहुत महंगा साबित हुआ क्योंकि अजमतुल्लाह उमरजई दबाव में अपनी लेंथ मिस कर गए, और मिलर और स्टब्स दोनों ने उन्हें सही सजा दी। और फिर, एक बड़ा काम हाथ में होने पर, नबी आखिरी सुपर ओवर में पारी की शुरुआत करने उतरे, यह फैसला महंगा साबित हुआ। फिर भी, अ फगानिस्तान ने मुकाबले को जितना गहरा खींचा, वह अपने आप में तारी फ के काबिल है।

# मार्श के चोटिल होने पर स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया ने कवर के तौर पर बुलाया




● मार्श को इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रेनिंग के दौरान ग्रोइन में चोट लगी थी

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टीवन स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया की टी 20 वर्ल्ड कप टीम में कवर के तौर पर बुलाया गया है, क्योंकि कप्तान मिशेल मार्श आयरलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच से बाहर हो गए थे।

मार्श को इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रेनिग के दौरान ग्रोइन में चोट लगी थी, जिससे टेस्टिकुलर ब्लीडिग हुई है। मार्श ने मंगलवार को तय समय पर मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। लेकिन कोलंबो में टॉस से ठीक 15 मिनट पहले उनके मैच से बाहर होने की खबर आई। सीएके एक बयान में कहा गया कि उन्हें (मार्श) लगातार दर्द और बेचैनी हो रही है, जिससे उनका मूवमेंट रुक रहा है।स्कैन से टेस्टिकल में अंदरूनी ब्लीडिग की पुष्टि हुई है, और उन्हें आराम और रिहैबिलिटेशन के लिए कुछ समय की जरूरत होगी। उनकी वापसी लक्षणों के ठीक होने और मेडिकल सलाह से तय होगी। स्टैंडबाय खिलाड़ी स्टीवन स्मिथ जरूरत पड़ने पर श्रीलंका जाकर मौसम के हिसाब से ढलने और तैयारी करने के लिए कवर के तौर पर जाएंगे। मार्श के न होने का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया असल में अपने शुरुआती मैच के लिए सि र्फ 12 खिलाड़ियों में से चुन रहा है, जोश हेजलवुड को अभी तक टीम में ऑफिशियली रिप्लेस नहीं किया गया है और टिम डेविड को हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण शुक्रवार को जम्बिाब्वे के मैच के लिए रोक दिया गया है, जिससे उनका बीबीएल खत्म हो गया था। सीन एबॉट हैं, लेकिन एक ट्रैवलिग रिजर्व के तौर पर और अभी तक टीम का ऑफिशियल हिस्सा नहीं हैं।

# हसरंगा के बिना खेलने उतरेगा श्रीलंका




● वानिंदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण टी-20 विशव कप से बाहर हो गए

**पल्लेकेले, वार्ता।** श्रीलंका का कैंपेन शहर बदल रहा है, लेकिन ऐसा शक के घेरे में है। वानिदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं, जो को-होस्ट के लिए एक बड़ा झटका है, ठीक वैसे समय में जब टूर्नामेंट आकार लेना शुरू कर रहा है। इस इंजरी से उनके बॉलिंग प्लान और ऑन-फील्ड प्रेजेंस में एक साफ कमी रह गई है। ओमान के खिलाफ पहला टेस्ट कागज पर शायद सबसे मुश्किल न लगे, लेकिन फोकस इस बात पर होगा कि श्रीलंका का अटैक अपने लीड स्पिनर के बिना कैसे जवाब देता है। यह पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट का पहला गेम होगा, जो सुबह शुरू होगा। कोलंबो से शिफ्ट होने के कारण कंडीशन अलग हैं, लेकिन स्पिन फिर से हावी होने वाली है, क्योंकि यहां पेसर्स की तुलना में स्लोअर बॉलर्स को ज्यादा सफलता मिली है। इससे महेश थीक्षाना और श्रीलंका के दूसरे स्लो-बॉलिग रिसोर्सेज पर ज्यादा जम्मिेदारी आ जाती है, खासकर जब उनका स्टार स्पिनर नहीं है। श्रीलंका आयरलैंड के खिलाफ अपने शुरुआती गेम में बल्ले से भी अच्छा नहीं खेल पाई थी। बीच के ओवरों में वे बुरी तरह हार गए, 7वें और 15वें ओवर के बीच एक भी बाउंड्री नहीं लगा पाए, इससे पहले कामिडू मेंडिस ने उन्हें अच्छा फिनिश दिया। वे उम्मीद कर रहे होंगे कि टॉप ऑर्डर ज्यादा इंटेंट दिखाए और अपनी रिदम पाए, क्योंकि इसके बाद मुश्किल काम आने वाले हैं। ओमान के लिए, यह कई तरह से अंजान जगह है। यह श्रीलंका के खिलाफ उनका पहला टी-20 मैच होगा। हालात के हिसाब से जल्दी ढलना और बैटिग में बेहतर मैनेजमेंट जरूरी होगा। वे जम्बिाब्वे से करारी हार के बाद आए हैं। पेस और बाउंस के सामने वे जल्दबाजी में गलतियां कर बैठे और 103 रन पर आउट हो गए। अगर उन्हें मेजबान टीम को चुनौती देनी है तो उन्हें बेहतर बैटिग प्रदर्शन की जरूरत है।

**श्रीलंका:** हसरंगा की गैरमौजूदगी में बॉलिग कॉम्बिनेशन में बदलाव करना होगा। लेगस्पिनर दुशान हेमंथा को उनकी जगह लिया गया है और वह तुरंत टीम में आ सकते हैं।

**संभावित इलेवन:** पथुम निसंका, कामिल मिशारा, कुसल (विकेटकीपर), पवन रथनायके, कामिडू मेंडिस, दासुन शनाका (कप्तान), दुनिथ वेल्लालेज, दुशान हेमंथा, दुष्मंथा चमीरा, महेश थीक्षाना, मथीशा।

# वानखेड़े प्रकरण लेकर भारतीय बल्लेबाज ज्यादा नहीं सोचें



● संजय बांगर ने नामीबिया के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर अपने विचार शेयर किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने कैंपेन के पहले मैच में अमेरिका को 29 रन से हराया, लेकिन अपनी बैटिग इनिग्स के दौरान एक समय वे मुश्किल में थे। जियोस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोस्टार एक्सपर्ट्स संजय बांगर और पीयूष चावला ने बैटर्स के लिए सीख और नामीबिया के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर अपने विचार शेयर किए। संजय बांगर ने कहा कि अमेरिका के खिलाफ मैच के बाद भारतीय बैट्समैन को अपने अप्रोच के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भारतीय बैट्समैन कोअमेरिका के खिलाफ वानखेड़े में जो हुआ, उसके बारे में ज्यादा सोचना चाहिए, क्योंकि आजकल टी-20 क्रिकेट में यह भारतीय बैटिग लाइन-अप जिस अप्रोच से खेलता है, वह जाहिर तौर पर रिस्क से भरा है। ऐसे दिनों में, जब कुछ विकेट गिर जाते हैं, और आप फिर भी जोरदार खेलना चाहते हैं, तो आप क्लस्टर में विकेट खो देते हैं। अगर कोई एक सीख है, तो वह यह है कि शायद थोड़ा धीमा हो जाएं, लेकिन अपने अप्रोच पर ज्यादा शक न करें, क्योंकि उस निडर स्टाइल ने आपको बहुत सफलता दिलाई है। अपनी काबि. लियत पर भरोसा करते रहें और उसी तरह खेलते रहें जैसे यह भारतीय बैटिंग यूनिट पिछले 18 महीनों में टी-20 क्रिकेट में खेलती आई है। वॉशिगटन सुंदर की बेहतर फिटनेस और प्लेइंग इलेवन में संभावित बदलावों पर बांगर ने कहा कि यह बहुत अच्छी खबर है कि वॉशिगटन सुंदर टीम में शामिल होने जा रहे हैं, क्योंकि इंडियन मैनेजमेंट ने उनके साथ सब्र रखा है और उन्हें उनकी काबिलियत पर बहुत भरोसा है। टूर्नामेंट की शुरुआत में उनके न होने के बावजूद उन्हें टीम में बनाए रखना दिखाता है कि वे एक जैसा टीम कॉम्बिनेशन बनाए रखना चाहते हैं। अगर, मान लीजिए, एक स्पिन-बॉलिग ऑलराउंडर की जरूरत होती है, तो वॉशिगटन सुंदर जरूर आ सकते हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह दिल्ली में खेलेंगे। मुझे पक्का लगता है कि जसप्रीत बुमराह प्लेइंग इलेवन में जगह बना लेंगे, और इन-फॉर्म मोहम्मद सिराज के बाहर रहने की संभावना है। बांगर ने भारत की बैटिग लाइन-अप पर कहा कि जब मैं इस इंडियन बैटिग लाइन-अप को देखता हूं, तो इसमें मैच्योरिटी के साथ-साथ निडरता का भी शानदार मिक्स है। अब, मैच्योरिटी के मामले में, आपके पास ऐसे प्लेयर्स हैं जो सिचुएशन की जरूरतों के हिसाब से खुद को एडजस्ट कर सकते हैं। तिलक वर्मा उसी तरह बैटिग करते हैं, जैसे सूर्या और हार्दिक करते हैं। इसलिए, अगर इंडिया फिर से खुद को ऐसी ही सिचुएशन में पाता है, तो इन तीनों में से किसी एक पर इनिग्स को थोड़ा संभालने की जम्मिेदारी हो सकती है, जबकि उनके आस-पास के बैट्समैन वैसे ही खेलते रहेंगे जैसे वे खेलते आ रहे हैं। यह कुछ ऐसा है जिस पर टीम और बैटिग ग्रुप आगे बात कर सकते हैं। पीयूष चावला ने माना कि दिल्ली में ओस एक बहुत बड़ा फैक्टर होगी उन्होंने कहा,ष्ओस एक बड़ा फैक्टर होगी क्योंकि दिल्ली में इस समय मौसम थोड़ा ठंडा है, और यह निश्चित रूप से शाम के गेम्स में एक बड़ा रोल निभाती है। जो कैप्टन टॉस जीतेगा, वह शायद पहले बॉलिंग करने का ऑप्शन चुनेगा, क्योंकि जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ेगा।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रेड पर रार

बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी। राहुल गांधी ने आम बजट और वित्त मंत्रालय की ओर से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र किया, उनका कहना था कि इसमें उन्हें मुख्य रूप से दो बिन्दु दिखाई दिए, पहला बिन्दू बताता है कि हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। इसका मतलब है कि अमेरिका को आज रूस व चीन से बड़ी चुनौती मिल रही है। जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है। राहुल का यह भी कहना था कि आज हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। ऐसा कहते हुए उन्होंने रूस और इरान का उदाहरण दिया और याद दिलाया कि पीएम और एनएसए ने कुछ समय पहले कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका है, लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है और इरान में संघर्ष हो रहा है। यानि में स्थिरता से अस्थिरता की ओर जा रहे हैं। उन्होंने भारत का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। डॉलर को चुनौती दी जा रही है। जैसाकि मेरे कुछ दोस्त समझते हैं। इस तरह हम दो सुपर या कई सुपर पॉवर वाले दौर में जा रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी ट्रेड पर भी खुलकर बात की। ट्रेड को लेकर अभी मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही है। अमेरिका की तरफ से नई-नई बातें सामने आ रही हैं, जो कई बार भारत को भी असहज करती हैं। अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी फैक्ट शीट में फिर बदलाव किए हैं और पहले जिन बातों का साफ जिक्र था अब उन्हें हटा दिया गया है या उसकी भाषा बदल दी गई है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत-अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा जिसमें दाल भी शामिल थी, अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा दिया गया है। इसी तरह 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदल गई है। पहले लिखा था कि भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने के लिए कमिटिड है, अब इसे बदलकर इरादा रखता है कर लिया गया है। भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे इस पर निगरानी के लिए ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री व वित्त मंत्री शामिल हैं। अगर इनको लगता है कि भारत ने रूस से तेल का दोबारा इम्पोर्ट शुरू कर दिया है तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प से दोबारा 25 फीसदी पैनल्टी लगाने के लिए कह सकते हैं। राहुल गांधी भी सरकार को ट्रेड पर घेर रहे हैं और उनकी नजर में भारत डॉलर को चुनौती देने के बजाए उसको मजबूती देने में लगा हुआ है।


## अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हम



हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है, यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है, उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं, दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है, हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं, प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था, लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है, यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं, देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं, हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था, तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं, हम सुपरपावर वाली दुनिया से किसी नई दुनिया में जा रहे हैं, जिसका हम अंदाजा नहीं लगा सकते।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# मन के विकार के निदान में उदासीनता





**पंकज चतुर्वेदी**

विकसित भारत के सामने आज जो प्रमुख चुनौतियां हैं उनमें सबसे ऊपर युवाओं की बिगड़ती मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है। बकौल इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले 35 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में पाए जा रहे हैं। इन युवाओं के सामने काम का बदता दवाब, प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाओं जैसे पृष खड़े हैं और इनसे जूझते समय बड़ी संख्या में वे अवसाद, बैचेनी की गिरफ्त में आ जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह के मानसिक विकार होने पर रोगी समझ ही नहीं पाता कि उसके मन के साथ कुछ असामान्य है। कहने की जरूरत नहीं कि जिस तरह मानसिक रोग तेजी से फाइल रहे हैं, हमारे पास उस तुलना में चिकित्सक और इलाज के विकल्प गौण हैं। यही वजह है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां देश की बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण स्वीकार कर रहा है कि माकूल उपचार अधिकांश मरीजों की पहुंच से बाहर है। लैंसेट साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज स्टडी के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में19।73 करोड़ लोग (कुल आबादी का लगभग 14.3 प्रतिशत) किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित थे। इनमें 4.57 करोड़ अवसाद और 4.49 करोड़ बैचेनी के शिकार हैं। बेंगलुरु के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस (निमहांस) के सर्वे में सामने आया है कि 13 से 17 वर्ष वाले लगभग 7.3 प्रतिशत किशोर किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित हैं। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं व डिजिटल जीवन-शैली इसके प्रमुख कारण हैं। सर्वाधिक खराब हालत राजधानी दिल्ली के हैं जहां 11.23 फीसदी आबादी मानसिक बीमारियों से जूझ रही है। यह बात दिल्ली सरकारी की सन 2025 की सालाना सांख्यिकी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट कहती हैं कि राजधानी में कोई सात फीसदी लोगों का बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है, जिससे उनके सीखने और रोजमर्रा के जीवन में कठिनाइयां झेलनी पड़ रहीं। अवसाद, चिंता और सिजोफ्रेनिया जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या 4.28 फीसदी हैं। मानसिक रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि दिल्ली में अकेलापन, सामाजिकता का अभाव के साथ -साथ प्रदूषण, ट्राफिक जाम, आर्थिक असमानता जैसे कारण तेजी से मानसिक रोगों को बढ़ा रहे हैं। बात अकेले राजधानी की नहीं हैं, देश के दूरस्थ अंचलों में छोटे गांव तक मानसिक विकार का विस्तार बेहद खतरनाक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा पश्चिम बंगाल के कृषि प्रधान क्षेत्रों में किया गया एक धीयन इसके मूल कारणों पर प्रकाश डालता है। अध्ययन कहता है कि जिन किसानों के खेतों में सप्ताह में एक बार कीटनाशक का छिड़काव होता है, उनमें डिप्रेशन, याददाश्त में कमी और रोजमर्रा की गतिविधियों में गिरावट का खतरा तीन गुना तक बढ़ जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) में प्रकाशित इस अध्ययन में आईसीएमआर का सरकार को सुझाव है कि किसानों को कीटनाशक छिड़कते समय सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए जाएं, साथ ही ग्रामीण इलाकों में कीटनाशक-जनित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रम शुरू किए जाएं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक शोध में कुछ साल पहले ही बताया दिया था कि देश में चौथी सबसे बड़ी बीमारी अवसाद या डिप्रेशन है। आज देश की सबसे बड़ी दूसरी बीमारी हार्ट अटैक के बाद अवसाद को कहा जा रहा है। बढ़ती जरूरतें, जिंदगी में बढ़ती भागदौड़, रिश्तों के बंधन ढ़ीले होनाय इस दौर की कुछ ऐसी त्रासदियां हैं जो इंसान को भीतर ही भीतर खाए जा रही है। ये सब ऐसे विकारों को आमंत्रित कर रहा है, जिनके प्रारंभिक लक्षण नजर आते नहीं हैं, जब मर्ज बढ़ जाता है तो बहुत देर हो चुकी होती है। विडंबना है कि सरकार में बैठे नीति-निर्धारक मानसिक बीमारियों को अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसे हास्यास्पद कहें या शर्म कि जय विज्ञान के युग में मनोविकारों को एक रोग के बनिस्पत ऊपरी व्याधा या नियति समझने वालों की संख्या बहुत अधिक है। तभी ऐसे रोगों के इलाज के लिए डाक्टरों के बजाए पीर-फकीरों, मजार-मंदिरों पर अधिक भीड़ होती है। सामान्य डाक्टर मानसिक रोगों को पहचानने और रोगियों को मनोचिकित्सक के पास भेजने में असमर्थ रहते हैं। इसके चलते ओझा, पुरोहित, मौलवी, तथाकथित यौन विशेषज्ञ अवैध रूप से मनोचिकित्सक का दुष्कार्य कर रहे हैं। वैसे भारत में सन 1982 में मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम शुरू हुआ था लेकिन इसकी मंथर गति ने रोग को भयानक बना दिया। इतने लोगों के इलाज के लिए कोई 32 हजार मनोचिकित्सकों की जरूरत है, जबकि देशभर में इनकी संख्या बमुश्किल नौ हजार है यानी एक लाख पर एक से भी कम औसतन 0.75 डाक्टर। इनमें भी तीन हजार तो चार महानगरों तक ही सिमटे हैं। यह रोग भयावह है और इसका इलाज भी लंबे समय तक चलता है जोकि खर्चीला भी है। इसके बावजूद कोई भी स्वास्थ्य बीमा योजना में इसे शामिल नहीं किया गया। 15 जून 2020 को सुप्रीम कोर्ट से बीमा नियामक संस्था से यह पूछा भी है कि मानसिक रोग को बीमा सुविधा क्यों नहीं है। उधर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं बिल्कुल उपेक्षित हैं। हालांकि इस साल के बजट में इस दिशा में बहुत ध्यान दिया गया है। देश भर में 24 इनटू 7 परामर्श सेवाओं के लिए राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (टेली मानस) मद में 51.14 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसके अलावा निम्हान्स बेंगलुरु को अनुसंधान, प्रशिक्षण और देखभाल के मद में पिछले वर्षों से लगभग दोगुना 917.21 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ, तेजपुर: 69.32 करोड़ रुपये, क्षेत्रीय मनोरोग सेवाओं की सहायता। जहां एक ओर मर्ज बढ़ता जा रहा है, वहीं हमारे देश के मानसिक रोग अस्पताल सौ साल पुराने पागलखाने के खौफनाक रूप से ही जाने जाते हैं। यह जर्जर, डरावनी और संदिग्ध इमारतें मानसिक रोगियों की यंत्रणाओं, उनके प्रति समाज के उपेक्षित रवैये और सरकारी उदासीनता की मूक गवाह हैं। तभी सन 2017 में 10,246 और सन 2018 में 10,134 मानसिक रोगियों ने आत्महत्या कर ली थी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानता रहा है कि देश भर के पागलखानों की हालत बदतर है। इसे सुधारने के लिए कुछ साल पहले बंगलौर के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ और चेतना विज्ञान संस्थान (निमहान्स) मे एक परियोजना शुरू की गई थी, लेकिन उसके किसी सकारात्मक परिणाम की जानकारी नहीं है। यह परियोजना भी नाकाफी संसाधनों का रोना रोते हुए फाइलों में ठंडी हो गई। हमारे देश की सवा अरब को पार कर गई आबादी के लिए केवल 43 सरकारी मानसिक रोग अस्पताल हैं, इनमें से मनोवैज्ञानिक इलाज की व्यवस्था महज तीन जगह ही है। इन अस्पतालों में 21,000 बिस्तर हैं जो जरूरत का एक फीसदी भी नहीं है। यहां तक कि जरूरत की पचास फीसदी नर्स भी उपलब्ध नहीं हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम की एक रिपोर्ट भी इस बात का प्रमाण है कि ऐसे रोगियों की बड़ी संख्या इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ है। सरकारी अस्पतालों के नारकीय माहौल में जाना उनकी मजबूरी होता है। आज भी अधिकांश मानसिक रोगी बगैर इलाज के अपने हाल में अमानवीय हालात में जीने को मजबूर हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नई मच्छरदानी दोहरी सुरक्षा देगी

**वैसे कुछ वर्ष पूर्व भी WHO ने एक नए प्रकार की मच्छरदानी को सीमित स्वीकृति प्रदान की थी। इस मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ पीबीओ का उपयोग किया गया था जो मच्छरों की पाइरेथ्रॉइड का विघटन करने की क्षमता को खत्म करता है। ये केवल पाइरेथ्रॉइड मच्छरदानी की तुलना में काफी महंगी थीं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि इनके उपयोग से मलेरिया के प्रकोप में कमी से जितना फायदा होता है।**
**वह इनकी लागत के हिसाब से कम है। क्लोरफेनापिर ने इस समस्या को दूर कर दिया है। तंजानिया और बेनिन में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि नई मच्छरदानियों के उपयोग से बच्चों में मलेरिया का प्रकोप लगभग आधा रह गया अर्थात इन मच्छरदानी के उपयोग में होना वाला खर्च मलेरिया उपचार की लागत से काफी कम साबित हुआ जो WHO द्वारा अनुमोदन के लिए पर्याप्त कारण था।**



हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए कीटनाशक मिश्रण से उपचारित मच्छरदानी के उपयोग का अनुमोदन किया है। इस नई मच्छरदानी में ऐसे दो रसायनों का उपयोग किया गया है जो मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों को अधिक प्रभावी ढंग से खत्म करने में सक्षम है। जल्द ही यह उपचारित मच्छरदानी उप सहारा अफ्रीका में व्यापक रूप से उपलब्ध हो जाएगी जहां पिछले वर्ष मलेरिया से 6 लाख से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। कीटनाशक उपचारित मच्छरदानी का डबल फायदा है।

इसके अंदर सोता व्यक्ति तो सुरक्षित रहता ही है, इस पर बैठने वाले मच्छरों का भी खात्मा हो जाता है। 2000 से 2015 के बीच मलेरिया के प्रकोप में 40 प्रतिशत गिरावट का श्रेय उपचारित मच्छरदानियों को जाता है, लेकिन मच्छर इनमें प्रयुक्त पाएरेथ्रॉइड नामक कीटनाशक के प्रतिरोधी हो चले थे। नई अनुमोदित मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ क्लोरफेनापिर का उपयोग किया गया है। क्लोरफेनापिर मच्छरों के माइटोकॉन्ड्रिया को निशाना बनाता है जिसके चलते मांसपेशियों में मरोड़ पैदा होती है और मच्छर हिलडुल या उड़ नहीं पाते हैं।

वैसे पिछले वर्ष भी WHO ने एक नए प्रकार की मच्छरदानी को सीमित स्वीकृति प्रदान की थी। इस मच्छरदानी में पाएरेथ्रॉइड के साथ पीबीओ का उपयोग किया गया था जो मच्छरों की पाइरेथ्रॉइड का विघटन करने की क्षमता को खत्म करता है। ये केवल पाइरेथ्रॉइड मच्छरदानी की तुलना में काफी महंगी थीं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि इनके उपयोग से मलेरिया के प्रकोप में कमी से जितना फायदा होता है।

वह इनकी लागत के हिसाब से कम है। क्लोरफेनापिर ने इस समस्या को दूर कर दिया है। तंजानिया और बेनिन में किए गए अध्ययनों से पता चला है कि नई मच्छरदानियों के उपयोग से बच्चों में मलेरिया का प्रकोप लगभग आधा रह गया अर्थात इन मच्छरदानी के उपयोग में होना वाला खर्च मलेरिया उपचार की लागत से काफी कम साबित हुआ जो WHO द्वारा अनुमोदन के लिए पर्याप्त कारण था। गौरतलब है कि क्लोरफेनापिर का उपयोग सबसे पहले अमेरिका में वर्ष 2001 में गैर खाद्य फसलों के लिए ग्रीन हाउसों में किया गया था। पक्षियों और जलीय जीवों में विषाक्तता के कारण खेतों पर इसके छिड़काव पर प्रतिबंध है। चूंकि इस मच्छरदानी का उपयोग घर के अंदर किया जा रहा है और व्यापक पर्यावरण से इसका सीमित संपर्क है इसलिए पर्यावरण की दृष्टि से इसे सुरक्षित माना जा रहा है।

विशेषज्ञों की चेतावनी है कि देर सबेर मच्छरों में क्लोरफेनापिर के खिलाफ भी प्रतिरोध उभरना तय है। इसलिए प्रतिरोध पैदा होने की रफ्तार को धीमा करने की तकनीकें विकसित करना महत्वपूर्ण होगा। इसके लिए नई मच्छरदानियों के साथ-साथ घरों में अंदर कीटनाशक छिड़काव या कुछ वर्षों के लिए पाइरेथ्रॉइड पीबीओ मच्छरदानियों का उपयोग भी करते रहना ठीक होगा।

# दो पिता की संतान, पुरुष भी पैदा कर सकेगा अपनी जैविक संतान!

हिन्दी फिल्मों में एक बाप की औलाद की बात कई मर्तबा की जाती है और माना जाता है कि वही सच्ची औलाद होती है। लेकिन यहां बात उस संवाद के संदर्भ में नहीं बल्कि वैज्ञानिकों द्वारा नर की कोशिकाओं से अंडे के निर्माण की हो रही है। लंदन में हाल ही में सम्पन्न तृतीय अंतर्राष्ट्रीय मानव जीनोम संपादन सम्मेलन में यह जानकारी दी गई कि शोधकर्ताओं ने नर चूहों की कोशिकाओं से अंडे बना लिए और जब उन्हें निषेचित करके मादा चूहे के गर्भाशय में रखा गया तो उनसे स्वस्थ संतान पैदा हुई और वे स्वयं संतानोत्पत्ति में सक्षम थीं। यह करामात करने के लिए शोधकर्ता बरसों से प्रयास कर रहे थे। मसलन, 2018 में एक टीम ने खबर दी थी कि उन्होंने शुक्राणु या अंडाणु से प्राप्त स्टेम कोशिकाओं से पिल्ले पैदा किए थे जिनके दो पिता या दो माएं थीं।

दो मांओं वाले पिल्ले तो वयस्क अवस्था तक जीवित रहे और प्रजननक्षम थे लेकिन दो पिता वाले पिल्ले कुछ ही दिन जीवित रहे थे। फिर 2020 में कात्सुहिको हयाशी ने बताया था कि किसी कोशिका को प्रयोगशाला के उपकरणों में परिपक्व अंडे में विकसित होने के लिए किस तरह के जेनेटिक परिवर्तनों की जरूरत होती है। इसी टीम ने 2021 में खबर दी कि वह चूहे के अंडाशय की परिस्थितियां निर्मित करके अंडे तैयार करने में सफल रही और इन अंडों ने प्रजननक्षम संतानें भी उत्पन्न कीं। अब हयाशी और उनके साथियों ने कोशिश शुरू कर दी कि वयस्क नर चूहे की कोशिकाओं से अंडे विकसित किए जाएं। उन्होंने इन कोशिकाओं को इस तरह परिवर्तित किया कि वे प्रेरित बहुसक्षम कोशिकाएं बन गईं। टीम ने इन कोशिकाओं को कल्चर में पनपने दिया जब तक कि उनमें से कुछ कोशिकाओं ने स्वत: अपना वाय गुणसूत्र गंवा नहीं दिया। जैसा कि सब जानते हैं नर चूहों की कोशिकाओं में सामान्यत: एक वाय और एक एक्स गुणसूत्र होता है। इन कोशिकाओं को रेवर्सीन नामक एक रसायन से उपचारित किया गया। यह रसायन कोशिका विभाजन के समय गुणसूत्रों के वितरण में त्रुटियों को बढ़ावा देता है। इसके बाद टीम ने वे कोशिकाएं ढूंढी जिनमें एक्स गुणसूत्र की दो प्रतिलिपियां थी, अर्थात गुणसूत्रों के लिहाज से वे मादा कोशिकाएं थीं। इसके बाद टीम ने प्रेरित बहुसक्षम स्टेम कोशिकाओं को वे जेनेटिक संकेत दिए जो अपरिपक्व अंडा बनाने के लिए जरूरी होते हैं। जब अंडा बन गया तो उसका निषेचन शुक्राणु से करवाया गया और निषेचित अंडों को मादा चूहे के गर्भाशय में डाल दिया गया। हयाशी ने सम्मेलन में बताया कि इन निषेचित अंडों (भ्रूण) की जीवन दर बहुत कम रही - कुल 630 भ्रूण गर्भाशयों में डाले गए और उनमें से मात्र 7 का विकास पिल्लों के रूप में हो पाया। लेकिन ये 7 भलीभांति विकसित हुए और वयस्क होकर प्रजननक्षम रहे। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन हयाशी का कहना है कि अभी इसे एक चिकित्सकीय तकनीक बनने में बहुत समय लगेगा क्योंकि मनुष्य और चूहों में बहुत फर्क होते हैं। अभी यह भी देखना बाकी है कि क्या मूल कोशिका में जो एपिजेनेटिक बदलाव किए गए थे वे नर कोशिका से बने अंडों में सुरक्षित रहते हैं या नहीं। और भी कई तकनीकी अड़चनें आएंगी। बहरहाल, यदि ये अड़चनें पार कर ली जाएं, तो यह तकनीक संतानहीनता की कुछ परिस्थितियों में कारगर हो सकती है। जैसे टर्नर सिंड्रोम के मामले में जहां स्त्री के दो में से एक एक्स गुणसूत्र नहीं होता या आधा-अधूरा होता है। जापान के होकाइडो विश्वविद्यालय के जैव-नैतिकताविद तेत्सुया इशी का कहना है कि यह तकनीक पुरुष (समलैंगिक विवाहित) दंपतियों को भी संतान पैदा करने का अवसर दे सकती है। हां, उन्हें सरोगेट गर्भाशय की जरूरत तो पड़ेगी। इसके अलावा, शायद सूदूर भविष्य में अकेला पुरुष भी अपनी जैविक संतान पैदा कर सकेगा। इस संदर्भ में सिर्फ तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक मुद्दों पर विचार भी जरूरी होगा।

## सांप की कलाबाजियां



अगस्त 2019 में, कुछ शोधकर्ताओं को उत्तर-पश्चिम मलेशिया के एक विशाल चूना पत्थर पहाड़ के पास सड़क पार करता हुआ एक ड्वार्फ रीड सांप (स्यूडोरेब्डियन लॉन्गिसेप्स) दिखा। जैसे ही वे उसके पास गए तो पहले तो वह अपने बचाव के लिए हवा में ऊपर की ओर घूमा और फिर कुंडली की तरह गोल-गोल लपेटता हुआ नीचे आ गया। शोधकर्ताओं ने सांप को पकड़ लिया और उसे सड़क किनारे समतल जगह पर रख दिया। उसने यही बचाव करतब फिर कई बार दोहराया। ड्वार्फ रीड सांप दिखने में गहरे रंग का, बौना और संटी सरीखा पतला सा होता है।

यह निशाचर प्राणि है जो चट्टानों में छिप कर रहता है। शोधकर्ताओं ने इस सांप पर किए अपने अवलोकन को बायोट्रॉपिका में प्रकाशित किया है। सांपों में इस तरह की हरकत पहली बार देखी और दर्ज की गई है। हालांकि कई अन्य जानवर, जैसे पैंगोलिन और टेपुई मेंढक, भी इस तरह कुलांचे भर सकते हैं, लेकिन सरिसृपों की बात तो दूर, स्तनधारियों में भी शरीर को मरोड़ना (या बल देना) इतनी आम बात नहीं है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह सांप खतरे से जल्दी दूर भागने के लिए ऐसा करता है। उसका यह व्यवहार उसके शत्रुओं को भ्रमित भी कर सकता है और क्योंकि उसकी यह कलाबाजी रेंगकर चलने की तुलना में उसके शरीर को जमीन से कम संपर्क में रखती है तो उसे सूंघ कर हमला करने वाले शिकारी भटक जाएंगे।

# अमेरिका ने हमे टायलेट पेपर की तरह फेंका: ख्वाजा आसिफ

## पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले: अपने फायदे के लिए पाक का इस्तेमाल किया, साथ देने की कीमत आज भी चुका रहे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टायलेट पेपर की तरह फेंक दिया। पाकिस्तान रक्षा मंत्री ने कहा हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं।

इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया। आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितम्बर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इतिहास से सबक नहीं सीखा और अपने छोटे फायदे के लिए कभी अमेरिका, कभी रूस और कभी ब्रिटेन की ओर झुकता रहा। उन्होंने कहा कि अब इन देशों का यहां पहले से ज्यादा प्रभाव है, जो 30-40 साल पहले नहीं था। उन्होंने यह भी माना कि पाकिस्तान का आतंकी इतिहास रहा है। आसिफ ने कहा कि अफगानिस्तान की दो जंगों में शामिल होना पाकिस्तान की बड़ी भूल थी और आज देश में जो आतंकवाद है, वह उन्हीं गलतियों का नतीजा है। आसिफ ने कहा कि हम अपने इतिहास और गलतियों को स्वीकार नहीं करते। आज का आतंकवाद उन्हीं डिक्टेटरों की गलतियों का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। ख्वाजा आसिफ ने यह भी दावा किया कि इन जंगो को सही ठहराने के लिए पाकिस्तान की एजुकेशन सिस्टम में जानबूझकर बदलाव किए गए। उनके मुताबिक, यह बदलाव आज भी सिस्टम में मौजूद हैं। उन्होंने साल 2000 में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की इस्लामाबाद की कुछ घंटों की यात्रा का जिक्र किया। क्लिंटन भारत दौरे के बाद थोड़े समय के लिए पाकिस्तान आए थे। आसिफ ने कहा कि इससे साफ दिखता है कि दोनों देशों का रिश्ता सिर्फ मतलब तक सीमित हो गया था। उस समय अमेरिका ने सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ पर लोकतंत्र, परमाणु प्रसार और आतंकवाद को लेकर दबाव डाला था। 2000 में पाकिस्तान का प्रधानमंत्री कोई नहीं था, क्योंकि उस समय देश में सैन्य शासन चल रहा था। नवम्बर 1997 से अक्टूबर 1999 तक नवाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे। 12 अक्टूबर 1999 को जनरल परवेज मुशर्रफ ने तख्तापलट करके नवाज शरीफ की सरकार को हटा दिया और खुद चीफ एक्जीक्यूटिव बन गए। 1999 के बाद से 2002 तक पाकिस्तान में कोई निर्वाचित प्रधानमंत्री नहीं था। मुशर्रफ ने सत्ता संभाली और 2002 में चुनाव करवाए, जिसके बाद जफरुल्लाह खान जमाली प्रधानमंत्री बने। यह बयान उस समय आया जब संसद ने इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में हुए हमले के खिलाफ निंदा का प्रस्ताव पास किया। 6 फरवरी को नमाज के दौरान हुए इस आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत हो गई और 169 लोग घायल हुए।



■ आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए



अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर की अरु घाटी में 'हिम उत्सव' के दौरान कपड़ों का स्टॉल लगाते विक्रेता।

### राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना ताजमहल का दीदार करने के लिए पहुंचीं आगरा

**आगरा।** थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना बुधवार को ताजमहल का दीदार करने के लिए आगरा पहुंचीं। सुबह करीब आठ बजे डेलिगेशन के साथ ताजमहल में पहुंचीं और ताजमहल में करीब डेढ़ घंटे तक रहीं। इस मौके पर उन्होंने फोटो शूट भी कराया। गाइड से ताजमहल के इतिहास के बारे में जानकारी ली। ताजमहल देखने के बाद आगरा किला भी गईं। भारी सुरक्षा के बीच आगरा का दौरा किया। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना के दौरा निजी था। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना एक दिन पहले विशेष विमान से आगरा पहुंच गईं थी और एक होटल में रात्रि विश्राम किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### फिलीपींस में जहाज डूबने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 52 हुई

**फिलीपींस।** फिलीपींस के बेसिलन प्रांत के पास यात्री-मालवाहक जहाज 'त्रिशा कर्स्टिन 3' के डूबने से कम से कम 52 लोगों की मौत हो गई है। फिलीपीन कोस्ट गार्ड (पीसीजी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पीसीजी ने तकनीकी गोताखोर टीमों के चल रहे प्रयासों का हवाला देते हुए बताया कि गोताखोरों ने मंगलवार तड़के बालुक-बालुक द्वीप के पास खोज और बचाव अभियान के दौरान एक और शव बरामद किया, जिससे मरने वालों की कुल संख्या 52 हो गई है। कुल मिलाकर 316 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बचाव दल अभी भी शेष पीड़ितों की तलाश में जुटे हैं।

### वशिष्ठ अनूप ने दुबई और शारजाह में फहराया हिन्दी ग़ज़ल का परचम

**वाराणसी।** लोकप्रिय ग़ज़लकार तथा काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ अनूप ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय काव्य समारोह 'द पोएटिक हार्ट' के 15वें संस्करण में हिन्दी कविता का प्रतिनिधित्व किया। दुबई में आयोजित इस समारोह में ग्यारह विभिन्न भाषाओं के कवियों ने काव्यपाठ किया।

### कश्मीर में पिछले 24 घंटे में हल्की से मध्यम बर्फबारी एवं बारिश

**श्रीनगर।** पिछले 24 घंटों के दौरान कश्मीर में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि गुलमर्ग केंद्र शासित प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में बुधवार सुबह समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान कश्मीर संभाग में सबसे अधिक 22.2 मिलीमीटर (मिमी) बारिश भी दर्ज की गई। श्रीनगर में 1.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि दक्षिण कश्मीर के पहाड़ी रिसॉर्ट पहलगाम में 8.8 मिमी बारिश हुई।

# अमेरिका ने हटाया इंडियन मैप वाला पोस्ट

## नक्शे में पीओके-अक्साई चिन को भारत का हिस्सा दिखाया था, पाक-चीन से तनाव की अटकलें लगी थीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) को भारत का हिस्सा दिखाने वाला पोस्ट डिलीट कर दिया है। यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) ने 7 फरवरी को भारत-अमेरिका के बीच हुए ट्रेड एग्रीमेंट के बाद किए गए पोस्ट में इंडियन मैप शेयर किया था। जारी होने के बाद यह नक्शा चर्चा में आ गया था। अब तक अमेरिकी एजेंसियां इंडियन मैप में पीओके और अक्साई चिन को विवादित इलाके के तौर पर अलग रंग या डाटेड लाइन्स से दिखाती थी। हालांकि, इस पोस्ट में ऐसा कोई निशान या लाइन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र को भारत का अभिन्न हिस्सा दिखाया गया था।

इस बदलाव के बाद कई एक्सपर्ट का कहना था कि पाकिस्तान और चीन के साथ अमेरिका के रिश्तों में तनाव के बीच यह कदम भारत के समर्थन का संकेत हो सकता है। वहीं, कुछ लोगों ने इसे गलती से जारी हुआ बताया। इन तमाम अटकलों के बीच अब यूएसटीआर ने यह पोस्ट हटा दिया है। हालांकि, इस पर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अमेरिकी ट्रेड आफिस ने यह इंडियन मैप अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ पोस्ट किया था, जिसे अब हटा दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। यह 1947 से चला आ रहा है और दोनों देशों के बीच युद्ध, तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है। 1 भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। 1947-48 में पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध-पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट आफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन आफ कंट्रोल-एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है। भारत का दावा-भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है, क्योंकि महाराजा ने भारत में विलय किया था। 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। भारत पीओके को अवैध कब्जा मानता है और इसे वापस लेने की बात करता है। पाकिस्तान का दावा-पाकिस्तान कहता है कि कश्मीर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, इसलिए वह पाकिस्तान का हिस्सा होना चाहिए।

पाकिस्तान पीओके को आजाद कश्मीर कहता है और वहां अपनी तरह की सरकार चलाता है। पाकिस्तान यूएन के पुराने प्रस्तावों का हवाला देता है, जिसमें कश्मीरियों को जनमत संग्रह का अधिकार देने की बात थी। अमेरिका के मैप शेयर करने से पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 5 फरवरी को बयान जारी कर कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा। शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था। शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फारेन पालिसी का आधार है।



■ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस ने यह इंडियन मैप अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के ऐलान के साथ पोस्ट किया था, जिसे अब हटा दिया गया है

### 'वायु शक्ति अभ्यास' में प्रमुख भूमिका में नजर आएगा स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** पिछले वर्ष दुबई एयर शो में करतबबाजी के दौरान भीषण दुर्घटना का शिकार हुआ वायु सेना का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए एक बार फिर आगामी अभ्यास 'वायु शक्ति 2026' में प्रमुख भूमिका में नजर आएगा। तेजस विमान की इस दुर्घटना में पायलट की भी मौत हो गई थी। वायु सेना का यह व्यापक शक्ति प्रदर्शन 27 फरवरी को राजस्थान के जैसलमेर के पास पोखरण फायलरग रेंज में होगा। सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित तेजस मार्क-1ए इस अभ्यास में हवाई ड्रिल और युद्ध प्रदर्शन में भाग लेगा।

# गुयाना के मंत्री ने हिंदी में दिया भाषण, वीडियो वायरल

**जार्जटाउन।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना की संसद में भारतीय मूल के मंत्री विकाश रामकिसून का हिंदी में दिया गया भाषण सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। संसद सत्र के दौरान उन्होंने विपक्ष के उस दावे का जवाब हिंदी में दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें हिंदी नहीं आती।

विपक्षी सांसद विष्णु पांडेय ने सदन में टिप्पणी की कि विकाश रामकिसून को हिंदी का एक शब्द भी नहीं आता। इस पर रामकिसून ने स्पीकर से अनुमति ली और कहा कि वे इसी मुद्दे पर हिंदी में जवाब देना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने हिंदी में बोलते हुए विपक्षी सांसद को खुली चुनौती दी। रामकिसून ने कहा कि मैं अभी इसी वक्त उन्हें चुनौती देता हूं कि किसी भी स्तर पर, किसी भी जगह पर, विषय वे तय करें और मैं बिना कागज देखे हिंदी में बहस करूंगा। मंत्री विकाश रामकिसून के भाषण का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोग देख और शेयर कर रहे हैं। यह वीडियो भारत के उच्चायोग की ओर से गुयाना की राजधानी जार्जटाउन से एक्स पर पोस्ट किया गया था। इसके बाद यह तेजी से वायरल हो गया और भारत समेत कई देशों में लोग मंत्री की हिंदी की तारीफ कर रहे हैं।



■ विकाश रामकिसून ने विपक्ष को चुनौती दी, बोले: मैं बिना कागज के हिंदी में बहस को तैयार

सोशल मीडिया यूजर्स ने लिखा कि हिंदी को लेकर उठाया गया सवाल अनावश्यक था और मंत्री ने बिना किसी नोट्स के हिंदी में जवाब देकर अपनी भाषा की पकड़ साबित कर दी। विकाश रामकिसून वर्तमान में गुयाना के कृषि मंत्रालय में मंत्री हैं। वे पहले संसद में कृषि मंत्रालय के संसदीय सचिव भी रह चुके हैं। बनाया गया था। गुयाना में भारतीय मूल की आबादी बड़ी संख्या में रहती है। कुल आबादी का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा भारतीय मूल के लोगों का है। यह किसी भी लैटिन अमेरिकी देश में भारतीय प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है। गुयाना में भारतीयों की मौजूदगी की शुरुआत 5 मई 1838 से मानी जाती है। इस दिन भारत से 396 गिरमिटिया मजदूरों को ब्रिटिश गुयाना लाया गया था।

## कनाडा के कोलंबिया प्रांत में गोलीबारी, 10 की मौत, 25 घायल

**वैंकूवर।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज में एक उच्च विद्यालय और पास के एक घर में हुई गोलीबारी में संदिग्ध शूटर समेत 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि 25 अन्य लोग घायल हुए हैं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने बताया कि अधिकारियों ने स्थानीय समय के अनुसार अपराह्न करीब 1:20 बजे टम्बलर रिज माध्यमिक विद्यालय में गोलीबारी की सूचना पर कार्रवाई की।

विद्यालय में छह लोग मृत पाए गए, जबकि एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय में मृत्यु हुई। वहीं, दो और पीड़ित एक घर से मिले, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह इस घटना से जुड़ा है। आरसीएमपी ने कहा कि संदिग्ध शूटर भी मरा मृत पाया गया। शायद उसने खुद को गोली मार ली होगी। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कोई और संदिग्ध फरार नहीं है। लगभग 25 लोग घायल हुए, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल ले जाया गया, जबकि दूसरों का इलाज स्थानीय स्तर पर किया गया। आरसीएमपी ने कहा कि सभी विद्यार्थी और कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। गौरतलब है कि रॉकी माउंटेन्स की तलहटी में बसे टम्बलर रिज की आबादी लगभग 2400 है। ब्रिटिश कोलंबिया के प्रधानमंत्री डेविड एबी ने इस घटना पर दुख जताया है।

■ आरसीएमपी ने कहा: संदिग्ध शूटर भी मरा मृत पाया गया

## ब्रिक्स, एससीओ आम सहमति से काम करते हैं: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ज्यादातर मामलों में सर्वसम्मति के आधार पर फैसले करते हैं, जबकि नाटो के फैसले अमेरिका पर निर्भर करते हैं। लावरोव ने रूस के एक यूट्यूब चैनल एमपाशिया मनुची प्रोजेक्ट के साथ बातचीत में कहा कि ज्यादातर मामलों में अंतर्राष्ट्रीय समझौतों का पालन किया जाता है। जब बात हमारे पश्चिमी साथियों की हो तब नहीं, बल्कि जब उन प्रतिनिधियों की होती है जिन्हें हम वैश्विक बहुमत कहते हैं, (जैसे) ब्रिक्स, एससीओ, और सोवियत के बाद वाले सीएसटीओ, ईएईयू, और सीआईएस। इन ढांचों में आम सहमति ज्यादातर बनी रहती है।

# अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में सैन्य तैनाती बढ़ाई

## ईरान से तनाव के बीच मिसाइलों को ट्रकों पर तैनात किया, सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ अहम खुलासा

**वाशिंगटन।** ईरान से बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ा दी है। सैटेलाइट तस्वीरों में सामने आया है कि कतर के अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसाइल सिस्टम को स्थायी लान्चर की जगह ट्रकों पर तैनात किया गया है।

रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक तस्वीरों में अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या बढ़ती भी दिख रही है। यह बदलाव जनवरी के बाद क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हुआ है। फोरेंसिक इमेजरी एनालिस्ट विलियम गुडहाइंड के मुताबिक, जनवरी की तुलना में फरवरी की सैटेलाइट तस्वीरों में क्षेत्र में सैन्य गतिविधि बढ़ी दिखती है। उन्होंने बताया कि फरवरी की शुरुआत में अल-उदीद बेस पर पैट्रियट मिसाइलें एम983 एमईएमटीटी ट्रकों पर लगी नजर आईं। उनके अनुसार, मिसाइलों को ट्रकों पर रखने से उन्हें जल्दी एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है या हमले की स्थिति में नई पोजिशन पर तैनात किया जा सकता है। कतर के अल-उदीद बेस पर फरवरी की तस्वीर में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम ट्रकों पर तैनात नजर आ रहा है। कतर के अल-उदीद बेस पर 1 फरवरी की तस्वीरों में एक आरसी-135 रीकानिसेंस विमान, तीन सी-130 हरक्यूलिस, 18 केसी-135 स्ट्रैटो टैंकर और सात सी-17 विमान दिखे। 17 जनवरी की तस्वीरों में यहां 14 स्ट्रैटो टैंकर और दो सी-17 थे। यानी कुछ ही हफ्तों में टैंकर और ट्रांसपोर्ट विमानों की संख्या बढ़ी है। इसके अलावा, अधिकतम 10 एमआईएम-104 पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम एचईएमटीटी ट्रकों पर खड़े दिखाई दिए। फरवरी में सामने आई तस्वीरों में अमेरिका ने अल-उदीद बेस विमानों की संख्या भी बढ़ाई। जार्डन के मुवाफ्फक बेस पर 2 फरवरी की तस्वीरों में 17 एफ-15ई स्ट्राइक विमान, 8 ए-10 थंडरबोल्ट, चार सी-130 और चार हेलीकॉप्टर नजर आए। उसी बेस की दूसरी लोकेशन पर 2 फरवरी को एक सी-17, एक सी-130 और चार ईए-18जी ग्रोलर इलेक्ट्रानिक वारफेयर विमान दिखे। 25 जनवरी की तस्वीरों में वहां कोई विमान नजर नहीं आया था। सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान बेस पर 2 फरवरी को एक सी-5 गैलेक्सी और एक सी-17 विमान दिखाई दिए। 6 दिसम्बर की तस्वीरों में यहां पांच विमान थे, जो सी-130 जैसे दिख रहे थे।



■ रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक तस्वीरों में अलग-अलग बेस पर विमानों और सैन्य उपकरणों की संख्या बढ़ती भी दिख रही है

# बांग्लादेश में शेख हसीना की सीट पर हिंदू उम्मीदवार

## बीएनपी उम्मीदवार को दे रहे कड़ी टक्कर, कल वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह

**ढाका।** बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पारंपरिक सीट गोपालगंज-3 पर मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। यहां बीएनपी के उम्मीदवार एसएम जिलानी को दो हिंदू उम्मीदवार कड़ी टक्कर दे रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार गोविंद चंद्र प्रमाणिक और गणो फोरम के दुलाल चंद्र विश्वास को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। गोपालगंज-3 सीट में टुंगीपाड़ा और कोटालिपाड़ा इलाके आते हैं।

टुंगीपाड़ा में करीब 26 प्रतिशत और कोटालिपाड़ा में 47 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू आबादी है। यह इलाका शेख मुजीबुर रहमान की जन्मस्थली है और लंबे समय से अवामी लीग का गढ़ माना जाता रहा है। गोविंद चंद्र प्रमाणिक का कहना है कि उन्हें लोगों से अच्छा समर्थन मिल रहा है। वहीं एक 23 साल के युवक ने कहा कि अगर वोट नहीं दिया तो हमला या केस हो सकता है। उसने कहा कि वोट तो देंगे, लेकिन शायद इस बार बीएनपी को वोट दें। बांग्लादेश में 12 फरवरी को वोटिंग और संविधान सुधारों पर जनमत संग्रह होना है। गोविंद चंद्र प्रमाणिक जिस गोपालगंज-3 सीट से चुनाव लड़ रहे हैं वहां 50 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू मतदाता हैं। बीएनपी ने भी कई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। उसके 80 हिंदू उम्मीदवारों में से ढाका-1 सीट से गोयेश्वर चंद्र राय को मजबूत माना जा रहा है। मगुरा में निताई राय चौधरी के सामने कोई बड़ा प्रतिद्वंद्वी नहीं है। बागेरहाट-1 सीट जो पहले अवामी लीग का गढ़ रही है, वहां बीएनपी के कपिल कृष्ण मंडल मजबूत माने जा रहे हैं। बागेरहाट-4 में सोमनाथ डे भी जीत के दावेदार बताए जा रहे हैं। जमात-ए-इस्लामी ने भी पहली बार किसी हिंदू उम्मीदवार को टिकट दिया है। पार्टी ने खुलना-1 सीट से कृष्णा नंदी को मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला बीएनपी के आमिर एजाज खान और सीपीबी के किशोर कुमार राय से है। कृष्णा नंदी अपने सरल और मजाकिया अंदाज के कारण सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। गोपालगंज और खुलना के अलावा बागेरहाट, बरीसाल, पिरोजपुर, मगुरा, जेसोर और दिनाजपुर जिलों में भी हिंदू आबादी अच्छी खासी है। लेकिन बरीसाल, पिरोजपुर, जेसोर और दिनाजपुर में इस बार बड़ी पार्टियों ने हिंदू उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। बरीसाल-5 सीट से डेमोक्रेटिक यूनाइटेड फ्रंट की डा. मोनिषा चक्रवर्ती चर्चा में हैं। बरीसाल-2 से गणो अधिकार परिषद के रंजीत कुमार बरोई चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन उनकी जीत की संभावना कम मानी जा रही है। पिरोजपुर में कोई अल्पसंख्यक उम्मीदवार मैदान में नहीं है। जेसोर-4 से बीएमजेपी के सुकृति कुमार मंडल चुनाव लड़ रहे हैं।



■ टुंगीपाड़ा में करीब 26 प्रतिशत और कोटालिपाड़ा में 47 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू आबादी है, यह इलाका शेख मुजीबुर रहमान की जन्मस्थली है

